CMYK

अधिकतम :33°C न्यूनतम: 20°C
तापमान

सेंसेक्स 79,454.47
निफ्टी 24,008.00

सोना 99,495
चांदी 99,000

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुरादाबाद, सोमवार 12 मई 2025 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 22 अंक 272 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com बैसाख शुक्ल पक्ष 15 विक्रमी सम्वत् 2082 13 ज़ीक़ादा 1446 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित

## आतंकी ढांचे पर कार्रवाई जरूरी थी: डोभाल

**नई दिल्ली/बीजिंग।** राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने शनिवार रात चीन की कम्युनिस्ट पार्टी की केंद्रीय समिति के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य एवं विदेश मंत्री वांग ई से टेलीफोन पर बात की और कहा कि पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद आतंकी ढांचे पर कार्रवाई करना जरूरी थी, लेकिन युद्ध करना भारत का चयन नहीं है। सूत्रों के अनुसार श्री डोभाल ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में बड़ी संख्या में भारतीय हताहत हुए हैं। उन्होंने कहा कि भारत को आतंकवाद विरोधी कार्रवाई करने की आवश्यकता थी। उन्होंने कहा कि युद्ध भारतीय पक्ष का चुनाव नहीं है और यह दोनों पक्षों के हित में नहीं है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने सैन्य कार्रवाई रोकने की पहल की है और भारत ने इसे स्वीकार किया है। उम्मीद है कि जल्द से जल्द क्षेत्रीय शांति और स्थिरता बहाल होगी।

## जनरल द्विवेदी ने सैन्य कमांडरों के साथ स्थिति की समीक्षा की

**नई दिल्ली।** सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने पाकिस्तानी सेनाओं द्वारा शनिवार रात को संघर्ष विराम और हवाई क्षेत्र के उल्लंघन के मद्देनजर पश्चिमी सीमाओं के सेना कमांडरों के साथ सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की। सेना ने रविवार को बताया कि सेना प्रमुख ने दोनों देशों के सैन्य संचालन महानिदेशकों के बीच सैन्य कार्रवाई रोकने के लिए शनिवार को बनी सहमति के किसी भी उल्लंघन पर क्षेत्र में जवाबी कार्रवाई के लिए सेना कमांडरों को पूर्ण अधिकार प्रदान किए हैं। उन्होंने सैन्य कमांडरों को पाकिस्तान के किसी भी दुस्साहस का मुंह तोड़ जवाब देने के लिए भी कहा है। पाकिस्तान सेना ने शनिवार शाम दोनों देशों की सेनाओं के बीच बनी सहमति के बावजूद जम्मू-कश्मीर, गुजरात और अन्य क्षेत्रों में भारतीय ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की।

## अमृतसर हाई अलर्ट पर, जालंधर में स्थिति सामान्य

**जालंधर।** पाकिस्तान के संघर्ष विराम का उल्लंघन करने के पश्चात पाकिस्तानी ड्रोन की गतिविधियों को देखते हुए पंजाब के जिला अमृतसर को हाई अलर्ट पर रखा गया है, जबकि जालंधर को छोड़ कर बाकि अधिकांश जिलों में ब्लैकआउट रहा। अमृतसर के उपायुक्त द्वारा सुबह 5.24 बजे जारी एक बयान में कहा कि शहर अभी भी 'हाई अलर्ट' पर है। उन्होंने कहा कि हमने आपकी सुविधा के लिए बिजली आपूर्ति बहाल कर दी है, लेकिन हम अभी भी हाई अलर्ट पर हैं। अब सायरन बजेगा, जो इस अलर्ट का संकेत देगा। कृपया अपने घर से बाहर न निकलें, घर के अंदर रहें और खिड़की से दूर रहें। उन्होंने कहा कि घबराए नहीं और निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा कि 'जब हमें हरी झंडी मिलेगी, तो हम आपको सूचित करेंगे। कृपया अनुपालन सुनिश्चित करें और घबराएं नहीं'। इससे पहले, सुबह करीब 4:39 बजे उन्होंने लोगों को लाइट बंद रखने और खिड़कियों, बालकनियों, सड़कों और छतों से दूर रहने की सलाह दी थी।



### परमाणु अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा ईरान

विस्तृत खबर देश-विदेश पर



### 16 मई से फिर शुरू हो सकता है आईपीएल

विस्तृत खबर खेल टाइम्स पर

# अभी खत्म नहीं हुआ ऑपरेशन सिंदूर

# गोली का जवाब गोले से देंगे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी ने तीनों सेनाओं और सुरक्षा बलों को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वहां से गोली चलेगी, यहां से गोला चलेगा। यानी अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा। पाकिस्तान को यह समझना होगा कि अब पुराने तरीके से काम नहीं चलेगा।

वहीं न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी ने अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस से साफ कहा था कि अगर पाकिस्तान कुछ करता है, तो जवाब और भी विनाशकारी और कड़ा होगा। उसी रात



**पीएम मोदी का सेना को सख्त निर्देश, अब भारत रक्षात्मक नहीं रहेगा, बल्कि आक्रामक नीति अपनाएगा**

पाकिस्तान ने 26 ठिकानों पर हमला किया और भारत ने इस पर जोरदार जवाबी कार्रवाई की। भारत और पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के बीच सरकारी सूत्रों ने साफ कर दिया है कि 'ऑपरेशन सिंदूर' अब भी जारी है। यह कोई एक दिन की कार्रवाई नहीं थी, बल्कि अब इसे भारत-पाक रिश्तों का नया दौर कहा जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, यह स्थिति अब स्थायी रूप से बनी रहेगी और दुनिया को इसे नए सामान्य की तरह स्वीकार करना होगा। सूत्रों का कहना है कि, भारत और पाकिस्तान के बीच कोई राजनयिक वार्ता फिलहाल नहीं हो रही है। सिर्फ दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों डीजीएमओ के बीच संपर्क हुआ है, ताकि सीमा पर स्थिति को संभाला जा सके। इसके साथ ही भारत का संदेश बिल्कुल साफ है, अब अगर पाकिस्तान गोली चलाएगा, तो भारत दोगुनी ताकत से जवाब देगा। और जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता, तब तक कोई भी बातचीत, मेल-मिलाप या समझौता संभव नहीं है। यह ऑपरेशन भारत की तरफ से आतंकवाद के खिलाफ शुरू की गई एक बड़ी सैन्य मुहिम है। इसका मकसद न सिर्फ सीमा पार आतंकियों के ठिकानों को तबाह करना है, बल्कि पाकिस्तान को यह संदेश देना भी है कि अब भारत हर हमले का जवाब तुरंत और तगड़ा देगा।

### पीओके की वापसी ही एकमात्र मुद्दा, कश्मीर पर क्लीयर मैसेज


**नई दिल्ली।** सीजफायर के बाद पीओके को लेकर भारत ने बड़ा बयान दिया है। सूत्रों के मुताबिक, भारत ने कहा है कि कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है। अब केवल एक ही मुद्दा बचा है। पीआके को वापस करना। इसके अलावा और कोई बात नहीं है। अगर वे आतंकियों को सौंपने की बात करते हैं, तो हम बात कर सकते हैं। हम किसी और विषय पर बात नहीं करना चाहते हैं। हम नहीं चाहते कि कोई मध्यस्थता करे। हमें किसी की मध्यस्थता की जरूरत नहीं है।

# रावलपिंडी ने सुनी भारतीय सेना की धमक

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र की राजधानी लखनऊ रविवार को रक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनी। यहां उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन इकाई का शुभारंभ हुआ। समारोह में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह डिजिटल माध्यम से दिल्ली से जुड़े।

उन्होंने सीएम योगी आदित्यनाथ के साथ इस परियोजना का उद्घाटन किया। यह कदम रक्षा क्षेत्र में देश की आत्मनिर्भरता को मजबूत और भारत-पाकिस्तान के बीच चल रहे तनावपूर्ण हालात में सामरिक शक्ति को नई धार देने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। इस मौके पर रक्षा मंत्री ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं थी। बल्कि, आतंकवाद से लड़ने के लिए भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक थी। ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारतीय सेना ने उन आतंकवादियों को सजा दी, जिन्होंने कई परिवारों के सिंदूर को मिटा दिया। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ढांचों को नष्ट करने के लिए सात मई की सुबह ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया गया था। पाकिस्तानी हमलों के बाद -शेष पृष्ठ दो पर





**ऑपरेशन सिंदूर सैन्य कार्रवाई ही नहीं, आतंक से लड़ने को भारत की राजनीतिक, सामाजिक और रणनीतिक इच्छाशक्ति का प्रतीक थी: रक्षा मंत्री**

**उप्र डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर के लखनऊ नोड पर दुनिया की सबसे विध्वंसक सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल ब्रह्मोस के उत्पादन इकाई का शुभारंभ**

### ब्रह्मोस की मारक क्षमता 290 -400 किमी और गति मैक 2.8, ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना

**लखनऊ।** लखनऊ नोड पर स्थापित ब्रह्मोस प्रोडक्शन यूनिट 300 करोड़ रुपये से तैयार की गई है। इसके लिए प्रदेश सरकार ने 80 हेक्टेयर जमीन नि:शुल्क उपलब्ध कराई थी। इसका निर्माण मात्र साढ़े तीन वर्षों में पूरा हुआ। ब्रह्मोस मिसाइल भारत और रूस के संयुक्त उद्यम का परिणाम है। इसकी मारक क्षमता 290-400 किलोमीटर और गति मैक 2.8 (ध्वनि की गति से लगभग तीन गुना) है। यह मिसाइल जमीन, हवा, और समुद्र से लॉन्च की जा सकती है। यह 'फायर एंड फॉरगेट' सिद्धांत पर काम करती है। इससे यह दुश्मन के रडार से बचकर सटीक निशाना लगा सकती है।

## सीजफायर के बाद मोदी ने दो घंटे तक की हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर के बाद हालात नॉर्मल है। इस बीच दिल्ली में बैठकों का दौर भी जारी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर और सेना के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक की है।

पीएम की अध्यक्षता वाली ये बैठक करीब 2 घंटे तक चली, जिसमें नेताओं से हर क्षेत्र के मौजूदा हालात की रिपोर्ट ली गई। इसके अलावा शनिवार रात हुए सीजफायर उल्लंघन पर भी चर्चा की गई है। भारत-पाकिस्तान सीजफायर के बाद ये पहली बड़ी बैठक है, जिसमें तीनों सेनाओं के प्रमुख और सीडीएस शामिल हुए। इसमें मौजूदा हालात और आगे की कार्रवाई के बारे में चर्चा की गई है। इसी मीटिंग के दौरान एयरफोर्स ने साफ किया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी भी जारी है। भारत-पाकिस्तान तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार बैठक कर रहे हैं। इसके साथ ही कई दिशा-निर्देश भी दे रहे हैं। बैठक में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल, प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान और सेना के तीनों अंगों के प्रमुख शामिल हुए।

**डोभाल समेत तीनों सेना प्रमुख रहे मौजूद**

## ऑपरेशन में 100 से ज्यादा आतंकी व 35-40 पाकिस्तानी सैनिक भी मरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर के बाद रविवार शाम को तीनों सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर पर प्रेस कॉन्फ्रेंस की।

इस दौरान डीजीएमओ राजीव घई ने कई बातें कहीं। घई ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का लक्ष्य आतंक का खात्मा था। हमने आतंकियों के ठिकानों पर वार किया। 100 से ज्यादा आतंकी मारे गए। बहावलपुर और मुरीदके हमारे टारगेट पर थे। सेना ने सिर्फ आतंकी ठिकानों पर टारगेट किया। डीजीएमओ राजीव घई ने कहा कि 8-9 मई की रात को पाकिस्तान ने सीमाओं के पार हमारे हवाई क्षेत्र में ड्रोन और विमान उड़ाए। हमने पाक के सभी ड्रोन मार गिराए। पाकिस्तान ने सीजफायर का वादा तोड़ा। उन्होंने -शेष पृष्ठ दो पर



**बॉर्डर व एलओसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में पांच भारतीय जवान हुए शहीद**

## पाक स्थित हैंडलर को सेना की संवेदनशील जानकारी लीक

चंडीगढ़, वार्ता

**पंजाब में मलेरकोटला** पुलिस ने भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने रविवार को बताया कि नई दिल्ली स्थित उच्चायोग में तैनात एक पाकिस्तानी अधिकारी से जुड़ी जासूसी गतिविधियों में कथित संलिप्तता के लिए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि पहले विश्वसनीय खुफिया जानकारी के आधार पर, एक संदिग्ध को भारतीय सेना की गतिविधियों के बारे में संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान स्थित हैंडलर को लीक करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा किए गए खुलासे के आधार पर, एक दूसरे माध्यम की भी पहचान की गई और उसे हिरासत में ले लिया गया। डीजीपी ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चलता है कि आरोपी गोपनीय जानकारी के बदले ऑनलाइन लेनदेन के माध्यम से भुगतान प्राप्त कर रहे थे। वे हैंडलर के साथ लगातार संपर्क में थे और उसके निर्देशों के अनुसार अन्य स्थानीय गुर्गों को धन मुहैया कराने में शामिल थे। उनके पास से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं ।यह ऑपरेशन सीमा पार जासूसी नेटवर्क को खत्म करने में एक महत्वपूर्ण कदम है और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। डीजीपी यादव ने कहा कि इस संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कर वित्तीय लेनदेन और नेटवर्क के भीतर अतिरिक्त गुर्गों और संबंधों की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित करते हुए, स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार आगे की जांच की जाएगी।

**पुलिस ने दो लोगों को किया गिरफ्तार**

## पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से जवान शहीद

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उधमपुर एयरबेस पर संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ समय पहले एक पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से एक जवान शहीद हो गया। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यहां बताया कि ड्यूटी पर तैनात एक राजस्थानी जवान शनिवार को उधमपुर स्थित एयर बेस पर आर्मी एयर डिफेंस की ओर से सफलतापूर्वक रोके गए पाकिस्तानी ड्रोन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। बाद में उसकी मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि यह घटना भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव को समाप्त करने के लिए संघर्ष विराम की घोषणा से कुछ घंटे पहले हुई। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने झुंझुनू निवासी सुरेंद्र सिंह मोगा के रूप में शहीद हुए जवान को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## खड़गे व राहुल ने की संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम मोदी को ऑपरेशन सिंदूर से पहले एवं उसके बाद की स्थिति पर विचार के लिए संसद का विशेष सत्र तुरंत बुलाने की मांग की है।

श्री खड़गे ने प्रधानमंत्री को रविवार को लिखे पत्र में कहा है कि वह पहलगाम आतंकी हमले, ऑपरेशन सिंदूर और युद्ध विराम की घोषणाओं पर चर्चा के लिए संसद का तत्काल विशेष सत्र बुलाने के विपक्ष के सर्वसम्मत अनुरोध को दोहरा रहे हैं। उनका कहना था कि संसद में इस बात पर भी चर्चा होगी कि पहले वाशिंगटन डीसी और बाद में भारत और पाकिस्तान -शेष पृष्ठ दो पर



### राहुल गांधी ने सूबेदार मेजर पवन कुमार की शहादत पर जताया शोक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने जम्मू-कश्मीर के पुंछ क्षेत्र में नियंत्रण रेखा के पास पाकिस्तान के साथ गोलाबारी में सूबेदार मेजर पवन कुमार के शहीद होने पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए पीड़ित परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। श्री गांधी ने कहा कि पाकिस्तान के विरुद्ध युद्ध के दौरान 10 मई को जम्मू कश्मीर के पुंछ में सूबेदार मेजर पवन कुमार जी का वीर गति को प्राप्त होना अत्यंत दुखद है। उन्होंने कहा कि इस मुश्किल समय में शहीद के सभी शोकाकुल परिजनों को अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं। पूरे देश को पवन कुमार जी की देशभक्ति और सर्वोच्च बलिदान पर गर्व है।

## वायुसेना ने ऑपरेशन सिंदूर में मिले मिशन को सफलतापूर्वक पूरा किया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना ने रविवार को जोर देकर कहा कि उसने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उसे सौंपे गए कार्यों को सटीकता और व्यावसायिकता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। विशेष रूप से सोशल मीडिया में चल रही अटकलबाजियों और अफवाहें के मद्देनजर वायुसेना ने रविवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा कि यह ऑपरेशन राष्ट्रीय उद्देश्यों के अनुरूप सोच-समझकर और विवेकपूर्ण तरीके से संचालित किया गया। सेना ने कहा कि चूंकि ऑपरेशन अभी भी जारी है, इसलिए समय आने पर इस बारे में विस्तार से जानकारी दी जाएगी। वायुसेना ने सभी से अपील की है कि वह अटकलबाजी और अफवाहों से बचें और असत्यापित जानकारी का प्रसार न करें। इस ऑपरेशन के दौरान वायुसेना के प्लेटफॉर्म और उसके पायलटों के संबंध में अलग-अलग तरह की विवादास्पद जानकारियां साझा की जा रही है।

# कश्मीर मुद्दे का हल निकालने को करूंगा काम: ट्रम्प

## भारत-पाक के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने में जुटे अमेरिकी राष्ट्रपति

न्यूयॉर्क, वार्ता

**अमेरिकी राष्ट्रपति** डोनाल्ड ट्रम्प एक बार फिर भारत-पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर का श्रेय लेने में जुट गए हैं। पहले उन्होंने बीते दिन शाम पांच बजकर 37 मिनट पर दोनों देशों के बीच सीजफायर का दावा किया। इसके बाद पाकिस्तानी विदेश मंत्री और भारत के विदेश सचिव ने इसे लेकर आधिकारिक ऐलान किया। हालांकि भारत ने साफ किया कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हुआ है, इसमें किसी तीसरे पक्ष का दखल नहीं है।

ट्रम्प ने ट्रूथ सोशल पर लिखा कि मुझे भारत और पाकिस्तान के मजबूत और अडिग नेतृत्व पर बहुत गर्व है, क्योंकि उनके पास यह जानने और समझने की शक्ति, बुद्धि और धैर्य है कि वर्तमान संघर्ष को रोकने का समय आ गया है, जो कई लोगों की मौत और विनाश का कारण बन सकता था। लाखों अच्छे और निर्दोष लोग मारे जा सकते थे। आपकी विरासत आपके बहादुर काम से बहुत बढ़ गई है। मुझे गर्व है कि अमेरिका ने आपको इस ऐतिहासिक और वीरतापूर्ण निर्णय पर पहुंचाने में मदद की। अभी चर्चा नहीं हुई है, लेकिन मैं इन दोनों महान देशों के साथ व्यापार को काफी हद तक बढ़ाने जा रहा हूं। इसके अलावा मैं आप दोनों के साथ मिलकर यह देखने के लिए काम करूंगा कि क्या हजार साल के बाद कश्मीर के संबंध में कोई समाधान निकाला जा सकता है। भगवान भारत और पाकिस्तान के नेतृत्व को अच्छी तरह से किए गए काम के लिए आशीर्वाद दे। बीते दिन संघर्ष विराम की पहली सूचना ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में दी। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान संघर्षविराम पर सहमत हो गए हैं। इससे पहले अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा था कि बीते 48 घंटे में उनकी पीएम नरेंद्र मोदी और शहबाज शरीफ, एस. जयशंकर, पाकिस्तानी सेना प्रमुख असीम मुनीर और दोनों देशों के एनएसए से बातचीत हुई है।

### संघर्ष विराम के चलते नियंत्रण रेखा पर जनजीवन सामान्य

**श्रीनगर।** कश्मीर के सीमावर्ती इलाकों में जनजीवन धीरे-धीरे सामान्य हो रहा है, क्योंकि रविवार को एक पखवाड़े से अधिक समय में पहली बार नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर किसी भी सेक्टर से गोलीबारी की कोई खबर नहीं आई। भारत और पाकिस्तान ने शनिवार शाम को संघर्ष विराम पर सहमति जताई, जिससे कई दिनों से सीमा पार से हो रही भीषण गोलाबारी खत्म हो गई, जिसके कारण हजारों निवासियों को सुरक्षित क्षेत्रों में पलायन करना पड़ा था। बारामूला और कुपवाड़ा जिलों में नियंत्रण रेखा पर कई गांवों में सबसे ज्यादा नुकसान हुआ। अधिकारियों ने पुष्टि की कि कश्मीर क्षेत्र में 350 किलोमीटर लंबी नियंत्रण रेखा पर संघर्ष विराम उल्लंघन की कोई खबर नहीं है, जो बारामूला, कुपवाड़ा और बांदीपोरा जिलों से होकर गुजरती है। उरी में लोग अपने घरों और मुख्य शहर की दुकानों पर लौटने लगे हैं।



## देश के 30 राज्यों में आंधी, बारिश व तूफान की चेतावनी

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देश के 30 राज्यों में रविवार को आंधी-बारिश और तूफान की चेतावनी जारी की गई है। इस दौरान हवाएं 40 से 70 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल सकती हैं। अगले 2 दिन में अधिकतर राज्यों का तापमान 2.4 डिग्री तक बढ़ने की संभावना है।

मौसम विभाग ने बताया कि इस बार देश में मानसून तय समय से 4 दिन पहले पहुंच सकता है। दक्षिण-पश्चिम मानसून 27 मई को केरल तट से टकराएगा। आमतौर पर यह एक जून को केरल पहुंचता है। राजस्थान के कोट, भरतपुर समेत कई जिलों में बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार 30 जिलों में आंधी-बारिश की संभावना है। पूरे मध्य प्रदेश में आंधी, बारिश और गरज-चमक का अलर्ट जारी है। उत्तर प्रदेश के 20 जिलों में बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी है। वहीं, उत्तर प्रदेश के 10 से अधिक जिलों में पारा 40 के करीब पहुंच गया है। आगरा में बीते दिन 80 किमी की रफ्तार से हवाएं चलीं, कई होर्डिंग और पेड़ उखड़ गए। ओडिशा के 16 शहरों में पारा 40 डिग्री से ज्यादा रहा। सबसे ज्यादा 42.7 डिग्री संबलपुर का रहा। पश्चिम बंगाल के 5 जिलों में हीटवेव की स्थिति रह सकती है, तापमान 40.0 डिग्री पार जा सकता है।

**यूपी-राजस्थान के 50 जिलों में अलर्ट, ओडिशा-पश्चिम बंगाल में तापमान 40 डिग्री के पार**

# कांग्रेस के द्वारा शहीदों की याद में आज जलाए जाएंगे दीपक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** भारत व पाक के बीच हुए युद्ध में शहीद हुए सैनिकों व नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कल (आज) दीपक जलाए जाएंगे।

कांग्रेस के जिला अध्यक्ष हैनरीता राजीव सिंह ने बताया कि भारत व पाकिस्तान के बीच हुए युद्ध में शहीद हुए सैनिकों एवं बेगुनाह नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए कल (आज) शाम छह बजे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष दीपक जलाए जाएंगे। उन्होंने बताया

## पार्टी कार्यालय पर पहुंचने का आह्वान

कि प्रदेश अध्यक्ष के आह्वान पर आयोजित किए जा रहे श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सभी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पहुंचना है। उन्होंने बताया कि कार्यकर्ता शाम पांच बजे पार्टी कार्यालय पर एकत्र होंगे। वहां से एकत्र होकर रामलीला ग्राउण्ड स्थित राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष पहुंचेंगे और शहीद सैनिकों व बेगुनाह नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए दीपक जलाए जाएंगे। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों से समय पर पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें अपनी जिम्मेदारी निभानी है।

उन्होंने कहा कि देश व प्रदेश की जनता कांग्रेस की सरकारों को याद कर रही है। सभी के द्वारा मौजूदा हालात को देखते हुए आयरन लेडिज व पूर्व प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी को याद किया जा रहा है।

## मां के प्रति प्रेम प्रदर्शित किया

**चांदपुर।** मुस्लिम फंड बसी किरतपुर द्वारा संचालित क्रिसेंट स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में मदर्स डे का कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर अपनी माताओं के प्रति प्रेम और सम्मान व्यक्त किया। कार्यक्रम में बच्चों ने नृत्य, गीत एवं भाषण के माध्यम से मां के महत्व को दर्शाया। इस अवसर पर विद्यालय की शिक्षिकाएं फिरदौस गजला, अलीशा परवीन, इशा, रूकैया, स्वाति, प्रापी सहित समस्त शिक्षकगण मौजूद रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य नदीम बख्त, शैक्षणिक इंचार्ज शहजाद खान तथा उपप्रबंधक मरगूब अहमद ने भी माताओं के योगदान की सराहना की।

# कुकर्मी शाने आलम अरेस्ट

**बिजनौर।** अफजलगढ़ पुलिस ने ग्राम महावतपुर निवासी शाने आलम पुत्र तखावत हुसैन को किशोर से कुकर्म करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। अभियुक्त के खिलाफ धारा 137 (2) बीएनएस एवं धारा 5 (एम)/6 पॉक्सो एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया था।

गौरतलब है कि कल एक ग्राम निवासी युवक पर ग्राम के ही एक व्यक्ति ने अपने छह वर्षीय बालक को मोबाइल में गाने व फिल्म दिखाने के बहाने बहला फुसला सुनसान जगह पर ले जाकर उसके साथ कुकर्म करने का आरोप लगाया है। पीड़ित बालक के पिता साकिब (काल्पनिक नाम) ने बताया कि उसके परिवार का ही एक भतीजा घर के बाहर खेल रहा था। बालक को शुक्रवार की देर शाम आरोपी युवक बहला-फुसला कर ले गया। मोबाइल में वीडियो देखने के लालच में बालक उसके साथ चला गया। लेकिन आरोपी युवक के सिर पर शैतान सवार था। उसने एक स्थान पर ले जाकर बालक के साथ कुकर्म किया। पीड़ित बालक की हालत बिगड़ने पर रात में उसने अपनी मां को युवक के द्वारा की गई गंदी करतूत के बारे में बताया। परिजनों सहित थाने पहुंच कर आज सुबह बालक के पिता ने बालक को आरोपी के खिलाफ तहरीर सौंपी। पुलिस ने पीड़ित बालक का मेडिकल परीक्षण करा कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस पॉक्सो एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में जुट गई है। आरोपी शाने आलम (22 वर्ष) पुत्र सखावत फिलहाल पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ा है।

## एक नजर

### अफजलगढ़ में इंद्रजीत गिरफ्तार



**बिजनौर।** अफजलगढ़ थाने में वादी ने छह मई को तहरीर दी थी कि अभियुक्त इंद्रजीत उर्फ इंदिरा पुत्र सोहन सिंह निवासी टंकी के पास, बिरला फार्म उनकी 16 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने कल किशोरी को बरामद कर लिया था। साथ ही आरोपी इंद्रजीत को भी गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

### आसमान में बना अखंड भारत का नक्शा



**अफजलगढ़।** तेज बारिश के बाद आसमान में बना अखण्ड भारत का नक्शा लोगों के लिए अद्भुत और भावनात्मक दृश्य बन गया। यह दृश्य जैसे ही लोगों की नजरों में आया सोशल मीडिया पर उसकी तस्वीरे तेजी से वायरल हो गई। आसमान में बादलों की आकृति ने जैसे इतिहास और भावनाओं को एक साथ जीवंत कर दिया। बहुत से लोगों ने इसे एक शुभ संकेत माना और इसे भारत की सांस्कृतिक एकता और अखण्डता का प्रतीक बताया। कुछ ने इसे ईश्वर की ओर से एक संदेश बताा कि आने वाला समय भारत की एकता, अखंडता और गौरव को और ऊंचाई देगा। ऐसे प्राकृतिक दृश्य न केवल अद्भूत होते हैं बल्कि लोगों की सोच, भावना और एकाग्रता को भी नया आश्रम देते हैं। आसमान में बना यह दृश्य लम्बे समय तक लोगों की स्मृतियों में बस रहेगा।

### विद्या मंदिर में छात्र संसद का गठन




**किरतपुर।** संसार सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज छितावर में मतदान के माध्यम से छात्र संसद का गठन हुआ। मतदान के प्रति भैया बहनों में विशेष उत्साह रहा। फिर मतगणना सम्पन्न कराई गई। तत्पश्चात छात्र संसद के विजयी प्रत्याशियों की घोषणा की गई, जिसमें प्रधानमंत्री कक्षा द्वादश की बहन सुहानी चौधरी, सेनापति कक्षा नवम के भैया हर्षित पाल तथा अध्यक्षा कक्षा एकादशी की बहन वर्णिका चौधरी बनी। प्रधानाचार्य महिपाल सिंह ने सभी पदाधिकारी भैया बहनों को विभागों की विस्तार से जानकारी दी और पद की गरिमा बनाए रखने का आह्वान करते हुए उन्हें पद के कर्तव्य निर्वहन करने की शपथ दिलाई।

### फरार शकील उर्फ बूचा गिरफ्तार

**कोतवाली देहात।** संरक्षित पशुओं के वध करने के मामले में फरार चल रहे अभियुक्त को पुलिस ने धर दबौचा। आरोपी का संबंधित धाराओं में चालान कर दिया गया है। आठ मई की रात्रि पुलिस मुठभेड़ में संरक्षित पशु का वध करने के आरोपी मोबीन उर्फ मोमिन तथा नबील निवासी ग्राम सराय डंडूबर को पुलिस ने मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया था । उनके पास से संरक्षित पशु के अवशेष, अवैध शस्त्र तथा पशु वध करने के उपकरण बरामद किए गए थे। उनका एक साथी शकील उर्फ बूचा फरार हो गया था। पुलिस ने फरार आरोपी शकील उर्फ बूचा को धर दबोचा। पुलिस ने शकील उर्फ बूचा का संबंधित धाराओं में चालान कर न्यायालय के समक्ष पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने आरोपी के पास से एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध विभिन्न थानों में दस मुकदमें दर्ज हैं।

### चांदपुर में लईक गिरफ्तार

**बिजनौर।** चांदपुर पुलिस ने ग्राम हातमपुर उर्फ शेखपुरा निवासी लईक पुत्र मकसूद को गौवध अधिनियम में गिरफ्तार किया है। उसके पास से हथियार व तारतूस भी बरामद किया गया है। इस मामले में पुलिस ने ग्राम खेड़की निवासी महजबी पत्नी मौहम्मद युसूफ को भी अन्य आरोपियों के साथ पूर्व में गिरफ्तार किया था।

# कनेक्शन धारकों के खराब मीटर नहीं बदले गए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालागढ़।** विद्युत विभाग की लापरवाही के चलते अधिकतर खराब पड़े मीटर नहीं बदले गए। जबकि इन कनेक्शन धारकों के मीटर पर अत्यधिक लोड होने के कारण ट्रंसफार्मर पर लोड बढ़ जाता हैं।

एक तरफ लोड दूसरी तरफ गर्मी के चलते ट्रंसफार्मर में खराबी एंव जलने की शिकायत आ जाती हैं। लेकिन विभाग की अनदेखी चलते अधिकतर विद्युत कनेक्शन धारकों के पास बड़ी बड़ी ऐसी एयर कंडीशनर लगी हैं। उन विद्युत धारकों की मौज रहती हैं। कि किसी कारणवश मीटर फूंक एंव जल गया सालों तक उन विद्युत धारकों के मीटर बदलने में लंबा समय लग जाता हैं। जबकि काफी दुकानों और मकानों की ऊंची ऊंची इमारतों पर काफी लोड होने के चलते विभाग में तैनात विद्युत अधिकारी कर्मचारियों से कार्य कराने में लापरवाही करते है। यही कारण है विभाग को कुछ लोगों के चलते नुकसान उठाना पड़ता हैं।

जनता को परेशानी, उसके बावजूद विधुत विभाग के कानों पर जूं तक नही रेंगती है। विभाग की अनदेखी से कही जनता मोटी भारी धनराशि चुकाने के बाद भी लाइट का आनंद नही उठा पाते हैं। मोटे कारोबारी और ऊंची इमारतों वाले कही न कही फुल बिजली का लाभ लेकर कम धनराशि देकर मस्त मस्त हैं। लेकिन विद्युत विभाग नींद से जागे नही हैं।

# बढ़ते जा रहे आत्महत्याओं के मामले

## समाज में आ रहा बदलाव, चिंता का विषय

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जनपद में आत्महत्या के मामले एवं खासतौर पर युवाओं के द्वारा उठाए जा रहे खतरनाक कदम चिंता का विषय हैं। समाज में आ रहे बदलाव की वजह से इस तरह की घटनाएं हो रही हैं।

गौरतलब है कि जनपद में आत्महत्याओं के मामले अचानक ज्यादा बढ़ गए है। गर्मी का मौसम शुरू होते ही आत्महत्याओं का मौसम भी शुरू हो गया है। खासतौर पर युवाओं के द्वारा आत्महत्याएं की जा रही है। कई बार एक तरफा प्रेम की वजह से युवक आत्महत्या करने को



मजबूर हो जाते है। वह जिस युवती को अपनी पत्नी या प्रेमिका बनाना चाहते है, जब उसकी तरफ से हरी झण्डी नहीं मिलती है, तो आत्महत्या कर लेते हैं। इस तरह के मामलों में पोस्टमार्टम व पुलिस कार्रवाई से बचने के लिए परिजनों के द्वारा चुपच. ाप लाश का अंतिम संस्कार भी कर दिया जाता है। युवतियों एवं कर्म उम्र के छात्र-छात्राओं के द्वारा भी प्रेम प्रसंग को लेकर आत्महत्याएं की जा रही हैं। प्रेमियों के द्वारा इज्जत से खेलने के बाद शादी से इंकार करने पर भी युवतियों व छात्राओं के द्वारा आत्महत्याएं की जा रही हैं। कई बार ऐसा भी होता है कि जब अश्लील वीडियो व फोटो को लेकर उन्हें ब्लैकमेल किया जाता है, तो वह आत्महत्या करने के लिए मजबूर हो जाती है। हाल ही में अलीगढ़ में एक शिक्षक व कम उम्र की छात्रा के द्वारा होटल में आत्महत्या करने का मामला सामने आया था। समाज में हो रहा बदलाव चिंता का विषय है। अभिभावक अपने बच्चों पर बारीकी से नजर नहीं रखते हैं। वह उनके मोबाइलों की जांच नहीं करते हैं। यह भी नहीं देखा जाता है कि उनके बच्चे किस-किस के सम्पर्क में हैं। बाद में उन्हें इसका बड़ा खामियाजा भुगतना पड़ता है। बुद्धिजीवियों का मानना है कि संयुक्त परिवार टूटने की वजह से भी समाज का नैतिक पतन हो रहा है। समाज में अपराध बढ़ रहे है और अभिभावकों का अपने बच्चों के ऊपर से नियंत्रण खत्म हो रहा है। इसके लिए जरूरी है कि पूर्व की तरह संयुक्त परिवार में रहा जाए और बच्चों पर बारीकी से नजर रखी जाए।

## गन्ने पर मंडराया काला चिकटा कीट का खतरा

**बिजनौर।** गर्मी के दिनों में गन्ना फसल पर पायरिला के साथ चिकटा कीट का खतरा मंडराने लगा है। आयुक्त गन्ना एवं चीनी प्रमोद कुमार उपाध्याय ने वैज्ञानिकों की संयुक्त टीम से स्थलीय निरीक्षण कराया। वैज्ञानिकों के निरीक्षण में काला चिकटा का गन्ना फसल में प्रभाव दिखाई देने लगा है। गन्ना शोध परिषद के वैज्ञानिकों ने इस कीट के नियंत्रण के लिए एडवाइजरी जारी की। वैज्ञानिकों ने बताया कि काला चिकटा एक चूसक कीट है।

# लोक अदालत में 62588 वादों का निस्तारण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशानिर्देशों के अनुपालन में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बिजनौर श्री संजय कुमार सप्तम की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत के कुल 62,588 वादों का निस्तारण करते हुए रु. 6,10,660 जुर्माना धनराशि के रूप में वसूला गया एवं रु. 226334033 समझौता धनराशि दिलायी गई।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में जनपद न्यायाधीश श्री संजय कुमार सप्तम द्वारा कुल 08 वादों को चिन्हित किया गया। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय श्री पीयूष पाण्डेय द्वारा कुल 44 वादों का निस्तारण करते हुए 18,000 रुपए की समझौता धनराशि, अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय बिजनौर श्री संजय कुमार द्वितीय द्वारा कुल 12 वादों का निस्तारण करते हुए 3,10,000 रु. की समझौता धनराशि अदा करायी गई। श्रीमती किरण बाला, अध्यक्ष स्थायी लोकअदालत द्वारा चार वादों का निस्तारण करते हुए 1,21,4941 रु. की समझौता धनराशि वसूली गई। मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण श्री संजीव फौजदार द्वारा कुल 24 वादों का निस्तारण करते हुए 23,24,0000 रु. की धनराशि प्रतिकर स्वरूप पीड़ित परिवारों को दिलायी गई। अपर जनपद न्यायाधीश प्रथम श्री रामअवतार यादव द्वारा कुल 17 वादों को चिन्हित किया गया। विशेष न्यायाधीश (एससी/एसटी अधि. नियम) श्री अवधेश कुमार द्वारा कुल 01 वाद का निस्तारण कर 500 रुपए की जुर्माना धनराशि, अपर जनपद न्यायाधीश श्री प्रशांत मित्तल द्वारा कुल छह वादों का निस्तारण कर 2000 रुपए की जुर्माना धनराशि स्पेशल जज ई.सी. एक्ट श्री सुबोध सिंह द्वारा 281 वादों का निस्तारण, अपर जनपद न्यायाधीश स्पेशल पोस्सो एक्ट श्रीमती कल्पना पाण्डेय द्वारा दो वाद का निस्तारण करते हुए 1000 रुपए की जुर्माना धनराशि, अपर जनपद न्यायाधीश श्री तालेवर सिंह द्वारा कुल तीन वाद का निस्तारण किया गया। अपर जनपद न्यायाधीश (अति पोक्सो कोर्ट) श्री प्रकाश चन्द शुक्ला द्वारा तीन वाद का निस्तारण करते हुए 1500 रुपए जुर्माना धनरा. शि वसूली गई। अपर जनपद न्यायाधीश श्री निजेन्द्र कुमार द्वारा तीन वादों का निस्तारण करते हुए 10,000 रु. की जुर्माना धनराशि वसूली गई।

अपर जनपद न्यायाधीश त्वरित न्यायालय प्रथम श्री अशोक भारतेन्द्र द्वारा कुल 2 वादों का निस्तारण अपर जनपद न्यायाधीश नगीना श्री अनुपम सिंह द्वारा दो वादों का निस्तारण करते हुए 1000 रुपए की जुर्माना धनराशि वसूली गई। अपर जनपद न्यायाधीश त्वरित न्यायालय द्वितीय कु. अलका चौधरी द्वारा कुल एक वाद का निस्तारण करते हुए 500 रुपए की जुर्माना धनराशि वसूली गई।

# सड़ रही कांशीराम कॉलोनी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** स्थानीय कांशीराम कॉलोनी गंदगी की वजह से सड़ रही है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारी इस तरफ ध्यान नहीं दे रहे है।

प्राप्त समाचार के अनुसार रामलीला ग्राउंड स्थित कांशीराम कॉलोनी पूरी तरह से सड़ रही है। यहां पर जगह-जगह कूड़ा-कचरा पड़ा हुआ है। जिसमें आवारा पशु व अन्य जानवर अपने भोजन की तलाश करते रहते हैं। वह कचरा चारों तरफ फैला देते हैं। नगर पालिका के द्वारा न तो यहां पर सफाई कराई जा रही है और न ही

## सफाई व्यवस्था पूरी तरह फ्लॉप

कूड़ा उठवाया जा रहा है। नालियों में भी गंदगी भरी पड़ी हुई है। भीषण गर्मी के मौसम में यह गंदगी सड़ रही है। कांशीराम कॉलोनी में घुसते ही बदबू का सामना करना पड़ता है। मजबूरी में मुंह पर रूमाल रखना पड़ता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई-कई दिनों तक यहां पर सफाई कर्मचारी नहीं आते हैं और गंदगी फैली रहती है। शिकायत करने के बावजूद भी सफाई कार्य नहीं कराया जाता है। सिर्फ जिस दिन किसी वरिष्ठ अधिकारी को यहां पर निरीक्षण के लिए आना पड़ता है, तो उसी दिन ही सफाई कार्य कराया जाता है। नागरिकों का कहना है कि कांशीराम कॉलोनी में प्रतिदिन सफाई कार्य होना चाहिए साथ ही यहां से कूड़ा कचरा व अन्य गंदगी उठा कर निर्धारित स्थान पर डाली जानी चाहिए। नागरिकों का कहना है कि अगर सफाई व्यवस्था में सुधान नहीं किया गया, तो आंदोलन किया जाएगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**रावलपिंडी ने सुनी....** की सभी जवाबी कार्रवाई ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई। इस मौके पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि आज का दिन हमारे शहर लखनऊ, हमारे राज्य उत्तर प्रदेश और हमारे पूरे देश के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। आज का दिन उस शक्ति की आराधना का दिन है, जो हमारी सेनाओं को संबल प्रदान करती है, जो हमारी सेनाओं में निहित होकर दुश्मन पर कहर बरपाती है। आज का दिन मेरे लिए व्यक्तिगत रूप से महत्वपूर्ण है। क्योंकि मैंने अपने शहर लखनऊ के लिए एक सपना देखा था। कि, मेरा शहर, भारत के रक्षा क्षेत्र को मजबूत करने में एक बड़ा योगदान दे। वह सपना अब पूरा हो रहा है। रक्षा मंत्री ने आगे कहा कि ब्रह्मोस एकीकरण और परीक्षण सुविधा का उद्घाटन इसलिए भी महत्व रखता है, क्योंकि आज का दिन बड़ा खास है। आज राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस है। आज ही के दिन 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में हमारे वैज्ञानिकों ने पोखरण में परमाणु परीक्षण करके दुनिया को भारत की ताकत दिखाई थी। वह परीक्षण हमारे वैज्ञानिक, इंजीनियर्स, रक्षा कार्मिक और कई अन्य हितधारकों के अथक प्रयासों का परिणाम था। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय सेनाओं ने ऑपरेशन सिंदूर को पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ढांचा ढहाने के उद्देश्य से लॉन्च किया था। हमने उनके आम नागरिकों को कभी निशाना नहीं बनाया, लेकिन पाकिस्तान ने न केवल भारत के नागरिक इलाकों को निशाना बनाया, बल्कि मंदिर, गुरुद्वारा और गिरिजाघर पर भी हमले करने का प्रयास किया। भारतीय सेना ने शौर्य और पराक्रम के साथ-साथ संयम का भी परिचय देते हुए पाकिस्तान के अनेक सैन्य ठिकानों पर प्रहार करके करारा जवाब दिया है। हमने केवल सीमा से सटे सैन्य ठिकानों पर ही नहीं कार्रवाई की, बल्कि भारत की सेनाओं की धमक उस रावलपिंडी तक सुनी गई, जहां पाकिस्तानी फौज का हेडक्वार्टर मौजूद है। आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर चलते हुए हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्पष्ट कर दिया है कि यह नया भारत है जो आतंकवाद के खिलाफ सरहद के इस पार और उस पार दोनों तरफ प्रभावी कारवाई करेगा। समारोह में सीएम योगी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने टाइटेनियम एंड सुपर एलाय मैटेरियल्स प्लांट (स्ट्रैटेजिक मैटेरियल्स टेक्नोलॉजी कॉम्प्लेक्स) का भी उद्घाटन किया। यह प्लांट एयरोस्पेस और डिफेंस सेक्टर के लिए उच्च गुणवत्ता वाली सामग्रियों का उत्पादन करेगा। इनका उपयोग चंद्रयान मिशन और लड़ाकू विमानों में किया जाएगा। साथ ही ब्रह्मोस एयरोस्पेस की इंटीग्रेशन एंड टेस्टिंग फैसिलिटी परियोजना का भी लोकार्पण हुआ। ये मिसाइलों के परीक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

**ऑपरेशन...** बताया कि बॉर्डर और एलआ. ेसी पर हुई पाकिस्तानी सेना की गोलीबारी में हमारे पांच जवान शहीद हुए हैं। पाकिस्तान ने नागरिक विमान को हथियार बनाया। भारत के किसी एयरबेस को नुकसान नहीं हुआ। पाक ने श्रीनगर से कच्छ तक ड्रोन भेजे जम्मू, उधमपुर और पठानकोट एयरबेस पर पाकिस्तान ने हमला किया। राजीव घई ने कहा कि 8 और 9 मई को पाकिस्तान ने ड्रोन भेजे हैं। हम तैयार थे इसलिए कोई नुकसान नहीं हुआ। लाहौर में हमने रडार सिस्टम ध्वस्त किया। पाक के 35-40 सैनिकों की मौत हुई। डीजीएमओ राजीव घई ने कहा कि हमने 9 आतंकी ठिकानों को टारगेट किए। इसमें 100 से अधिक आतंकवादी मारे गए, जिनमें यूसुफ अजहर, अब्दुल मलिक रऊफ और मुदासिर अहमद जैसे लक्ष्य शामिल थे। भारतीय वायुसेना ने इन हमलों में अहम भूमिका निभाई और इनमें से कुछ शिविरों पर हमला किया और भारतीय नौसेना ने सटीक हथियारों के मामले में साधन उपलब्ध कराए। डीजीएमओ राजीव घई ने कहा कि अॉपरेशन सिंदूर आतंकियों के खात्मे के लिए था। हमने इस दौरान 100 से ज्यादा आतंकी मारे।

**खड़गे व राहुल...** की सरकारें संघर्ष विराम की घोषणाएं करती हैं। उन्होंने पत्र में यह भी कहा कि इससे पहले 28 अप्रैल को लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भी पहलगाम हमले को लेकर संसद का विशेष सत्र बुलाने की मांग की थी। श्री गांधी ने अपने पत्र में प्रधानमंत्री से पहलगाम हमला, ऑपरेशन सिंदूर और उसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा भारत और पाकिस्तान की घोषणा से पहले संघर्ष विराम के मुद्दे पर ट्वीट करने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया जाना चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रधानमंत्री इस आग्रह पर विचार करेंगे। गांधी ने पिछले दिनों सर्वदलीय बैठक में भी संसद का विशेष सत्र बुलाने की बात कही थी।

# संघर्ष विराम पर ट्रम्प की घोषणा करती है हैरानः कांग्रेस



■ संसद का विशेष सत्र जल्दी बुलाने की मांग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने पाकिस्तान और भारत के बीच चल रहे संघर्ष के विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा को हैरान करने वाला करार देते हुए रविवार को कहा कि दो देशों के बीच के मसले का अंतर्राष्ट्रीयकरण नहीं किया जाना चाहिए।

कांग्रेस महासचिव सचिन पायलट ने रविवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पिछले 24 घंटों में बहुत तेजी से बदले घटनाक्रम हैरान करने वाली स्थिति भी सामने आई है। यह जानकर सबको आश्चर्य हुआ कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करते हैं। पायलट ने कहा,ष्यह शायद पहली बार हुआ है, जब सीजफायर की घोषणा सोशल मीडिया के ज़रिए अमेरिका के राष्ट्रपति करते हैं। उन्होंने जो अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है, हमें उस पर भी ध्यान देना चाहिए। भारत और पाकिस्तान के बीच जो मसला है, उसका अंतर्राष्ट्रीयकरण करना बेहद आश्चर्यजनक है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष में सरहद के पास के पास हमारे जिन नागरिकों की जान गई है कांग्रेस पार्टी उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है। मैं भारतीय सेना के पराक्रम और शौर्य को सलाम करता हूं। हमारी सेना ने एक बार फिर दिखाया है कि वह दुनिया के सर्वोत्तम सेनाओं में से एक है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।

**सम्पादक**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# पांच दिन से लापता किशोर का शव मिला

## परिवार में मचा कोहराम





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बढ़ापुर।** क्षेत्र के गांव अल्हेदादपुर खजवा उर्फ कोपा में पांच दिन से लापता किशोर का शव थाना धामपुर क्षेत्र की नहर में उतरता मिला है। मृतक के पिता ने अपने चचरे भाई पर गला घोंटकर हत्या करने का आरोप लगाया है।

थाना क्षेत्र के गांव अल्हेदादपुर खजवा उर्फ कोपा निवासी मोहम्मद वाजिद का 16 वर्षीय पुत्र चांद सात मई की शाम से लापता था। स्वजन ने रिश्तेदारों में फोन कर जानकारी की और ग्रामीणों के साथ भी गांव के आस पास उसकी तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं लग सका। चांद की मां सलमा ने 9 मई को ग्रामीणों के साथ बढ़ापुर थाने पहुंचकर चांद का अज्ञात में अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से पुलिस किशोर की तलाश में छानबीन कर रही थी। रविवार की सुबह बढ़ापुर पुलिस को सूचना मिली कि एक बच्चे का शव धामपुर-शेरकोट मार्ग पर बड़ी नहर में पड़ा है। स्वजन ने शव की पहचान चांद के रूप में की है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक आठवीं कक्षा तक पढ़ा हुआ था और गांव में सैलून का काम सीख रहा था। मृतक सात भाई बहनों में चौथे नंबर का था। घटना को लेकर स्वजन में कोहराम मचा हुआ है।

### पिता ने चचेरे भाई पर लगाया बेटे की हत्या का आरोप

मृतक चांद के पिता वाहिद ने अपने चचरे भाई पर बेटे चांद को मारने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि चचरे भाई का लड़का चांद को कपड़े दिलाने के बहाने घर से नगीना के लिए कह कर ले गया था। रास्ते में उन्होंने चांद की गला घोंटकर हत्या कर दी और शव को नहर में डाल दिया। वहीं मृतक के बड़े भाई मोहम्मद दानिश ने बताया कि कुछ समय पहले उसके चाचा का उसकी अम्मी सलमा के साथ विवाद हो गया था। विवाद में चाचा ने सलमा को पीट दिया था। अम्मी को पीटता देख चांद ने गुस्से में आकर चाचा को पीट दिया था। तभी से चाचा इस परिवार से रंजिश रखने लगा था और अंजाम भुगतने की धमकी दे रहा था। हालांकि गांव में सभी के सामने चांद ने चाचा से माफी भी मांग ली थी।

# एलएलबी में गौरव ने किया कॉलेज टॉप



**बिजनौर।** एसबी कॉलेज ऑफ लॉ के एलएलबी प्रथम सेमेस्टर में छात्र गौरव कुमार चौहान ने 70.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया है। जबकि राघव मित्तल ने द्वितीय एवं योगेश्वर कुमार ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसएम हसन व ममित जैन ने छात्रों को बधाई देकर उत्साहवर्धन किया। कॉलेज में पढ़ाई के लिए विद्यार्थियों को बेहतर माहौल उपलब्ध कराया जा रहा है।

## एक नजर

### मण्डावर में युवक की लाश बरामद



**बिजनौर।** मंडावर में रहस्यमय परिस्थितियों में युवक की लाश पेड़ पर टंगी मिली। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। बताया जाता है कि ग्राम शहबाजपुर निवासी 35 वर्षीय वरुण राजपूत उर्फ शिंटू वरुण शनिवार को घर से निकला था। लेकिन शाम तक वापस नहीं लौटने पर परिजनों ने उसकी तलाश की, मगर उसका कुछ पता नहीं चला। आज सुबह उसकी लाश शहबाजपुर व रतनपुर के बीच स्थित सरकारी नलकूप संख्या बीजी-251 के कंपाउंड में पेड़ पर टंगी मिली। वरूण राजपूत ने आत्महत्या क्यो की है, इसका पता भी नहीं चल पाया है। परिजनों के द्वारा हत्या की आशंका जताए जाने पर पुलिस पूरे मामले की बारीकी से जांच कर रही है।

### शान सहसपुर को मिली ट्राफी



**सहसपुर।** स्थानीय समाजसेवी व युवा अधिवक्ता जिशान अंसारी उर्फ शान सहसपुरी को नगीना के लाला राधेश्याम लॉ कॉलेज में सम्मानित किया गया। कॉलेज में आयोजित एक कार्यक्रम में एमडी के द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। इस मौके पर संजीव अग्रवाल, पुनीत, खुशबू, टीकम सिंह, सुनील आदि मौजूद थे। जिशान अंसारी शिक्षा के क्षेत्र में भी कार्य कर रहे है। शाह टाइम्स परिवार उनके उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

### नहटौर में आजम गिरफ्तार

**बिजनौर।** नहटौर थाने में 27 दिसम्बर, 24 को वादिनी ने तहरीर दी थी कि अभियुक्त आजम व असलम पुत्रगण हारून, मीना पत्नी हारून व हारून निवासीगण राजो का मौहल्ला, नहटौर ने उनकी पुत्री को बहला-फुसला लिया और अपने साथ ले गए। पुलिस ने धारा 137 (2) बीएनएस में अभियोग पंजीकृत किया था। पुलिस ने नौ मई को अपहृता को बरामद कर लिया था। पुलिस ने इस मामले में आजम को गिरफ्तार कर लिया है।

# रफी सैफी चांदपुर विस से चुनाव लड़ने के लिए तैयार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नसरीन सैफी के पति व वरिष्ठ सपा नेता रफी सैफी चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए तैयार है। हालांकि पिछली बार भी पार्टी ने उनका टिकट तय कर दिया था, लेकिन मौजूदा विधायक स्वामी ओमवेश के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से लगातार गुहार लगाने पर आखिरी वक्त में उन्हें टिकट दिया गया था।

गौरतलब है कि रफी सैफी सपा के मजबूत व दमदार नेता है। उनकी गिनती जनपद के मजबूत नेताओं में होती है। वह न तो किसी को दबाते है और न ही किसी से दबते हैं। उनकी पत्नी नसरीन सैफी जब जिला पंचायत की अध्यक्ष थी, तो उनके कार्यकाल में रिकार्ड विकास कार्य हुए थे। उन्होंने पूरे जनपद में विकास कार्य कराए थे। वह सभी जिला पंचायत सदस्यों को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते थे। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामों में भी उनके द्वारा विकास कार्य कराए गए थे। क्षेत्र की जनता आज भी उन्हें याद करती है। जनता का मानना है कि अगर वह विधायक बनते, तो बास्टा रोड सहित अन्य सड़कों का अब तक निर्माण हो गया होता। स्थानीय निवासी जनप्रतिनिधि ही उनकी समस्याओं को बखूबी समझ सकता है और उनका समाधान करा सकता है।

माना जा रहा है कि रफी सैफी को अगर सपा अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से टिकट देते है, तो उनकी जीत तय है। क्योंकि पिछले विधानसभा चुनाव में स्वामी ओमवेश नाम मात्र के वोटों से चुनाव जीते थे। तत्कालीन भाजपा प्रत्याशी व पूर्व विधायक कमलेश सैनी ने पुन: मतगणना की मांग की थी। लेकिन उनकी मांग पूरी नहीं हो पाई थी। माना जा रहा है कि जिस तरह से नगर पालिका चुनाव में सपा प्रत्याशी की शर्मनाक हार हुई थी, उसे देखते हुए विधानसभा चुनाव में भी प्रत्याशी न बदले जाने पर परिणाम कुछ भी हो सकते हैं। वैसे भी सपा नेतृत्व इस बार गंभीरता के साथ टिकटों का वितरण करेंगे। ताकि एक-एक सीट पर जीत सुनिश्चित की जा सके। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता एवं खासतौर पर सपा से जुड़े मतदाताओं की जो सोच है और जो मौजूदा हालात है, उसमें अगर पार्टी टिकट नहीं बदलती है, तो दूसरी पार्टी को उसका फायदा हो सकता है। दूसरी तरफ पार्टी के मजबूत नेता रफी सैफी विधानसभा चुनाव को लेकर गंभीर है। उनका कहना है कि पार्टी का जो भी आदेश होगा, वह उसका पालन करने के लिए तैयार है। पार्टी के द्वारा उन्हें टिकट दिया जाता है, तो वह मजबूती के साथ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में इस बार राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता बदलाव चाहती है। सपा सरकार में रिकार्ड विकास कार्य हुए थे।

### स्थानीय निवासी होने की वजह से क्षेत्र की समस्याओं से वाकिफ, जिला पंचायत अध्यक्ष रहते हुए रिकार्ड विकास कार्य कराए गए

क्योंकि वह क्षेत्र के निवासी है और क्षेत्र की समस्याओं से बखूबी वाकिफ है। जिसकी वजह से वह क्षेत्र की जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराते। जिस तरह से चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों की हालत खस्ता है और खासतौर पर बास्टा रोड पर वाहन दौड़ाना युद्ध लड़ने के समान है, उससे तो कम से कम निजात मिल गई होती। आम जनता का मानना है कि क्षेत्र की जनता के बीच में रहने वाला एवं

### मुस्लिमों के साथ ही हिन्दू समाज में मजबूत पकड़

**बिजनौर।** वरिष्ठ सपा नेता रफी सैफी एवं उनकी पत्नी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नसरीन सैफी की मुस्लिमों के साथ-साथ हिन्दू समाज में भी मजबूत पकड़ है। उन्होंने जिला पंचायत सदस्य पद का चुनाव इस बार भी जनपद में सबसे ज्यादा रिकार्ड वोट लेकर जीता था। चांदपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जलीलपुर ब्लॉक क्षेत्र से वह जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुई थी। उनके साथ ही एक अन्य मुस्लिम व एक हिन्दू प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे थे। इसके बावजूद उन्होंने पूरे जनपद में सबसे ज्यादा रिकार्ड वोट हासिल कर चुनाव जीता। हिंदू समाज के मतदाताओं ने भी उन्हें रिकार्ड वोट दिए थे। जिससे उनकी शानदार जीत हुई थी। माना जा रहा है कि उनके चांदपुर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने से जनपद में सबसे ज्यादा वोटों के अंतर से उनकी जीत होगी। रफी सैफी का मानना है कि पूर्व मंत्री मूलचंद चौहान के आने से पार्टी मजबूत होगी और वह जमीनी नेता है। इसका फायदा चांदपुर विधानसभा क्षेत्र में भी रफी सैफी को मिलेगा।

## हादसे में बाइक सवार पति-पत्नी व बेटा घायल

**नहटौर।** नूरपुर मार्ग पर माहे से बाईक टकराने के दौरान बाइक सवार दंपत्ति व उनका पुत्र घायल हो गया। घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार हल्दौर क्षेत्र के गांव पावटी निवासी सहदेव उम्र 36 वर्ष पुत्र सुमेर सिंह अपनी पत्नी कविता उम्र 35 वर्ष व 2 वर्षीय पुत्र आरव के साथ बाइक से जा रहा था। बताया जाता है कि नूरपुर मार्ग पर अचानक माहा आने से उनकी बाइक माहे से टकरा गई, जिसमें तीनों घायल हो गए। एंबुलेंस के जरिए घायलों को नहटौर सीएचसी में भर्ती कराया। जहां से उनकी हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल रैफर किया गया है।

# मण्डावर में सड़कों पर पी जा रही शराब

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मण्डावर में शराबियों व अतिक्रमणकारियों में पुलिस का बिल्कुल भी खौफ नहीं है। सड़कों पर खड़े चाट-पकौड़ियों एवं जूस के ठेलों पर सरेआम शराब परौसी जा रही है।

गौरतलब है कि मण्डावर में मुख्य मार्ग पर ही थाना है। थाने के समीप चंदक मार्ग के तिराहे पर ठेले खड़े रहते है। इन ठेलों पर विभिन्न खाद्य सामग्रियों एवं जूस की बिक्री की जाती है। आसपास शराब की दुकानें भी है। शराबी इन ठेलों पर खड़े होकर शराब पीते हैं। कई बार तो ग्रुप बनाकर शराब पी जाती है। नशा होने पर शराबी आपस में गाली-गलौच करते हुए मारपीट भी करने लगते हैं। जब यह शराब पीकर अपने दुपहियां वाहनों से जाते है, तो इनके वाहन लहराने लगते हैं। यहां से शरीफ नागरिकों का निकलना दुश्वार हो जाता है। यहां पर काफी ज्यादा अतिक्रमण है। इन शराबियों की वजह से माहौल खराब हो रहा है। लेकिन पुलिस न तो अतिक्रमण हटवा रही है और न ही शराबियों पर शि. कंजा कस रही है। शराबियों की करतूत की वजह से कभी भी कोई घटना हो सकता है।

### थाने से कुछ ही दूरी पर शराबियों का जमावड़ा, शरीफ इंसान परेशान

# पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट वायरल करने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शेरकोट।** पाकिस्तान के समर्थन में पोस्ट वायरल करने के आरोप में पुलिस ने थाना क्षेत्र के ग्राम बालकिशनपुर निवासी अबुशाद पुत्र फारुख को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम बालकिशनपुर निवासी अबुशाद ने अपने इंस्ट्राग्राम एकाउंट से पाकिस्तान समर्थित एक पोस्ट वायरल करते हुए पाकिस्तान का समर्थन करने की बात कही थी। वायरल पोस्ट का संज्ञान लेते हुए थानाध्यक्ष पुष्पेंद्र कुमार ने आरोपी युवक को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया तथा एसआई गौरव कुमार की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया। बताया जाता है कि आरोपी सैलून का काम करता है। पुलिस ने इस मामले में आगे की जांच शुरू कर दी है।

## शाह टाइम्स की खबर का असर

# जिला अस्पताल परिसर की सफाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** जिला अस्पताल परिसर में फैली गंदगी को लेकर लोकप्रिय हिंदी दैनिक **शाह टाइम्स** में प्रकाशित समाचार का आखिरकार असर हो गया है। जिला मेडिकल अस्पताल के अधिकारियों ने परिसर की सफाई कराकर अपनी हो रही फजीहत पर विराम लगवा दिया है।


स्वच्छता अभियान की निकल रही अर्थी
जिला अस्पताल में ज्यादातर गंदगी का अम्बार, मरीज व तीमारदार परेशान

गौरतलब है कि जिला मेडिकल अस्पताल परिसर में चारों तरफ गंदगी फैली हुई थी। वहां रखे डस्टबिन कचरों से भर गए थे। जिसकी वजह से गंदा कचरा बाहर फेंका जा रहा था। परिसर में फैली गंदगी की वजह से मरीजों व तीमारदारों को भारी परेशानी हो रही थी। जबकि प्रदेश सरकार व केन्द्र सरकार के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। अस्पताल परिसर तो ऐसी जगह होती है, जहां पर सफाई रहनी चाहिए। साथ ही कीटनाशक दवाईयों का छिड़काव कराना, ताकि बीमारियां न फैल सकें। लेकिन जो जिला अस्पताल की हालत थी, उसमें तो इस परिसर में आने वाला स्वस्थ व्यक्ति भी बीमार हो जाता। शाह टाइम्स प्रतिनिधि ने जब यहां की सफाई व्यवस्था की हालत देखी, तो इस संबंध में समाचार प्रकाशित किया गया। समाचार प्रकाशित होने के बाद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जाग गए और अस्पताल परिसर की सफाई करा दी। अभी परिसर में सफाई अभियान लगातार चलाए जाने की जरूरत है।






### जनपद में आठ अभियुक्त गिरफ्तार

**बिजनौर।** विभिन्न न्यायालयों के आदेशों पर जनपद में आठ अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है। नगीना देहात पुलिस ने मौहम्मद जाकिर, सतेन्द्र, सुमेर, अभिषेक, सागर चौहान, विकास कुमार व महिपाल एवं अफजलगढ़ पुलिस ने सलमान को गिरफ्तार किया है।

### राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा पर स्लोगन मेकिंग कार्यक्रम

**बिजनौर।** रानी भाग्यवती देवी महिला महाविद्यालय में प्राचार्या प्रोफेसर पारूल त्यागी के दिशा-निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग में इंस्पिरेशनल कोट्स एंड मैसेज थ्रू पेंटिंग विषय के अन्तर्गत राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा पर स्लोगन मेकिंग का आयोजन किया गया। जिसमें गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं द्वारा बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया गया। इसमें इन्होंने सड़क सुरक्षा के लिए जरूरी बातों पर ध्यान केंद्रित करते हुए विभिन्न मोटिवेशन मैसेज लिखे गए, जैसे यूज हेलमेल, यूज जैबरा क्रासिंग, डॉनट डिंक्र एण्ड ड्राइब आदि विभिन्न प्रकार के प्रेरणादायक स्लोगन और Quotes लिखे। कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा के विभिन्न उपायों पर चर्चा की गई। गृह विज्ञान की विभाग अध्यक्ष श्रीमती शिखा मालवीय ने छात्रों को इस विषय में अधिक से अधिक जागरूक होने के लिए प्रेरित किया तथा छात्राओं के इस प्रयास की सराहना की। विभाग की अन्य शिक्षिकाओं स्वाति, श्रीमती रेणु, श्रीमती पूजा कुमार, डॉ. मीनू सिरोही, लैब असिस्टेंट इंदू और माधव का पूर्ण सहयोग रहा।

# विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमराई



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** गर्मी का मौसम शुरू होते ही जनपद में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था चरमरा गई है। जनपद मुख्यालय से लेकर ग्रामों व कस्बों में विद्युत आपूर्ति व्यवस्था बिगड़ गई है।

प्राप्त समाचार के अनुसार जनपद में गर्मी का प्रकोप बढ़ते ही विद्युत विभाग की व्यवस्था दम तोड़ रही है। जनपद मुख्यालय पर बार-बार फाल्ट होने की वजह से विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। कस्बों व ग्रामों में तो सबसे बुरा हाल है। कई-कई घंटे के लिए विद्युत आपूर्ति ठप हो जाती है। विद्युत ट्रांसफार्मरों की क्षमता कम एवं लोड अधिक है। उपभोक्ताओं की संख्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। लेकिन इसके बावजूद न तो ट्रांसफार्मरों की संख्या बढ़ाई गई और न ही उनकी संख्या में इजाफा किया गया। जिसकी वजह से ट्रांसफार्मर फुंकना शुरू हो गए है। जगह-जगह विद्युत लाइन में फाल्ट आ रहे है। ट्रांसफार्मर फुंकने के बाद उन्हें फौरन नहीं बदला जाता है। ट्रांसफार्मर बदलने में काफी लम्बा वक्त लग जाता है। तब तक उपभोक्ता परेशान रहते है। लाइनों में फाल्ट भी फौरन सही नहीं किया जाता है। संविदा पर तैनात लाइन मैन फाल्ट ठीक करने के नाम पर परेशान करते है। रात को तो फाल्ट सही करने के लिए कोई भी विद्युत कर्मचारी नहीं मिलता है। विद्युत विभाग के अभियंता भी सरकारी मोबाइलों पर आने वाली कॉल को रिसीव नहीं करते है। उपभोक्ताओं को रात भर परेशान रहना पड़ता है। अभी तो गर्मी के मौसम की शुरूआत ही हुई है। आगे चलकर भीषण गर्मी पड़ने वाली है। ऐसे में फाल्ट, अघोषित कटौती की वजह से कानून व्यवस्था की समस्या भी पैदा हो सकती है।

दूसरी तरफ जनपद में पड़ रही गर्मी की वजह से जनजीवन भी प्रभावित हो रहा है। हालांकि कल जनपद में कई जगह हल्की बारिश हुई थी और कई जगह बादल छाए रहे थे। जिसकी वजह से मौसम में थोड़ा बदलाव हो गया था। लेकिन आज फिर चिलचिलाती धूप की वजह से सड़कों पर निकलना दुश्वार हो गया। सड़कों पर दोपहर के समय सन्नाटा छाया रहा। बाजारों में भी सूनसान थी।

### गर्मी होते ही जवाब देने लगे ट्रांसफार्मर

# पुलिस ने किया लूट का खुलासा

## दो आरोपी गिरफ्तार, बाइक व नगदी बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** लुटेरे लूट की वारदात करते हुए मोटरसाइकिल व नकदी लूटकर फरार हो गए थे। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई। पुलिस ने चंद घंटे में ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को नगर के मोहल्ला इस्लामनगर निवासी तुषार कुमार पुत्र विजयपाल सिंह ने थाने में तहरीर देकर बताया था कि किसी कार्य से वह अपनी मोटरसाइकिल से ठाकुरद्वारा रोड पर जा रहा था। जब वह धर्म कांटा के निकट पहुंचा तो पहले से ही घात लगाए बैठे हुए तीन व्यक्तियों ने उसकी मोटरसाइकिल रोक ली और उसके साथ मारपीट की और उसके पास 7500 रूपए लूट लिए और पीड़ित की मोटरसाइकिल लेकर भी फरार हो गए। इसकी सूचना पीड़ित ने स्थानीय पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस के आला अधिकारी एसपी पूर्वी धर्म सिंह मार्छाल व थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार ने घटनास्थल का मुआयना किया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात में मुकदमा पंजीकृत करते हुए विवेचना शुरू कर दी। रविवार को थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार, उप निरीक्षक हरि ओम, उप निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह, पुलिस कर्मचारी मोनू कुमार, पंकज कुमार, अमित, हेमंत व ब्रजपाल सिंह चैकिंग अभियान चला रहे थे। इसी दौरान लूटी गई मोटरसाइकिल पर सवार दो व्यक्ति पकड़े गए हैं। पूछताछ में पता चला कि आकाश कुमार उर्फ सरदार पुत्र तेजपाल सिंह, नीतिश सिंह पुत्र अजीत सिंह निवासी गढ़ मोहल्ला मिल्कियान ने इस वारदात को अंजाम दिया था। दोनों आरोपियों के पास से लूट हुई नगदी और मोटरसाइकिल बरामद की गई। पुलिस के द्वारा चंद घंटे में ही लूट की वारदात का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया, जिसको लेकर नगर में पुलिस की खूब तारीफ हो रही है।

थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया गया था। माल बरामद होने पर धारा 317 ( 2 ) बीएस की वृद्धि की गई है।

## नृत्य प्रतियोगिता 17 मई को

**धामपुर।** जनपद की नृत्य गायन एवं वादन क्षेत्र की प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करके उचित मंच दिलाने हेतु गठित संस्था रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप की ओर से 17 मई को आयोजित होने वाली जो जीता वही सिकंदर शीर्षक पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता की तैयारी प्रारंभ कर दी गई हैं। विभिन्न सांस्कृतिक संस्थाओं के पदाधिकारियों से व्यक्तिगत संपर्क स्थापित किया जा रहा है ताकि कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं अभूतपूर्व बनाया जा सके। रोमियो डांस इंडिया डांस ग्रुप के डायरेक्टर एवं कोरियोग्राफर रोमियो मयूर, संस्था शिक्षाविद दीपेंद्र सिंह चौहान, संस्था के अध्यक्ष प्रधानाचार्य भूपेंद्र सिंह चौहान, उपाध्यक्ष सुगम जैन, महिला विंग की अध्यक्ष बबीता गुप्ता तथा उपाध्यक्ष ऐश्वर्या चौधरी और संस्थापक दिव्या खान ने संयुक्त रूप से दी। दुर्गा पब्लिक स्कूल जूनियर विंग परिसर में 17 मई को प्रातः 10 बजे से आयोजित होगा।

# दुनिया चले ना श्री राम के बिना...



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया। राजपूत विहार कॉलोनी स्थित डॉ. आचार्य दिनेश चंद्र भारद्वाज की सीताराम कुटिया पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से सात बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंग. बली बाबा का गुणगान किया गया। भजन दुनिया चले ना श्री राम के बिना राम जी चले ना हनुमान के बिना सबको खूब पसंद आया। सबने तालियां बजाकर उत्साहवर्धन किया। अंत में आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में आचार्य दिनेश चंद्र भारद्वाज, कविता भारद्वाज, भूमिका भारद्वाज, प्रणव भारद्वाज, अनंत भारद्वाज, डॉ. दिनेश कुमार, अनीता वर्मा, यतेंद्र चौहान, अर्चना सिंह, सौरभ रस्तोगी, निशि रस्तोगी, संजीव शर्मा, प्रीति शर्मा आदि शामिल रहे। श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल के अध्यक्ष अरुण अग्रवाल, मनोज रस्तोगी, जगदीश अरोड़ा, डॉ. एके सक्सेना, अशोक अग्रवाल, शालू वर्मा, सुनील चौहान, प्रीतम सैनी, रामप्रकाश वर्मा, सत्येंद्र भारद्वाज, सतीश रस्तोगी, सर्वेश गोस्वामी आदि शामिल रहे। अंत में बजरंग. बली बाबा की आरती कर प्रसाद वितरित किया गया। सब ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया।

# स्वस्थ नहटौर अभियान को लोकप्रिय बनाने के लिए स्टीकर किया प्रकाशित

## ई-रिक्शा चालक लगाएँगे अपने वाहनों पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** शुगर और हाई ब्लड प्रेशर जागरूकता बढ़ाने के लिए ई-रिक्शा वेलफेयर एसोसिएशन ने हेल्थ एंड एजुकेशन प्रमोशन ट्रस्ट (हेप्ट) के 'स्वस्थ नहटौर' अभियान में सहयोग देने और इसे जनता में लोकप्रिय बनाने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के संयुक्त सचिव, जावेद जाट ने इस अभियान के लिए एक स्टीकर प्रकाशित कराया है जो शहर के सब ई-रिक्शा चालक अपने वाहनों पर लगाएँगे।

ट्रस्ट के सचिव गिजाल मैहदी द्वारा स्थापित शुगर और ब्लड प्रेशर जांच और परामर्श केंद्र पिछले ढाई साल से अधिक समय से निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रहा है। अब तक 3000 से अधिक लोगों ने अपनी जांच कराई है और परामर्श सेवाओं से लाभान्वित हुए हैं। केंद्र की जांच रिपोर्ट के आधार पर 600 से अधिक लोगों को सरकारी अस्पताल से शुगर और हाई ब्लड प्रेशर की निःशुल्क दवाएं लगातार मिल रही हैं।

जांच केंद्र के संस्थापक गिजाल मैहदी ने ई-रिक्शा एसोसिएशन की सभा में स्टीकर जारी करते हुए जनता से अपील की कि 40 वर्ष से अधिक आयु के प्रत्येक व्यक्ति को हर 6 माह में एक बार अपने शुगर और ब्लड प्रेशर की जांच अवश्य करवानी चाहिए। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में भारत में शुगर रोगियों की संख्या में 44% से अधिक की वृद्धि हुई है और वर्तमान में 23 करोड़ 70 लाख लोग इस बीमारी से प्रभावित हैं। इसके अलावा 24% पुरुष और 21% महिलाएं हाई ब्लड प्रेशर की समस्या से ग्रस्त हैं। ई-रिक्शा एसोसिएशन के संरक्षक बुजुर्ग रहनुमा गुलाम साबिर ने गिजाल मैहदी और उनकी टीम द्वारा की जा रही निस्वार्थ सेवाओं की सराहना की तथा जांच केंद्र की स्थापना और उसके प्रदर्शन को एक अनुकरणीय कदम बताया।

इस कार्यक्रम में जावेद जाट, कामरेड मसूद राणा, असद फारूकी, सीनियर हेल्थ वालंटियर मुहम्मद हुजैफा, अमीर अहमद और एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी शामिल हुए।

# यूनिवर्सल एकेडमी में मनाया मातृ दिवस

## विद्यालय में अपने बच्चों के साथ आई माताओं का तिलक लगाकर स्वागत




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** यूनिवर्सल एकेडमी में मातृ दिवस उत्साह पूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी एवं उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल, पूजा कर्णवाल ने भगवान गणेश के समक्ष दीप प्रज्वलन से किया।

सर्वप्रथम विद्यालय में अपने बच्चों के साथ आई माताओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। इस दौरान विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए। छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अपने माता-पिता के स्वागत में स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बच्चों के द्वारा मां के प्रति आदर व स्नेह को दिखाते हुए लघु नाटिका व नृत्य प्रस्तुत किए गए। बच्चों ने इन कार्यक्रमों में अपने-अपने तरीकों से अपने मां के प्रति प्यार व मां की महिमा को बताया। इन कार्यक्रमों को देखकर सभी अभिभावक मंत्र मुग्ध व भाव विभोर हो गए। मातृ दिवस के उपलक्ष में कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता व फोटो फ्रेम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें सभी बच्चों ने अपनी माताओं के लिए बहुत ही सुंदर कार्ड व फोटो फ्रेम बनाएं। इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिताएं फन गेम्स व रैंप वॉक आदि में माताओं ने प्रतिभाग किया। माताओं के द्वारा किए गए यह कार्यक्रम मुख्य आकर्षण रहे। इन कार्यक्रमों में विजेताओं को मदर्स डे बैच, उपहार देकर सम्मानित किया गया। रैंप वॉक में काशवी, इनाया, आईजा, शिखर के माता पिता को उपहार देकर सम्मानित किया तथा गेम्स में विजेता का खिताब ज्योति चौधरी को मिला। विद्यालय परिवार ने माताओं को सम्मानित कर इस मौके को खास बना दिया। विजेता होने पर उपहार पाकर माताएं भी भावुक हो उठी तथा स्कूल प्रबंधन की प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन मिस भूमिका के मार्ग दर्शन में छोटे-छोटे बच्चों विराट, जेसन, श्रेया, श्रव्या के द्वारा किया गया। कार्यक्रम एक्टिविटी इंचार्ज मिस्टर अभिलाष एवं अनिता चौधरी की देखरेख में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ. अनुज त्यागी ने सभी अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। सभी बच्चों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए बताया कि बालक की पहली गुरु उसकी मां होती है। इस तरह के कार्यक्रम बच्चों को अपने माता-पिता के प्रति प्यार व सम्मान व्यक्त करने का अवसर प्रदान करते हैं। बच्चों को मातृत्व दिवस का महत्व समझाया तथा सभी बच्चों को अभिभावकों का सम्मान करने की प्रेरणा दी। उप प्रधानाचार्या खुशबू कर्णवाल ने भी बच्चों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दीं व मां के महत्व को बताते हुए बच्चों को यह समझाए कि दादा-दादी हमारे घर में नहीं, हम दादा-दादी के घर में रहते है। उनका हमें सम्मान करना चाहिए। मां का सम्मान करने की प्रेरणा दी और कहा कि मां को ईश्वर के समान ही दर्जा दिया गया है। वह सिर्फ ईश्वर ही नहीं हमारी गुरु भी होती है। वह बच्चों व परिवार की खुशियों के लिए अपना सब कुछ त्याग देती है। यह दिन हर मां को समर्पित है। अतः हमें मां का सम्मान करना चाहिए। इस अवसर पर डांस शिक्षक, संगीत शिक्षकों नितिन व संजय, फाइन आर्ट विभाग नितिन व सभी प्राइमरी शिक्षकों राखी, मिली, सरिता, फरहा, निशु तथा अन्य सभी शिक्षकों का योगदान रहा। इस तरह कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

# वरिष्ठ नागरिक परिषद की बैठक आयोजित

## गर्मी से बचने के एक-दूसरे को उपाय बताए




**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** आज वरिष्ठ नागरिक परिषद पश्चिमी उत्तर प्रदेश इकाई की मासिक बैठक परिषद के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय शिवराम शर्मा के निवास शिवाशीष, नई बस्ती, बी 14, बिजनौर पर धर्मवीर शर्मा की अध्यक्षता, लेखा सिंह (सेवानिवृत्त जिला जज) के संरक्षण और अशोक कुमार जैन (हुक्का बिजनौरी) के संचालन में मंच गठन के साथ श्री गायत्री मंत्र और ओम प्रार्थना के सामूहिक पाठ के साथ आरंभ हुई।

सर्वप्रथम अध्यक्ष ने सभी उपस्थित सदस्यों का स्वागत किया और गत बैठक 23 मार्च 2025 की कार्यवाही प्रस्तुत की। जिसका सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से अनुमोदन एवं पुष्टि की। 19 अप्रैल 2025 को अध्यक्ष शिवराम शर्मा का निधन हो जाने के कारण 20 अप्रैल 2025 को होने वाली मासिक बैठक स्थगित कर दी गई थी। इसी क्रम में आज दो मिनट का मौन कर सभी सदस्यों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। क्योंकि किसी भी बैठक या संस्था के लिए अध्यक्ष की आवश्यकता होती है। इसे देखते हुए सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से धर्मवीर शर्मा को अध्यक्ष, राजीव कुमार शर्मा को उपाध्यक्ष और श्रीमती आदेश कुमारी शर्मा को कोषाध्यक्ष चुना और पूर्व में जो पद सदस्यों पर चल रहे थे वे यथावत रहेंगे। बैठक में संजीव कुमार शर्मा के साथ-साथ सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार व संस्मरण रखें और कविता पाठ किया। साथ ही पड़ रही भयंकर गर्मी से बचने हेतु एक-दूसरे को उपाय बताए। उन्होंने सभी से अनुरोध किया कि पीक आवर्स के दौरान घर पर ही रहे और यदि बाहर जाना अति आवश्यक है, तो पानी पीकर व साथ में लेकर, सिर पर कपड़ा या छाता लगाकर, ढीले ढाले व आराम दायक वस्त्र पहनकर निकले, आदि ध्यान रखे। अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें यदि स्वास्थ्य ठीक है तो सब अच्छा है और जीवन सुरक्षित है। इसके साथ ही परिषद ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया की जून 2025 के प्रथम सप्ताह में राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाने का कार्यक्रम आयोजित किया जाये। इस निर्णय के अनुसार पांच जून, 2025 (गंगा दशहरा वाले दिन) को पूर्वाह्न सिविल लाइन्स में न्यू शिवाशीष मेडिकोज (रोहित होटल) के निकट राहगीरों को ठंडा शर्बत पिलाया जायेगा। बैठक को सफल बनाने में राजीव कुमार शर्मा, प्रबंधक, उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक, बिजनौर का विशेष योगदान रहा। बैठक में धर्मवीर शर्मा, श्रीमती आदेश कुमारी शर्मा, श्रीमती हीरा देवी, बीआर मेहरा, रमेशचंद्र राजपूत, संजीव कुमार शर्मा, सोम प्रकाश शर्मा, लेखा सिंह, अशोक कुमार जैन (हुक्का बिजनौरी), राजीव कुमार शर्मा, श्रीमती सुशीला देवी आदि ने भाग लिया। बैठक का समापन प्रार्थना और शांति पाठ के सामूहिक पाठ के साथ हुआ। अंत में अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

# भारतीय सद्भावना मंच ने किया संगठन का विस्तार

## पाकिस्तान के घिनौने कृत्य का विरोध, पर्यावरण संरक्षण को पौधारोपण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** भारतीय सद्भावना मंच की एक मीटिंग हुई। जिसमें देश के वर्तमान हालात पर चर्चा हुई। इसके बाद राष्ट्रीय संगठन मंत्री द्वारा संगठन में नए पदाधिकारी व सदस्य जोड़कर संगठन का विस्तार किया गया और पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधारोपण किया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार भारतीय सद्भावना मंच की मीटिंग हुई। जिसका संचालन प्रदेश महासि. चव नूरजहां ने किया। इस बैठक में देश के वर्तमान हालात के ऊपर चर्चा हुई। जिसमें पकिस्तान द्वारा किए गए घिनौने कृत्य का पुरजोर विरोध किया गया। राष्ट्रीय सगंठन मंत्री मौहम्मद इरशाद अंसारी ने संगठन का विस्तार करते हुए मौहल्ला उवैस को मण्डल सहसंयोजक मुरादाबाद पद पर मनोनित किया। इनके अलावा हसीब अहमद को बिजनौर जिला सहसंयोजक, मौहम्मद शहजाद को नगर सयोजक नगीना के पद पर मनोनित किया गया। इसके अतिरिक्त 15 नए सदस्यों को संगठन से जोड़ा गया। जिसमें दिलशाद अहमद, क्यामुद्दीन, अरविंद चौहान, रतन सिंह आदि को संगठन की कार्य शैली की जानकारी दी।

इस चर्चा में सुमित भार्गव, बिजेन्द्र सिंह, ठा. चन्द्रहास राव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थितजनों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से पौधरोपण किया गया।

# गुरूद्वारा श्री सिंह सभा ने लगाया रक्तदान शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** स्थानीय गुरूद्वारा श्री सिंह सभा द्वारा राष्ट्रसेवा के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें दो दर्जन से भी अधिक लोगों ने रक्तदान कर देश के नाम सेवा की मिसाल पेश की। रक्तदान शिविर का उद्घाटन ब्लाक प्रमुख कुंतेश देवी ने किया।

उद्घाटन अवसर पर ब्लाक प्रमुख कुंतेश देवी ने कहा कि रक्तदान जीवन का महादान है। इस कार्य को हम सभी को समय-समय पर करते रहना चाहिए। रक्तदान से किसी भी इंसान की जान बचाई जा सकती है। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख कुंतेश देवी ने इस शिविर के आयोज. कों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस कार्य में सरदार अच्छन सिंह, सरदार पपेन्द्र सिंह, सरदार विक्की पोथीवाल, सरदार हरजीत सिंह, सरदार गुरमीत सिंह, सरदार भवानी सिंह, सरदार बुटा सिंह, सरदार गुरचरन सिंह, सुरजीत सिंह, प्रभुदयाल सिंह, सरदार रवेन्द्र सिंह, सरदार जोगेन्द्र सिंह, सरदार कोमल सिंह, सरदार परवेन्द्र सिंह, सरदार गुरसंगत सिंह आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर गुरूद्वारा श्रीसिंह सभा चांदपुर की ओर से ब्लाक प्रमुख जलीलपुर क्षेत्र कुंतेश देवी, वीरेन्द्र राजपूत ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि, बीडीसी सदस्य गौरव लाम्बा, भारतीय जनता पार्टी की स्वाति चौहान, आशु गोयल को प्रतीक चिंह देकर सम्मानित किया गया।

# भोजपुर व बुडगरी में पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम

## विधायक मनोज पारस ने औरंगपुर फत्ता में सीसी रोड निर्माण का दिया आश्वासन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** पीडीए चर्चा के कार्यक्रम में शनिवार को जहां विधायक नगीना ने ग्राम भोजपुर व ग्राम बुडगरी में संत गुरु रविदास महाराज की धर्मशाला पर आयोजित की। वहीं अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव शमशाद रशीद ने ग्राम अब्दुल अजीजपुर उर्फ डेलपुरा में पंचायत की जमीन पर नुक्कड़ सभा की। रविवार को सपा विधायक नगीना ने ग्राम औरंगपुर फत्ता में पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम किया।

शनिवार को ग्राम बुडगरी में विधायक नगीना व पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार मनोज पारस ने अपनी विधायक निधि से मेन रोड से बाहर आलम के मकान तक नवनिर्माण सीसी रोड का कार्य पूर्ण करा कर उसका फीता काट कर लोकार्पण किया। जिससे सभी ग्रामवासियों में खुशी की लहर दौड़ गई और सभी ग्रामवासियों ने विधायक मनोज पारस का बहुत-बहुत धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

उसके उपरांत पीडीए चर्चा का कार्यक्रम संत गुरु रविदास महाराज की धर्मशाला पर आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकिशन सिंह ने की एवं संचालन शेख मौहम्मद जाहिद विधानसभा अध्यक्ष नगीना समाजवादी पार्टी ने किया।

रविवार को मनोज पारस अपनी विधानसभा क्षेत्र नगीना के सबसे छोटे बूथ ग्राम औरंगपुर फत्ता पहुंचे। इस बूथ पर ज्यादातर राजपूत समाज एवं भुईयार समाज के लोग रहते हैं। ग्रामवासियों द्वारा अपने ग्राम में एक सीसी रोड की समस्या बताई। जिस पर विधायक नगीना ने अपने संबोधन में सीसी रोड जल्द से जल्द बनवाने का आश्वासन देते हुए समाजवादी पार्टियों की नीतियों के बारे में चर्चा की। इसके बाद ग्राम भगवानपुर में पीडीए पर चर्चा कार्यक्रम किया गया।

बैठकों में 2027 में एकजुट होकर उप्र में समाजवादी सरकार बनवाने की अपील की गई। इस पीडीए चर्चा के कार्यक्रम में वर्तमान ग्राम प्रधान भोजपुर चौधरी बीरबल सिंह, पूर्व ग्राम प्रधान भोजपुर लईक अहमद, वर्तमान ग्राम प्रधान बुडगरी अनिल कुमार, पूर्व ग्राम प्रधान बुडगरी नरेश कुमार के अलावा कई जिला स्तर के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में ग्रामीण और विधायक के साथ पहुंचे सपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रेन से गिरकर असम के व्यक्ति की दर्दनाक मौत

## शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** ट्रेन से गिरकर 45 वर्षीय एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को रेलवे लाइन के नगीना-पुरैनी स्टेशनों के बीच खम्मा नंबर 1472/13-15 के अंतर्गत गेट नंबर 467 के पास एक व्यक्ति की गाड़ी संख्या 15903 डिब्रुगढ़-चंडीगढ़ एक्सप्रेस से गिरकर मृत्यु हो गई। चलती हुई ट्रेन से गिरकर व्यक्ति की मृत्यु की सूचना मिलते ही आरपीएफ, जीआरपी और सिविल पुलिस के जवान मौके पर पहुंच गए। घटना के संबंध में थाना प्रभारी नगीना तेजपाल सिंह ने बताया कि थाना नगीना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम हसनअलीपुर भोगन के पास एक व्यक्ति ट्रेन से गिर गया, जिससे उसकी दुखद मृत्यु हो गई। मृतक की पहचान कमल (45 वर्ष) पुत्र सदराबहादुर निवासी देवपानीदडा थाना सफाकुंआ जनपद तिनसुकिया असम के रूप मे हुई है। उन्होंने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचित कर दिया गया है। मृतक के शव को पंचायतनामा की कार्यवाही के उपरान्त पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इसके अतिरिक्त अन्य आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# धामपुर में साहित्यकार सम्मान समारोह

## साहित्यकारों के दायित्वों पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** साहित्यिक सांस्कृतिक राजधानी धामपुर में अनिल अभिव्यक्ति ई पत्रिका की ओर से आयोजित साहित्यकार सम्मान समारोह, कवि सम्मेलन और पुस्तक लोकार्पण कार्यक्रम में साहित्यकारों ने वर्तमान समय में साहित्यकारों के दायित्वों पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय हित में लेखनी चलाते हुए राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत साहित्य की आवश्यकता पर बल दिया।

अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन और नरेंद्र जीत सिंह अनाम द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अनिल अभिव्यक्ति ई पत्रिका की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर समारोह के प्रथम चरण में मुख्य अतिथि आनंद दीवान, पवन कुमार शर्मा




(देहरादून), डॉ.पंकज भारद्वाज ( बिजनौर), अमन कुमार त्यागी (नजीबाबाद) सहित विशिष्ट अतिथि सतेन्द्र शर्मा तरंग, हरीश रवि, संजय प्रधान, आनन्द सिंह आनंद, पवन कुमार सूरज (देहरादून), संजीव शर्मा 'एकल' (जसपुर), डॉ. हितेन सिंह तड़प (मेरठ) सहित धामपुर की विशिष्ट प्रतिभाओं डॉ. राजेंद्र चौधरी, सुमित शर्मा, रोमियो मयूर को मुख्य वक्ता डॉ. शंकरलाल शर्मा क्षेम ने अंग वस्त्र, माला और सम्मान पत्र अभिव्यक्ति रत्न सम्मान 2025 से अलंकृत किया। इसी श्रृंखला में प्रोफेसर पूनम चौहान, शुचि शर्मा, आभा शर्मा, ज्योति रानी, डॉ. पंकज कुमार, नरेंद्र जीत अनाम, डॉ. भूपेन्द्र कुमार, राजकुमार सिंह, हरिकांत शर्मा, डॉ. सारंगा देश असीम, डॉ. अमित गुप्ता, डॉ. अभिनव शर्मा, राम सिंह सैनी सुमन, विभोर अग्रवाल, अशोक कुमार, वीरेंद्र बेताब, मनोज कात्यायन, भूपेन्द्र शर्मा, डॉ. जितेन्द्र कौशिक, अभिषेक भारद्वाज, संजीव कौशिक, मुकेश कुमार कपिल तुली, हरिकांत शर्मा आदि को अभिव्यक्ति रत्न सम्मान प्रदान किया गया।

इस अवसर पर मित्र लोक देहरादून की ओर से आनंद दीवान, पवन शर्मा, सतेन्द्र शर्मा तरंग आदि ने कार्यक्रम संचालक डॉ.अनिल शर्मा 'अनिल' को साहित्य प्रहरी सम्मान प्रदान किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में साहित्यकार डॉ. भूपेन्द्र कुमार की कृति अखिल जग में गीत गूंजते का लोकार्पण सभी मंचासीन अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम के तीसरे चरण में कवियों ने राष्ट्र प्रेम की रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

अंत में वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. योगेन्द्र नाथ शर्मा अरुण के निधन पर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। कार्यक्रम का संचालन डॉ. अनिल शर्मा अनिल ने किया।

# एलएल.एम. तृतीय सेमेस्टर का परीक्षाफल शत प्रतिशत





**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** एम.जे.पी. रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय बरेली द्वारा एलएल.एम. तृतीय सेमेस्टर के घोषित परिणाम में कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर के विद्यार्थियों का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

विधि विभाग के विभागाध्यक्ष प्रदीप कुमार राठौर ने बताया कि छात्र प्रीति त्यागी ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, प्रियंका तिवारी ने 72.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा सत्या सिंह ने 72.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करता हैं।

कृष्णा कॉलेज के प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ ने सभी उत्तीर्ण छात्र/छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि कृष्णा कॉलेज ऑफ लॉ, बिजनौर, एम.जे.पी. रुहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली के अन्तर्गत जिला बिजनौर में एल.एल.एम. की शिक्षा प्रदान करने वाला एकमात्र संस्थान है। हमारा निरन्तर यही प्रयास रहता है कि छात्र/छात्राओं को कॉलेज में आधुनिक व शैक्षिक वातावरण मिले, जिससे कि वह प्रोफेशनल एजुकेशन को बेहतर रुप से समझ सकें व अपने जीवन में उपयोग कर लाभांवित हो सकें।

कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबंधक मनोज कुमार, निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्य डा. परवेज अहमद खाँ तथा विधि विभाग के प्रवक्तागणों ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# आरजेपी में स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता

## विजेताओं को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कॉलेज बिजनौर में भारतीय मानक ब्यूरो शाखा देहरादून के तत्वावधान में स्टैंडर्ड राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन कार्यक्रम संरक्षक डॉ. सुनील कुमार की देखरेख में किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल ने छात्रों को भारतीय मानक ब्यूरो के संदर्भ में जानकारी देते हुए कहा कि हमेशा हमें आईएसआई मार्क की वस्तु का प्रयोग करना चाहिए। भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम करना एक अत्यंत सराहनीय कार्य है जो उपभोक्ताओं को बाजार में से वस्तु को खरीदते समय विभिन्न समस्याओं से बचने का कार्य करेगा। शाखा देहरादून से आये विशेषज्ञ गगन दीप ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय मानक ब्यूरो का उद्देश्य देश




के प्रत्येक नागरिक को जागरुक करना है जिससे कि उपभोक्ता के पास एक प्रमाणित वस्तु आए और वह नकली उत्पादों के प्रयोग से बच सके। उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक एवं गैर इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों तथा सोने के आभूषण खरीदते समय वीआईएस के अलग-अलग मानक चिन्हों के बारे में जानकारी दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आर्यन एवं उमैर, द्वितीय स्थान पर निखिल तोमर एवं कार्तिक कुमार, तृतीय स्थान विक्की एवं नितिन, चतुर्थ स्थान कार्तिक शर्मा एवं रोहित प्राप्त किया। प्रत्येक विजयी प्रतिभागियों को नगद धनराशि से प्रधानाचार्य कैप्टन बिशन लाल द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डीओसी स्काउट चंद्रहास सिंह ने किया।

इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य गयूर आसिफ, जिला विज्ञान समन्वयक सुधांशु वत्स, बालेश कुमार, एसपी गंगवार, रश्मि चौहान, प्रदीप कुमार सिंह, भूपेंद्र पाल सिंह, विनीत कुमार गहलोत, मोहम्मद अनस, अमन यादव, जय प्रकाश पटेल आदि उपस्थित रहे।

# समाजसेवी असगर का दिल का दौरा पड़ने से इंतकाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** मोहल्ला चिरंजीलाल स्थानीय निवासी मोहम्मद असगर 45 वर्षीय का अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मौत की सूचना जैसे ही नगर वासियों को मिली नगर में शोक की लहर दौड़ गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया।

मोहम्मद शावेज ने बताया कि शनिवार की शाम को घर पर ही अचानक उसके सीने में दर्द होने लगा। आनन-फानन में नगर के लाइफ लाइन अस्पताल में उसको दिखाया गया, जहां पर दवाई लेने के बाद मोहम्मद असगर वहीं पर गिर गए और वहीं पर अंतिम सांस ली। जैसे ही अस्पताल से परिजनों को मृत्यु की सूचना मिली। परिजन अस्पताल आ गए और अपनी संतुष्टि के लिए फिर भी काशीपुर के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में ले गए, जहां पर डॉक्टर ने असगर को देखते ही मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की सूचना नगर वासियों को मिलते ही नगर में शोक की लहर दौड़ गई। मोहम्मद शावेज ने बताया वह अपने पीछे भरे परिवार को इस दुनिया से अलविदा कह गए। उनके जनाजे



की नमाज रविवार को 10:00 बजे किले वाली मस्जिद में अदा की गई और स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द खाक कर दिया गया। जनाजे में शिरकत करने वालों में पूर्व विधायक शेख सुलेमान, चेयर पर्सन पति जावेद विकार, पूर्व चेयर पर्सन पति सलीम अंसारी, पूर्व अध्यक्ष नफीस कुरैशी, भाजपा के पूर्व नगर अध्यक्ष मुकेश उर्फ मुन्ना, विनय भार्गव वेलफेयर प्रेस क्लब अध्यक्ष, मास्टर शमीम, तस्लीम, पूर्व सभासद खलील अहमद उर्फ पप्पू पठान, सभासद दिलशाद, सभासद अजीमुश्शान उर्फ चांद, मोहम्मद शाहिद, अब्दुल बारी, नजाकत आदि जनाजे में मोजूद रहे।

# 32 बटालियन ने कराई मॉक ड्रिल

## एनसीसी कैडेटस को दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** 32 यूपी बीएन एनसीसी धामपुर के कार्यवाहक कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल ललित भट्ट के दिशा निर्देशन में तथा सूबेदार मेजर बलवंत सिंह के नेतृत्व में एनसीसी कैडेट्स को मॉक ड्रिल कराई गई तथा उसके विषय में विस्तार से बताया गया।

हवलदार मनोज राय ने बताया कि यह ऐसा परिदृश्य होता है, जिसमें प्रतिभागी अभ्यास करते हैं जिससे की वे आपदा या आपातकाल की स्थिति में कैसे प्रतिक्रिया करेंगे। चाहे वह आग हो, भूकंप हो, चिकित्सा आपातकाल हो या अन्य कोई संकट। मॉक ड्रिल से विभिन्न लाभ होते हैं। वास्तव में मॉक ड्रिल कर्मचारी, छात्रों या जनता के लिए एक आत्मविश्वास बढ़ाने और तैयारी बढ़ाने में मदद करती है। मॉक ड्रिल विभिन्न प्रकार की हो सकती है, जिसमें मुख्य अग्नि ड्रिल, भूकंप अभ्यास, चिकित्सा



आपातकालीन अभ्यास, रासायनिक रिसाब ड्रिल, निकासी ड्रिल मॉक ड्रिल से लाभ होता है। मॉक ड्रिल में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों के आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होती है, आपस में कमजोरी की पहचान होती है तथा समन्वय में वृद्धि होती है। मॉक ड्रिल को आयोजित करने के विभिन्न चरण होते हैं। सर्वप्रथम ड्रिल की योजना बनाई जानी चाहिए। ड्रिल की घोषणा करनी चाहिए तथा अलार्म सक्रिय होना जरूरी है। निकासी प्रक्रिया का पता हो, इसके पश्चात निर्दिष्ट क्षेत्र में एकत्रित होना अनिवार्य है। बाद में रोल काल और ब्रीफिंग होना भी अति आवश्यक है। मॉक ड्रिल को स्कूल, अस्पताल, कार्यालय आदि में किया जा सकता है।

इस अवसर पर सूबेदार मेजर बलवंत सिंह, हवलदार मनोज राय, हवलदार मन बहादुर लिम्बु, हवलदार हवलदार संजय सिंह, हवलदार विनोद नेगी, हवलदार अर्जुन सिंह, हवलदार रघुवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## टैंट की दुकान में आग लगने से नुकसान

**हल्दौर।** गांव नांगल जट में एक टैंट हाउस की दुकान में भीषण आग लगने से लाखों रुपये की कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मामले की तहरीर पुलिस को दी है।

गांव नांगलजट निवासी ब्रह्मजीत की बस्ती में ही दुकान स्थित है। कुछ दूरी पर उसका घर है। ग्रामीणों के अनुसार शनिवार को वह दुकान बंद कर घर चला गया था। मिली जानक. ारी के अनुसार देर रात उसकी दुकान में अचानक भीषण आग लग गई। मौके से गुजर रहे कुछ लोगों ने शोर मचाया। शोर सुनकर मोहल्लेवासी और परिजन मौके पर पहुंचे और मामले की सूचना दमकल विभाग को दी। मौके पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। दुकानदार के अनुसार आग लगने से लाखों रुपये की कीमत का सामान जलकर खाक हो गया। मामले की तहरीर पीड़ित ने थाने पहुंचकर पुलिस को दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# गरीबों की मदद करना सबसे बड़ा पुण्य का काम : मो. ताहिर

## ताहिर ने की गरीब परिवार की मदद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** आजाद समाज पार्टी के जिला प्रभारी मोहम्मद ताहिर ने नगर के एक गरीब परिवार की मदद करते हुए कहा कि हर सक्षम इंसान को अपने आसपास से गरीब परिवारों की मदद करते रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गरीबों की मदद करना दुनिया में सबसे बड़ा पुण्य का काम होता है। हमारी छोटी सी मदद से किसी गरीब का भला हो जाए तो यह सबसे बड़ा कर्म होता है और ऐसे अच्छे कर्म हर इंसान को हमेशा करते रहना चाहिए।

देर सायं मोहम्मद ताहिर ने अपनी टीम के कुछ सदस्यों के साथ शहर के एक गरीब परिवार के घर पहुंच कर शुष्क राशन सामग्री, कपड़े व कुछ नकदी देकर आर्थिक मदद करते हुए आगे भी इसी तरह गरीबों की मदद करते रहने का संकल्प लेते



कहा कि मैं जैसा हूं जिस लायक हूं हर समय तैयार हूं। उनकी इस मदद से एक गरीब परिवार के यहां खुशी देखने को मिली।

उन्होंने बताया कि आज इस दौर में कोई किसी का नहीं है लेकिन बहुत से ऐसे भी लोग हैं जो हमेशा ऊपर वाले से डरते हैं और गरीबों की मदद करते हैं। उन्होंने अपने शहर के उन सक्षम परिवारों से भी अपील करते कहा कि वह भी इसी तरह गरीबों की किसी न किसी रूप में मदद करें, किसी की मदद से किसी का भला हो जाता है यह उसके लिए सबसे बड़ी खुशी की बात होती है। इससे पहले उन्होंने जनसंपर्क अभियान के अंतर्गत अपने विधानसभा अध्यक्ष राजवीर सिंह, जिला सचिव कृष्ण कुमार, वरिष्ठ नेता डिम्पल, डा. अतीक के साथ ग्राम तिरपुड़ी तिरपुडा में प्रधान अमर दीप के निवास स्थान पर पहुंच कर गांव के गणमान्य व्यक्तियों को सांसद एडवोकेट चन्द्रशेखर आजाद के संघर्षों और पार्टी की नीतियों से अवगत कराया तथा सभी से आजाद समाज पार्टी का सदस्य बनने पर जोर दिया।

# मातृत्व दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** मोहल्ला सरायरफी स्थित गुरुद्वारा मे गुरुद्वारा सिंह सभा चांदपुर की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर मे बड़ी संख्या मे युवाओं ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।

इस दिवस को यादगार बनाने के लिए सर्वसमाज मे एक अच्छा सन्देश देने का काम किया। रक्तदान शिविर मे युवा समाजसेवी आशु गोयल का भी विशेष सहयोग रहा। शिविर में कार्यक्रम पश्चात समाज सेवा एवं राष्ट्र हित में कार्य करने वाले युवाओं को समाजसेवा के कार्यों के लिये

## राष्ट्र हित में कार्य करने वाले युवा सम्मानित

सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर मौजूदा ब्लॉक प्रमुख कुंतेश देवी, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि वीरेंद्र राजपूत सहित समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करने वाले अनेक समाजसेवियों को गुरुद्वारा सिंह सभा चांदपुर की ओर से सरदार अच्छन सिंह लोहिया व उनकी पूरी टीम ने सम्मानित किया।

# पत्रकारों की बैठक में अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श

## निष्पक्ष व निर्भीक पत्रकारिता पर बल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट धामपुर तहसील इकाई संगठन के पत्रकारों की मासिक बैठक होटल कॉर्बेट पार्क में आयोजित हुई, जिसमें पत्रकारिता से जुड़े अहम मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ व संगठन के आई कार्ड वितरित किए गए।

उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट संगठन तहसील धामपुर इकाई के तत्वावधान में पत्रकारों की एक महत्वपूर्ण मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में पत्रकारिता से जुड़े समसामयिक विषयों पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

बैठक के दौरान एसोसिएशन से जुड़े सभी पत्रकारों को उत्तर प्रदेश एसोसिएशन ऑफ जर्नलिस्ट तहसील धामपुर इकाई के आईडी कार्ड वितरित किए गए। यह पहल



पत्रकारों की पहचान और संस्थागत सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जाता है।

बैठक में वक्ताओं ने निष्पक्ष और निडर, निर्भीक पत्रकारिता की आवश्यकता पर बल देते हुए पत्रकारों की सुरक्षा, स्वतंत्रता और अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होने साथ ही युवा पत्रकारों को मार्गदर्शन देने तथा पत्रकारिता से जुड़े नए सदस्यों को संगठन की मुख्यधारा से जोड़ने का आह्वान किया गया। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने इस बैठक को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी पत्रकारों का आभार व्यक्त किया।

बैठक की अध्यक्षता मास्टर गोपाल सिंह व संचालन इशरत अली ने किया। इस अवसर पर मौजूद पत्रकारों में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल व अजमल हसन, तहसील अध्यक्ष इशरत अली, महासचिव मास्टर गोपाल सिंह, कोषाध्यक्ष शेख मौहम्मद यूसुफ, अर्जुन चौहान अमानत हुसैन, कमरूद्दीन, मुशर्रफ अली, डॉ. कोमल सिंह, अनीस अहमद, डॉ. मौहम्मद जीशान, विमल कुमार गुप्ता, जावेद सलाम, मुजम्मिल खान सूरी आदि मौजूद रहे।

# 145 मधुमक्खियों के डिब्बे जल कर राख



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दौर।** हल्दौर के ब्लॉक परिसर में आग लगने से राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की महिला समूह के करीब 145 मधुमक्खियों के डिब्बे जलकर नष्ट हो गए।

ब्लॉक कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत नीलम, परमात्मा, पिता परमेश्वर, राधे राधे आदि समूहों की डोली, बबली, संतोष देवी, बुलबुल, दयावती आदि ने यूकेलिप्टस पेड़ में करीब 145 डिब्बों में मधुमक्खियों का पालन कर रखा है। पास ही कूड़ों का ढ़ेर पड़ा हुआ। शनिवार की देर शाम अचानक ढेर में आग लग गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और मधुमक्खियों के डिब्बे जलकर राख हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे एडीओ अजयपाल सिंह व अन्य कर्मचारियों ने आसपास से पानी डालकर आग पर काबू पाया। एडीओ के अनुसार आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। उन्होंने थाने में इस संबंध में तहरीर दी है।



सम्भल। करोड़ों की बीमा राशि पाने को दो हत्याएं करने के गिरफ्तार किए आरोपियों की जानकारी देती एएसपी।

# विवाहिता को पति संग मिलकर ससुरालियों ने सुलाया मौत की नींद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** विवाहिता को पति ससुराल के अन्य लोगो ने मौत की नींद सुला दिया। मृतका की बहन ने आरोप लगाकर तहरीर पुलिस को दी है। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला कोट गर्बी निवासी सबीना पत्नी अजमत की छोटी बहन अन्जुम पुत्री वजरूददीन का विवाह अनीस निवासी शेरखां सराय को उसके ससुराली पूर्व से रोटी कपड़े से तंग रखते थे। जबकि आये दिन मारपीट कर घर से निकाल देते थे। आरोप है कि पति अनीस पुत्र जहीर व कुतुबुददीन एवं गांवा आदि ने मिलकर उसकी बहन अन्जुम की मिलकर हत्या कर दी। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज करने की गुहार लगायी। पुलिस ने मृतका शव कब्ज़े में लेकर पोस्टमार्टम कराया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ तहरीर ले ली है।

**○ पुलिस को दी हत्या की तहरीर**

**फर्जी बीमा गिरोह बीमे कराकर हत्या कर दुर्घटना का देता था रूप, सात किए गए गिरफ्तार**

# करोड़ों की बीमा राशि पाने को बने हत्यारे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** फर्जी बीमे कराकर लाखों करोड़ों की रकम डकारने के मामले में नित नये-नये खुलासे सामने आ रहे है। बीमे कराकर मौत की नींद सुलाकर कइ हत्याओं के खुलासे भी हो चुके है। फर्जी बीमा गिरोह के खिलाफ चल रही पुलिस की कार्यवाही में विभिन्न थाना क्षेत्रो में बीमे कराकर के खुलासे हो चुके है। पुलिस ने बीमे की राशि के लिए हत्या करने के सात आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) ने इसका अनवारण किया।

पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई व अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अनुकृति शर्मा के निर्देशन मे कानून व्यवस्था, अपराध एवं अपराधियो पर प्रभावी नियन्त्रण को जिले के विभिन्न थानो में निरंतर अन्तर्राज्यीय बीमा फ्राड के विरूद्व कार्यवाही की जा रही है। इसी मामले में मु.अ.सं.0345ध2023 धारा 420,302,201,475,120, भादसं थाना रहरा जनपद अमरोहा में 07 आरोपियों वेदप्रकाश पुत्र गोपीराम निवासी ग्राम धनारी थाना धनारी, कमल सिंह पुत्र गोपी राम निवासी ग्राम धनारी थाना धनारी, निर्देश कुमार पुत्र चन्द्रकेश निवासी मीना की मढैया थाना धनारी, उदयभान पुत्र धर्म सिंह निवासी पैगा रफातपुर थाना कुढ़ फतेहगढ़, प्रेमशंकर पुत्र राममहेश निवासी बायभूड थाना धनारी, सुनील कुमार पुत्र शिशुपाल निवासी हिरौनी थाना रजपुरा, ओमप्रकाश पुत्र मुंशी निवासी भागनगर थाना धानारी को थाना रजपुरा व एसओजी एवं सर्विलांस टीम जनपद सम्भल द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। अपर पुलिस अधीक्षक अनुकृति शर्मा ने बताया कि इन आरोपियों ने सुनियोजित तरीके से अमन पुत्र रामचरन निवासी दक्षिणी दिल्ली उम्र 20 वर्ष की विभिन्न कम्पनियों में बीमा कराकर बीमा की राशि हडपने के उद्देश्य से एक्सीडेन्ट का रूप देते हुये हत्या की थी। इसके अलावा गैंग के सदस्यो ने सलीम पुत्र बाबू की भी 29 जुलाई 2022 को थाना रहरा क्षेत्र में उपरोक्त तरीके से बीमा की राशि हडपने के लिये स्वीकार किया है। जबकि आरोपियों द्वारा एक अन्य हत्या अगले एक माह में किये जाने की योजना बनाने को भी स्वीकार किया। एएसपी ने बताया कि वेदप्रकाश पुत्र गोपीराम निवासी धनारी स्टेशन थाना धनारी ने 16. नवम्बर 2023 मु.अ.सं. 345/2023 धारा 279/304। भादवि बनाम अज्ञात वाहन चालक थाना रहरा जनपद अमरोहा में दर्ज कराया था कि समय 15/16 नवम्बर की रात्रि 3.30 बजे रहरा गवा मार्ग ग्राम रहरई के पास अज्ञात वाहन चालक द्वारा वाहन तेजी व लापरवाही से चलाकर वादी के भांजे अमन पुत्र रामचरन निवासी मकान नं0 20 भाटी खुर्द फत्तेपुर बैरी दक्षिण दिल्ली को टक्कर मार दी थी। जिसमें अमन की मृत्यु हो गई थी। उक्त घटना के मामले में थाना रहरा जनपद अमरोहा पर अज्ञात चालक के विरूद्व मुकदमा दर्ज कर लिया था,लेकिन साक्ष्य के अभाव में अन्तिम रिपोर्ट लगा दी गई थी।

# युवाओं के लिए रामायाण महत्वपूर्ण

**○ प्रत्येक पात्र से मिलती है प्रेरणा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** रामा कान्वेट स्कूल बबराला में भारतेंदु नाटक अकादमी संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा रंग पाठशाला के लोकनाटय रामलीला के दूसरे दिन बच्चों के घट बनाए गए। जिसमें चार घट बने। केवट घट, अहिल्या घट, अयोध्या घट व शबरी घट के हिसाब से सभी कलाकारों को प्रशिक्षण भी दिया गया। प्रशिक्षण के लिए रामलीला कलाकार दिनेश यादव और ममता राजपूत के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बच्चों को बताया कि रामायण हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि इसके भगवान श्रीराम का सम्पूर्ण चित्रण है। उनके क्रियाकलापों का वर्णन है। उनके परिजनों, सम्बन्धी, सखा आदि का उल्लेख है। सभी से हमे प्रेरणा मिलती है। रामलीला में पिता, माता, भाई, बहन, पत्नी, सखा शत्रु सभी के बारे में जानकारी मिलती है। युवाओं को इनसे प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. सुधा गौतम, डा. ममता राजपूत, दिनेश, प्रवेश, लक्ष्मी व बच्चे मौजूद रहे।

## चामुंडा मंदिर पर हुआ विशाल भंडारा

**बबराला।** नगर के चामुंडा मंदिर पर मां भगवती का विशाल जागरण हुआ। जिसमें नगर के लोगों ने भाग लिया। जागरण में भगवती मां के गीत को सुनकर भक्तजन भावविभोर हो गए। मां भगवती का जागरण पूरी रात चला। सुबह की आरती के साथ जागरण का समापन हुआ। इस मौके पर सुभाष चन्द्र, सन्तोष, रोहित, राहुल, नितिन, करन सिंह, किशनलाल, सुरेश रविन्द्र, दिलीप, अभिषेक, कान्हा, उपेन्द्र आदि मौजूद रहे।

# पाकिस्तान वैचारिक रूप से भटकाव का शिकार: किछोछवी

**शाह टाइम्स,ब्यूरो**

**सम्भल।** ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड के राष्ट्रीय अध्यक्ष



एवं वर्ल्ड सूफी फोरम के चेयरमैन सय्यद मोहम्मद अशरफ किछौछवी ने पाकिस्तान के द्वारा गलत रूप से पूरी दुनिया को जिहाद का संदेश देने पर साफ शब्दों में कहा कि पाकिस्तान वैचारिक रूप से भटकाव का शिकार है ,उसके द्वारा लगातार इस्लाम की गलत व्याख्या की जा रही है और दुनिया में धर्म को बदनाम करने की घिनौनी साजिश कर रहा है। उन्होंने पाकिस्तान द्वारा भारत के खिलाफ अपने मिशन का नाम मुकददस किताब की सूरा 61 अस-सफ की आयत संख्या 4 में वर्णित शब्द बुन्यानुम मरसूस पर रखा है। इस आयत में ईश्वर कहता है कि जो लोग धर्म की स्थापना के लिए शांति स्थापित करने के लिए इंसाफ का राज कायम करने के लिए अल्लाह की राह में लड़ रहे हैं। उन्हें उन्हें संबोधित करते हुए कि तुम तुम अधर्म के सामने शीशा पिलाई हुई दीवार की तरह डट जाओ। अब सवाल यह उठता है कि क्या पाकिस्तान धर्म की लड़ाई लड़ रहा है तो जवाब मिलेगा नहीं कदापि नहीं क्योंकि बेगुनाहों को मारना कब से धर्म हो गया मुकददस किताब की सूरा अल मायदा की आयत संख्या 32 में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि जिसने किसी निर्दोष की हत्या की बिना किसी के खून का बदला लिए या जमीन पर फसाद फैलाया तो ऐसा है जैसे उसने समस्त मानवता की हत्या की ऐसे में पहलगाम में निर्दोष लोगों की हत्या करके उसके बाद अपने मिल्ट्री आपरेशन का नाम मुकददस किताब की आयत पर रखना साफ दर्शाता है की धर्म और अधर्म में अंतर को खत्म करके यह खेल किया जा रहा है। इस्लाम को राजनैतिक दर्शन के रूप में स्थापित कर इस्लाम के मूल यानी उसकी रूह इश्क हकीकी को खत्म करने की लगातार बड़े पैमाने पर कोशिश हो रही यह काम पूरी दुनिया में इस्लामिक चरमपंथ के नाम पर हो रहा है और इसी का नतीजा दहशतगर्दी है बल्कि यह कहा जा सकता है दहशतगर्द इस गलत व्याख्या की कोख से जन्मे हैं जबकि किसी भी तरह के आतंकवाद का कोई स्थान इस्लाम में हरगिज नही है नाइंसफी और जुल्म की कोई जगह इस्लाम में नहीं है। पाकिस्तान में लगातार मुकददस किताब और इस्लाम को गलत रूप से इस्तेमाल कर दहशतगर्द चरमपंथी अवाम को गलत शिक्षा देने की कोशिश कर रहे हैं यही वजह है मदरसा को आतंकवाद का अडडा बना पाने में वह कामयाब हो रहे हैं और मदरसे में पढ़ने वाले बच्चे इनका पहला शिकार बन रहे हैं जिन्हें इस्लाम की गलत व्याख्या के माधयम से ब्रेनवाश कर दहशतगर्द बना दिया जा रहा है।उन्होने कहा कि इस्लाम में दो पक्ष हैं एक हुसैनी और दूसरा यजीदी पाकिस्तान ने जहाँ यजीद समर्थक जाकिर नाइक को स्टेट गेस्ट के तौर पर बुलाया वहीं भारत ने हुसैन के जानिसारों के साथ खड़े होते हुए जाकिर नायक को प्रतिबंधित कर दिया इस्लाम का सहिष्णु और मानवता वाला चेहरा हुसैनी है जो असल इस्लाम है।

# अनंत अग्रवाल बने जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**सम्भल।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का नगर निवासी अनंत अग्रवाल को जिले की कमान दी गई है। मनोनयन पत्र मे संगठन को संगठन को मजबूत बनाने के लिए अपना बहुमूल्य समय में से अपना सकारात्मक योगदान देकर जिला व तहसील स्तर पर कमेटियों का गठन कर सदस्यता अभियान बढ़ाने में सहयोग करने पर ज़ोर दिया है।



बबराला। आपरेशन सिंदूर में सैनिकों को अतुलित शक्यिों को यज्ञ में आहूति देते।

# आपदा में सिविल डिफेंस की महत्वपूर्ण भूमिका

**शाह टाइम्स,संवाददाता**

**बबराला।** नगर के राजघाट रोड स्थित उमेश चंद्र वार्ष्णेय के प्रतिष्ठान पर सिविल डिफेंस की बैठक हुई। जिसमें लोगों को युद्व की स्थिति में मुस्तैदी के साथ रहकर एक दूसरे की मदद करने को जागरूक किया गया।

सिविल डिफेंस के चीफ पोस्ट वार्डन योगेन्द्र सिंह यादव ने कहा कि नरौरा में सिविल डिफेंस की स्थापना यहां स्थित पावर प्लांट की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए की गई थी। जिनपद बुलंदशहर के नरौरा स्थित परमाणु विद्युत केन्द्र की 16 किमी की परिधि तक सिविल डिफेंस की जिम्मेदारी निभाने को नागरिक सुरक्षा संगठन गुन्नौर प्रखंड में दी गई हैं नागरिक सुरक्षा की आवश्यकता 1962 के चीन आक्रमण के बाद हुई। जिसके बाद 1968 में संसद द्वारा नागरिक सुरक्षा अधिनियम पारित किया गया। तत्पश्चातसरकार ने सिविल डिफेंस को राष्ट्रीय सुरक्षा के अभिन्न अंग के रूप में विकसित किया और इसे अधिक सक्रिये बनाया। सिविल डिफेंस का मूल उददेश्यआबादी को प्राकृतिक या मानव जनित आपदाओं से सुरक्षित रखना और उनसे होने वाली क्षति को न्युनतम करना है। यह संगठन न केवल स्वयं सेवकों के जीवन की सुरक्षा करता है,बलिक दूसरों के जीचवन और सम्पत्ति की रक्षा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। सिविल डिफेंस प्रशासन को आवश्यक सेवाओं की निरंतरता बनाए रखने में सहयोग करता है और आपदा या युद्व की स्थिति में नागरिकों का मनोबल ऊंचा रखने का कार्य करता है। यह संगठन लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाने मे सहायतता करता है। आपातकाल की स्थिति में यह संगठन दुश्मन के मंसूबों को विफल करने के लिए जनता को सर्तक और संगठित करता है। सिविल डिफेंस न केवल आपदा प्रबंधन में बल्कि अन्य सामाजिक क्षेत्रों जैसे पर्यावरण, वृक्षारोपण अभियानऔर दैवीय आपदादाओं के समय राहत कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाता है। इस दौरान योगेन्द्र सिंह यादव, मुनीश, उमेश चन्द्र वार्ष्णेय, लकी, घनेन्द्र, पूरन, सुरजपाल, विजय कुमार, सत्यपाल आदि मौजूद रहे।

# सात पर रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** कैलादेवी थाना क्षेत्र के रायपुर गांव में शनिवार को दो पक्षों में मारपीट व पथराव और फायरिंग होने के मामले में एक पक्ष के व्यक्ति की तहरीर पर 7 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। रायपुर का निवासी श्रीपाल पुत्र मोरध्वज शनिवार शाम को अपने खेत से घर आ रहा था। रास्ते में राम बहादुर, अजय पाल तथा अमरीश पुत्र रोहन, ललतेश पुत्र राम बहादुर, आकाश पुत्र अजय पाल, नत्थू व करूं पुत्र श्यौराज ग्राम प्रधान की चुनावी रंजिश के चलते मारपीट करने लगे। मारपीट के बाद वह लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी थी।

# सैनिकों को अतुलित शक्तियों को यज्ञ में दी आहूतियां

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बबराला।** पहलगाम में आतंकी हमले के बाद भारतीय सैनिकों के आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में आतंकियों के ठिकानों को ध्वस्त किया। ईश्वरीय सत्ता भारत वासियों की रक्षा करे और भारतीय सैनिकों को अतुलिते शक्ति प्रदान करें। जिससे वह आतंकियों का जड़मूल से सफाया कर सकें। इस निमत्त गायत्री शक्तिपीठ बबराला में यज्ञ भगवान को आहूतियां समर्पित कर लोकमंगल की कामना की गई। गायत्री परिवार के रविन्द्रपाल सिंह ने वेदमंत्रोच्चारण कर यज्ञ सम्पन्न कराया। उन्होने कहा कि भारतीय सेना का शौर्य और पराक्रम राष्ट्र की सुरक्षा, अखंडता एवं शांति के लिए समर्पित है। वह आतंकवाद का समूल नाश कर देशवासियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्व है। भारत विश्व मित्र के रूप में न केवल अपनी सीमाओं की रक्ष करता है,बल्कि संकट की घड़ी में अन्य राष्ट्रों की सहायता कर वैश्विक मानवता का भी संरक्षण करता है। लक्ष्मीचंद ने कहा कि घर परिवार और समाज से बढ़कर राष्ट्र सेवा सर्वोपर्रि है। आज राष्ट्र की रक्षा के लिए भीरत वीर सपूत विश्व धरा से आतंकवादियों को खत्म करने के लिए संकल्पित है। आत्मीय परिजनों ने गायत्री मंत्र और महामृत्युंजय मंत्र की विशेष आहूतियां यज्ञ भगवान को समर्पित कर राष्ट्र को समृद्वशाली और शक्तिशाली बनाने की कामना की।

# बच्चे के जीवन में मां निभाती है मार्गदर्शक व सहेली की भूमिका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सम्भल।** हिंदू जागृति महिला मंच के तत्वावधान में मातृ दिवस पर बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मां की महिमा का वर्णन करते हुए भजन प्रस्तुत किए।

नगर के मोहल्ला दुर्गा कॉलोनी में प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता के आवास पर सर्वप्रथम भारत माता के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। सुनीता यादव ने मां की महिमा का वर्णन करते हुए भजन प्रस्तुत किया, जिसका सभी ने सामूहिक रूप से अनुसरण किया। प्रदेश प्रभारी आशा गुप्ता ने कहा कि मां का स्थान ईश्वर से भी ऊपर है। हमारी पुराणों-ग्रंथों में मां के रूप को विशेष स्थान दिया गया है। मां एक बच्चे के जीवन में मार्गदर्शक, सहेली और प्रेरणास्रोत की भूमिका निभाती है। इतना ही नहीं मां अपने बच्चे के लिए भोजन-पानी, नींद, आराम और खुशी तक छोड़ सकती है। चाहे हम कितने ही बड़े क्यों न हो जाए जब डर लगता है, मन उदास हो या कोई तकलीफ होती है, तो मां की गोद में ही सुकून मिलता है। मां की ममता ऐसी होती है, जो बिना किसी अपेक्षा के सिर्फ देना जानती है। वह हर परिस्थिति में अपने बच्चों के लिए ढाल बनकर खड़ी रहती है। प्रदेश उपाध्यक्ष सरिता गुप्ता ने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में हम अपने माता-पिता के साथ समय नहीं बिता पाते। मातृ दिवस एक ऐसा अवसर है, जब हम अपनी मां को धन्यवाद कह सकते हैं। यह दिन हमें यह याद दिलाता है कि हमारी जिंदगी में जो भी सुख-सुविधाएं हैं, उनमें मां का त्याग और परिश्रम छिपा है। मातृ दिवस केवल एक दिन मां को सम्मान देने का दिन नहीं है, बल्कि यह हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि हम साल के बाकी दिनों में मां के लिए क्या कर सकते हैं और कैसे इतनी व्यस्तता के बीच उनके लिए समय निकाल सकते हैं। बैठक में सुमन शर्मा, निधि दीक्षित, प्रिया रस्तौगी, सुनीता यादव, पुष्टि वार्ष्णेय, वैष्णवी दिवाकर, चारु यादव, निशा शर्मा, ज्योति गुप्ता, नीरू चाहल आदि ने विचार रखे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नेहा मलय ने व संचालन सरिता गुप्ता ने किया।

## वीर जवानों व उनकी माताओं को नमन

**शाह टाइम्स, संवाददाता**

**बबराला।** नगर के रामा कान्वेट स्कूल में मातृ दिवस पर सैनिकों की माताओं को नमन किया गया।जिन्होंने ऐसे वीर जवानों को जन्म दिया जो पाकिस्तान से युद्व लड़ रहे हैं।

प्रधानाचार्य डा. सुधा गौतम ने कहा कि मातृ दिवस हर साल मई के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। हम माताओं के प्रति सम्मान व प्यार व्यकत करते हैं। डा. ममता राजपूत ने कहा कि मातृ दिवस का महत्व मां के प्रति सम्मान और प्यार व्यक्त करने में है। यह एक ऐसा दिन है जब हम अपनी माताओं को उनके समर्पण और त्याग के लिए धन्यवाद देते हैं। इस अवसर पर हम सभी ने उन मां को नमन करें जिन्होंने ऐसे वीर पुत्रें को जन्म दिया जो खुद अमर हो गए और हमें सुरक्षित कर गए। उन मां के वीर शहीदों को कैंडल जलाकर नमन किया। इस दौरान प्रधानाचार्य डा. सुधा गौतम,डा. ममता राजपूत, दिनेश यादव, माही गुप्ता, मिस्टी राजपूत, हर्ष राजपूत, प्रवेश, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

## गर्मी के साथ बिजली की आंख मिचौनी बढ़ी

**सम्भल।** जैसे-जैसे गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है वैसे ही बिजली ने भी अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। अघोषित कटौती से दिन का चैन व रात की नींद हराम कर दी है। सूर्य का तापमान बढ़ने के साथ-साथ बिजली की आंख मिचौनी हद से अधिक बढ़ती जा रही है। पूर्व शेडयूल को बदलकर रोज़ाना नया शेड्यूल बनाया जाता है और बिना किसी पूर्व सूचना के ही अघोषित कटौती की जा रही है। शैड्यूल के मुताबिक भी उपभोक्ताओं को विद्युतापूर्ति नही मिल रही।बढ़ती गर्मी और बिजली की मार से जनमानस की हालत पतली हो रही है। दिन हो या रात बिजली कब आ जाये और चली जाये कुछ पता नही रहता। देर रात तो आलम यह हो चला है कि बिजली में सोये और पसीने में तरबतर ऊपर से मच्छरों की फौज के हमले हो जाते हैं।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद,सम्भल

**पत्रांक संख्या:- 329/गृहकर/2025-26** **दिनांक:-10.05.2025**

**कैंटीन/साइकिल/वाहन स्टैण्ड/विज्ञापन, का ठेका उठाने हेतु नीलामी की सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, सम्भल के वर्ष 2025-26 (अप्रैल से 31.03.2026 तक) हेतु निम्न तालिका में अंकित विवरण अनुसार किराये पर लेने हेतु नीलामी खुली बोली के माध्यम से दिनांक :- 20.05.2025 दिन मंगलवार समय पूर्वान्ह 12:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद, सम्भल के प्रांगण में की जायेगी।

कार्य/नीलामी का विवरण

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | सरकारी बोली प्रारम्भ | बोली/नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति हेतु पंजीकरण शुल्क | जमानत धनराशि |
|---|---|---|---|---|
| 01- | चौधरी सराय चौराहा पर स्थित कैंटीन की नीलामी। | 1,30,000/-रूपये | 12,500/-रूपये | 2,50,000/-रूपये |
| 02- | सदभावना पार्क/मनोकामना रोड में स्थित कैंटीन की नीलामी। | 53,000/-रूपये | 5,000/-रूपये | 50,000/-रूपये |
| 03- | नगर पालिका परिसर में साइकिल/वाहन स्टैंड का ठेका पार्किंग शुल्क की नीलामी। | 3,00,000/-रूपये | 5,000/-रूपये | 1,00,000/-रूपये |
| 04- | विज्ञापन की नीलामी/ठेका होर्डिंग, बिजली के खम्बों पर लगाये जाने वाले विज्ञापन, साइनबोर्ड, टिन प्लेट विज्ञापन, दीवार पर पेन्टिंग, कपड़े के बैनर आदि के विज्ञापनों, समस्त प्रकार के यूनिपोल इत्यादि)। | 8,00,000/-रूपये | 15,000/-रूपये | 3,00,000/-रूपये |

बोली/नीलामी में भाग लेने हेतु पंजीकरण शुल्क जमा कर पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। साथ ही नियत दिनांक:-19.05.2025 समय अपरान्ह 05:00 बजे तक जमानत धनराशि (डी.डी./नकद जमा करनी होगी। किन्तु पंजीकरण शुल्क वापस नहीं होगी। पंजीकरण शुल्क/जमानत धनराशि चेक के माध्यम से स्वीकार नहीं होगी।

नीलामी में भाग लेने से पूर्व अनिवार्य शर्तें नगर पालिका परिषद के गृहकर विभाग के किसी भी कार्य दिवस में देख सकते हैं।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, सम्भल**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, सम्भल**

# जेई ने सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर की ठगी, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर लाखों की ठगी करने वाले नटवरलाल जेई को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। रविवार को पुलिस लाईन बहजोई में एएसपी अनुकृति शर्मा द्वारा मामले का खुलासा किया गया।

बता दें कि महावीर यादव पुत्र चरनसिंह नि0 ग्राम लहरावन थाना बहजोई जिला संभल ने 30 अगस्त 2024 को थाना बहजोई पर तहरीर देकर वियजपाल सिंह पुत्र स्व0 रमेश. चंद्र नि0 ग्राम नरौदा थाना बहजोई जिला संभल के खिलाफ बिजली विभाग में नौकरी लगवाने के नाम पर 30 लाख रु0 की ठगी की है। अभियुक्त विजयपाल उपरोक्त विद्युत विभाग में जेई के पद पर तैनात है जिसके द्वारा पूर्व में कई व्यक्तियों से सरकारी नौकरी लगवाने के नाम पर ठगी की जा चुकी है। पुलिस द्वारा रविवार को नटवरलाल जेई को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। नटरवर लाल को प्रनि0 बहजोई हरीश कुमार, वरि0 उ0नि0 रवेन्द्र कुमार, उ0नि0 तासिम अली, हे0का0 सुरेन्द्र कुमार, हे0का0 प्रदीप कुमार व म0का0 गीता द्वारा गिरफ्तार किया गया।




# भीषण गर्मी में बंद पड़े वाटरकूलर

**चन्दौसी।** नगरपालिका परिषद् द्वारा नगरवासियों व राहगीरों को शीतल जल मुहैया कराने के लिए जगह–जगह वाटरकूलर लगवाये गये थे जो कई वर्षों तक सुचारु रुप से चले परंतु अब नगर में एक–दो वाटरकूलर ही ऐसे होंगे जो चालू है, अधिकांश वाटरकूलर बंद पड़े हैं और राहगीर इस भीषण गर्मी में ठंडे पानी से वंचित हैं। साथ ही अधिकांश स्थानों पर सरकारी नल भी खराब हो चुके हैं या फिर उनमें पानी नहीं आ रही है क्योंकि जब वाटरकूलर सही थे तो किसी को इन सरकारी नलों की आवश्यकता नहीं पड़ी और नल मानो उपेक्षा का शिकार होते रहे। हालांकि नगरवासियों द्वारा वार्ड सभासदों से इस संबंध में कहा जा चुका है परंतु मई माह आने के बाद भी वाटरकूलर सही नहीं हुए। फिलहाल इस भीषण गर्मी में राहगीर शीतल जल के लिये परेशान होते नजर आते हैं।



## एक नजर

# वैश्य एकता मंच ने किया कार्यकारिणी का विस्तार

**चन्दौसी।** वैश्य एकता मंच द्वारा रविवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष लता वार्ष्णेय द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात बच्चों द्वारा गणेश वंदना पर प्रस्तुति देकर लोगों का मनमोह लिया। कार्यक्रम में सर्वसम्मिति से लवित वार्ष्णेय को वैश्य एकता मंच चंदौसी का अध्यक्ष मनोनीत किया



गया। साथ ही आकाश वार्ष्णेय एवं तुषार क्रिस्टल को महामंत्री, मयंक वार्ष्णेय और दीपेश वार्ष्णेय को उपाध्यक्ष, इशांक गोयल को संगठन मंत्री मनोनीत किया गया। कार्यक्रम में वैश्य एकता मंच के विधि सलाहकार एड. प्रवीण गुप्ता द्वारा कहा गया कि वैश्य एकता मंच का उद्देश्य निरतंर सामाजिक कार्यों में प्रतिभाग करना एवं असहाय, गरीब लोगों की मदद करना है। इस मौके पर वैश्य एकता मंच के संरक्षक के रूप में समाजसेवी अखिलेश खिलाड़ी, सचिन मेंथा, अंकित जैन, भुवनेश घी, मनोज कुमार गुप्ता, क्षितिज गुप्ता, सागर गुप्ता, कौशल किशोर, मानस अग्रवाल, एड. निशांत वार्ष्णेय, दुर्गा टंडन, अभिषेक गुप्ता, प्रमोद गुरु, रितिक वार्ष्णेय, पराग वार्ष्णेय, प्रखर रघु वार्ष्णेय, प्रथम वार्ष्णेय, मयंक वार्ष्णेय, कृष्णा वार्ष्णेय, गर्पित, हेमंत वार्ष्णेय आदि मौजूद रहे।

# वृद्धाश्रम में मनाया मातृ दिवस



**चन्दौसी।** जायंट्स ग्रुप वुमेन शिखर व संकल्प ग्रुप द्वारा संयुक्त रुप से रविवार को रामबाग रोड स्थित वृद्धाश्रम में मातृ दिवस मनाया गया। सेन्ट्रल कमेटी मेंबर सुधा चौधरी, उपाध्यक्ष अनु रस्तोगी द्वारा दीप प्रज्वलित कर सर्वप्रथम जायन्ट्स प्रार्थना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात् भगवान गणेश व श्रीकृष्ण के भजनों का गायन किया। साथ ही वृद्धों को खाद्य सामग्री वितरित की गई। इस मौके पर शोभा शर्मा, मोना शर्मा, प्रिया टनाटन, शिवानी शर्मा, शीनू शर्मा, ममता शर्मा, सुप्रीति गुप्ता, सुमन शर्मा, सुमन सैनी, रागिनी सैनी, सीमा अग्रवाल, नंदिनी अग्रवाल, रिशू गर्ग, रचना, विमलेश सैनी, नीरू सिंह, शालिनी शर्मा, शिखा शर्मा आदि मौजूद रहे।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस' मनाए जाने के तहत हुआ प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में इंस्टीट्यूशंस इना. वेशन काउंसिल (आईआईसी) और स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के संयुक्त तत्वावधान में ''राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस'' मनाए जाने के अंतर्गत एक ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व. विद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि ''राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस'' हम सभी को देश के वैज्ञानिकों और इंजीनियरों की उपलब्धियों का जश्न मनाने और आने वाली पीढ़ी को भारत में तकनीकी विकास को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने का एक अवसर देता है। उन्होंने यह भी कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थी दुनिया में चल रही प्रौद्योगिकी के बारे में अपडेट व जागरूक एवं प्रेरित होकर प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की दिशा में लाभन्वित होंगे। इस प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विभिन्न स्कूलों के कुल 110 छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के आधार पर बी.टेक. , कृषि इंजीनियरिंग, प्रथम वर्ष के मोहम्मद अफ्फान प्रथम, बी.टेक., सिविल इंजीनियरिंग, तृतीय वर्ष वर्ष के मोहम्मद शावेज द्वितीय एवं बी. टेक., सिविल इंजीनियरिंग, तृतीय वर्ष के वाशिद अली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। इस मौके पर आईआईसी के अध्यक्ष वं स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डॉ. मनोज कुमार ने ''राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस'' के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि दुनिया नवाचार और प्रौद्योगिकी से भरी हुई है। उन्होंने कहा कि आज हम उन वैज्ञानिकों और इंजीनियरों के योगदान को याद करते हैं, जिन्होंने भारत की वृद्धि और विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस युवाओं को विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी में करियर बनाने के लिए भी प्रेरित करता है। इस ऑनलाइन प्रतियोगिता का संचालन आयोजन सचिव व यांत्रिकी विभाग के डॉ. विनीत सिंह एवं आईआईसी के संयोजक डॉ. अतनु नाग ने संयुक्त रूप से किया।

● आईएफटीएम विश्वविद्यालय में 'मक्का क्षेत्र दिवस' के अवसर

# किसानों को मक्का उत्पादन के लिए किया गया प्रेरित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चरल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग एवं भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान, लुधियाना के संयुक्त तत्वावधान में ''मक्का क्षेत्र दिवस'' के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए समीपस्थ गांवों के किसानों को मक्का उत्पादन के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कार्यकम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं दीं। कार्यकम के दौरान आईआईएमआर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. एस.एल. जाट ने विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के शिक्षकों और किसानों के साथ विभिन्न किस्मों के मक्का के प्रदर्शन फार्मों का भ्रमण किया। उन्होंने उन्नत किस्मों की प्रजातियों की खूबियों के बारे में किसानों को अवगत कराया। डॉ. जाट ने बताया कि मक्का अन्न फसल का विश्व में सबसे अधिक उत्पादन होता है। साथ ही साथ मक्का कई व्यवसायिक उत्पादों को बनाने में काम आती है। इसके अलावा भारत सरकार की योजना के तहत एथनाल बनाने की प्रक्रिया में मक्का की अत्यधिक डिमांड है। किसानों को मक्का की खेती व्यावसायिक खेती के रूप सलाह देते हुए बताया कि मक्का को गन्ना के अलावा अन्य फसलों के साथ भी सहफसली के रूप में किसान लगा सकते हैं। बायर क्रॉप साइंस के श्री सुमित कुमार ने किसानों को मक्का फसल उत्पादन में आने वाली समस्याओं और उसके समाधान के बारे में जानकारी दी। विशेषज्ञों ने मक्का उत्पादन में नई तकनीकों जैसे उन्नत बीज, समेकित कीट प्रबंधन, जल संरक्षण और पोषक तत्वों के संतुलित प्रयोग की जानकारी दी। साथ ही साथ मक्का में लगने वाले कीट एवं खरपतवार प्रबंधन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। वहीं विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति–एकेडमिक एंड एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. वैभव त्रिवेदी, वित्त अधिकारी डॉ. कुशल पाल सिंह, अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, स्कूल ऑफ साइंसेज के निदेशक डॉ. बी.के. सिंह समेत विश्वविद्यालय के स्कूलों के अन्य निदेशकों ने सभी किसानों और विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर स्कूल के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह ने सभी अतिथियों को बुके और प्रतीक–चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। डॉ. सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम किसानों को मक्का की उन्नत खेती, नवीनतम तकनीकों और बाजार संभावनाओं के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया था। उन्होंने मक्का की खेती की बढ़ती महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह फसल न केवल खाद्य सुरक्षा के लिए आवश्यक है, बल्कि इसके औद्योगिक उपयोग भी लगातार बढ़ रहे हैं। उन्होंने किसानों को मक्का के उन्नत किस्मों के बीजों और वैज्ञानिक तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया।



कार्यक्रम में किसानों के लिए एक प्रश्नोत्तर सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें किसानों ने मक्का की खेती से जुड़े अपने सवाल पूछे, जिनके सरल और व्यावहारिक समाधान विशेषज्ञों ने प्रस्तुत भी किए, जिससे किसान काफी लाभान्वित हुए। डॉ. सिंह ने यह भी बताया कि इस कार्यक्रम में किसानों ने बढ– चढ़कर कर पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग किया और कार्यक्रम के दौरान प्राप्त की गई जानकारियों को अपनाने की इच्छा भी जताई। कार्यक्रम का समापन कृषि विज्ञान एवं कृषि अभियांत्रिकी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रमेश पाल के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के एक्टिविटी समन्वयक डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. आंचल सिंह समेत अन्य शिक्षकों का योगदान रहा। इस दौरान स्कूल के शिक्षक तथा समीपस्थ गांवों के 82 किसान और कृषि के विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## कार्यालय ग्राम पंचायत फरीदपुर हमीर वि0 खं0 कुंदरकी (मुरादाबाद)

पत्रांक: मीमो / ग्रा.पं. / विकास कार्य / निविदा / कुटेशन / 2025–26 दिनांक: 11.05.2025

### अल्पकालीन निविदा/कुटेशन–सूचना

समस्त अधिकृत फर्मो, पंजीकृत विक्रेताओं को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत फरीदपुर हमीर वि.ख. कुन्दरकी जनपद मुरादाबाद मे वित्तीय वर्ष 2025–26 हेतु ग्राम पंचायत के द्वारा अनुमोदित ग्राम पंचायत विकास योजना वित्तीय वर्ष 2025–26 के अनुसार पंचम राज्य वित्त आयोग, पंद्रहवा वित्त आयोग,व अन्य शासकीय मदो के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराये जाने हेतु निर्धारित मानक/गुणवत्ता के अनुसार उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थलो पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबंद निविदाये/ कुटेशन आमन्त्रित की जाती है। जिसमे निर्धारित निविदा शुल्क 500/– देय होगा। इच्छुक फर्मे एवं आपूर्तिकर्ता दिनाक 12.05.2025 से 20.05.2025 तक निविदा प्रपत्र क्रय करके दोपहर 01.00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय पर सीलबंद लिफाके मे निविदा/कुटेशन दरे सहित जमा कर सकते है। जोकि दिनाक 20.05.2025 के अधोहस्ताक्षरी के समक्ष कार्य दिवस मे अपरान्ह 03.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र.सं | सामग्री का नाम | मात्रा | दर |
|---|---|---|---|
| 1 | सीमेंट | प्रति बैग | |
| 2 | बालू रेत | घन मी | |
| 3 | बजरफुट | घन मी | |
| 4 | 20 एम.एम बजरी | घन मी | |
| 5 | 40 एम.एम बजरी | घन मी | |
| 6 | ईट प्रथम श्रेणी एम– 150 | प्रति हजार | |
| 7 | ईट बालदार एम– 275 | प्रति हजार | |
| 8 | ईट रोड़ा | घन मी | |
| 9 | सी.सी. इंटरलॉकिंग टाईल्स 60 एम.एम सफेद | प्रति नग | |
| 10 | सी.सी. इंटरलॉकिंग टाईल्स 60 एम.एम रंगीन | प्रति नग | |
| 11 | दीवार टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 12 | फर्श टाईल्स | प्रति वर्ग मीटर | |
| 13 | सरिया | प्रति कुन्टल | |
| 14 | लोहे की जाल | प्रति कुन्टल | |
| 15 | मिट्टी–ढुलाई सहित | प्रति घनमीटर | |
| 16 | लोकल रेत | प्रति घनमीटर | |
| 17 | वाल पेंटिंग | प्रति वर्ग मीटर | |
| 18 | सेनेट्री सामग्री | प्रति नग | |
| 19 | बिजली उपकरण | प्रति नग | |
| 20 | आयरन एंगिल | प्रति किग्रा | |
| 21 | फर्नीचर | प्रति नग | |
| 22 | सी.सी. बैंच | प्रति नग | |
| 23 | डस्टबिन | प्रति नग | |
| 24 | स्ट्रीट एल.ई.डी. लाइट | प्रति नग | |
| 25 | फर्नीचर स्कूल बैंच कम्पलीट | प्रति नग | |
| 26 | पेंट | प्रति लीटर | |
| 27 | प्राइमर (लोहा लकड़ी) | प्रति लीटर | |
| 28 | शौचालय सीट | प्रति नग | |
| 29 | हैंडपंप मरम्मत उपकरण | नग / किट | |
| 30 | आर.सी.सी. पिलर | नग / बैग | |
| 31 | वालपुट्टी | बैग | |
| 32 | पी.वी.सी. पाइप | मीटर | |
| 33 | वाटर स्टोरेज टैंक | प्रति नग 1000 ली | |
| 34 | प्लाईबोर्ड | प्रतिकिट | |
| 35 | रनिंग वाटर सप्लाई उपकरण | प्रति नग / किट | |
| 36 | लोहे के गेट | प्रति कुन्तल | |
| 37 | आयरन शीट | प्रति किग्रा | |
| 38 | माईका शीट | प्रति गज | |

**नियम व शर्ते–** स्वीकृत निविदा /कुटेशन के अनुसार आपूर्ति ग्राम पंचायत मे उपलब्ध धनराशि के आधार पर की जाएगी, जो समय–समय पर प्राप्त आवंटित धनराशि पर आधारित है। आवश्यकता अनुसार सामग्री की आपूर्ति ग्राम प्रधान/पंचायत सचिव के आदेश पर की जायेगी। सामग्री की मात्रा घटायी व बढ़ायी जा सकती है। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत की परिधी मे स्वीकृत दर पर निर्धारित कार्यस्थल पर करनी होगी। सामग्री आपूर्ति का भुगतान अधोहस्ताक्षरी की स्वीकृति के उपरान्त ही किया जायेगा। आपूर्ति का जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन सम्बन्धित विभाग मे होना अनिवार्य है प्रस्तुत दरे पी.डब्लू.डी की दरो के अनुरूप गुणवत एवं मानक अनुरूप हो। सामग्री की आपूर्ति ग्राम पंचायत के आदेशानुसार निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत की जानी अनिवार्य है। सामग्री की गुणवत्ता मानक के अनुरूप नही पाये जाने की स्थिति मे भुगतान की धनराशि मे नियमानुसार कटौती कर ली जायेगी। निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत को होगा।

ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत फरीदपुर हमीर
वि0खं0 कुन्दरकी, मुरादाबाद

ग्राम पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत फरीदपुर हमीर
वि0खं0 कुन्दरकी, मुरादाबाद

# आईसीएसई इंटरमीडिएट परीक्षा में देश में तीसरा स्थान प्राप्त कर नैतिक ने किया नगर का नाम रोशन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्वसमाज जागरूकता अभियान भारत द्वारा आईसीएसई बोर्ड इंटरमीडिएट परीक्षा में मुरादाबाद मंडल एवं संभल जनपद के टॉपर तथा पूरे देश में टॉप टेन में तीसरा स्थान (99.25 प्रतिशत अंक) पाने वाले नैतिक बंसल पुत्र मयंक कुमार अग्रवाल नि0 विकास नगर चंदौसी द्वारा शहर का नाम रोशन करने पर शाल ओढ़ाकर, फूल मालाएं पहना कर, मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। साथ ही मातृ दिवस के अवसर पर नैतिक बंसल की मां समिता रानी अग्रवाल को भी सम्मानित किया गया। सम्मान सभा को संबोधित करते हुए अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि नैतिक बंसल ने चंदौसी और जनपद का नाम पूरे देश में रोशन किया है हम सब गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस दौरान दिनेश चंद्र गुप्ता, अनिल कुमार शर्मा, रामकिशोर अग्रवाल, भावना गुप्ता, एन.के. शर्मा, वेदराम मौर्य, मयंक कुमार अग्रवाल, समिता रानी अग्रवाल, प्रिया अग्रवाल, कल्पना अग्रवाल, आकांक्षा अग्रवाल, कृष्ण कुमार बंसल, तनिष्का, आराध्या, राहुल अग्रवाल आदि मौजूद रहे।



# आयुष्मान अस्पताल में चिकित्सा शिविर का आयोजन

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** चंदौसी रोड स्थित आयुष्मान अस्पताल में एक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें दूर–दराज से आए मरीजों को बेहद कम दरों पर इलाज की सुविधा उपलब्ध कराई गई। इस विशेष शिविर में मरीजों को फिजिकल जांच, ब्लड प्रेशर, शुगर टेस्ट, अल्ट्रासाउंड और फोन से संबंधित जांच की सेवाएं रियायती दरों पर प्रदान की गई। अस्पताल के प्रमुख चिकित्सक डॉ. जितेंद्र कुमार (एमएस) ने बताया कि यह शिविर हर सप्ताह आयोजित किया जाता है ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मरीज भी गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा प्राप्त कर सकें।

डॉ. जितेंद्र ने यह भी बताया कि आयुष्मान अस्पताल क्षेत्र का पहला ऐसा संस्थान है जहां आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत इलाज की सुविधा उपलब्ध है। इस योजना के अंतर्गत कई मरीजों ने मुफ्त सेवाएं प्राप्त कीं। चिकित्सा शिविर के दौरान अस्पताल का पूरा डॉक्टरी और नर्सिंग स्टाफ मौके पर उपस्थित रहा, और मरीजों को हर संभव सहायता प्रदान की गई। इस शिविर में लगभग 70 मरीजों को नि:शुल्क परामर्श और प्राथमिक उपचार दिया गया। डॉक्टर जितेंद्र कुमार ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस तरह के सेवा शि. विर जारी रहेंगे ताकि जरूरतमंदों को राहत मिलती रहे।



## सूचना/नोटिस

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा एक मात्र पुत्र अनमोल यादव व उसकी पत्नी श्रीमती रंजू मेरे व मेरे परिवार के कहने में नहीं है मेरा पुत्र अनमोल यादव अत्याधिक शराब का सेवन करता है तथा मेरे परिवार व मुझसे अभद्र व्यवहार करता है उसकी पत्नी भी उसका साथ देती है इन दोनों की वजह से समाज में मेरी व मेरे परिवार की प्रतिष्ठा धूमिल हो रही है। मैं अपने पुत्र व पुत्रवधू को अपनी समस्त चल व अचल संपत्ति से वंचित करता हूं। मैंने व मेरे परिवार ने इन दोनों से सभी प्रकार के संबंध समाप्त कर लिए हैं। भविष्य में यह दोनों अपने अच्छे–बुरे काम के लिए स्वयं उत्तरदायी होंगे। **ताहर सिंह पुत्र मान सिंह निवासी ग्राम बूजपुर मान तहसील व जिला मुरादाबाद।**

## कार्यालय ग्राम पंचायत सब्जीपुर
विकास खण्ड–डींगरपुर कुंदरकी ( मुरादाबाद )।

पत्रांक: मीमो/ग्राम निधि//ग्रा.पं./निविदा/2025–26 दिनांक: 12.05.2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत सब्जीपुर विकास खण्ड कुन्दरकी (मुरादाबाद) की आयोजित बैठक में पारित कार्य योजना के सापेक्ष पंचम राज्य वित्त/15वां वित्त/योजनान्तर्गत में निम्न कार्य इस ग्राम पंचायत द्वारा जनहित में कराये जाने है। सामग्री आपूर्ति हेतु इच्छुक पंजीकृत आपूर्तिकर्ता/ठेकेदार दिनांक: 20.05. 2025 को दोपहर 01.00 बजे तक अपनी–अपनी निविदाएं अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में अपने पंजीकरण प्रमाण पत्र/व्यापार कर के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की छायाप्रति के तथा हैसियत प्रमाण पत्रों सहित नियमानुसार जमानत राशि के साथ एफडीआर आदि संलग्न करते हुए अपनी अपनी निविदाएं अधोहस्ताक्षरी के ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। निविदाएं स्वीकृत / अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार अधोहत्ताक्षरी को निहित होगा। निविदाएं ग्राम पंचायत मुख्यालय पर दिनांक 20.05.2025 को शाम 4.00 बजे खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू. लाख में) | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य | कार्य पूर्ण अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सब्जीपुर में फुरकान के घर से बाके के घर तक मिटटी व सी.सी. टाईल्स रोड निर्माण कार्य | 140302 | 2806 | 300/– | 3 माह |
| 2 | सब्जीपुर में लटूर के घर से करनपाल के घर तक मिटटी व सी.सी. टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 221579 | 4432 | 300/– | 3 माह |
| 3 | सब्जीपुर में लटूर के घर से करनपाल के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 150805 | 2016 | 300/– | 3 माह |
| 4 | सब्जीपुर में सूखा के घर से मित्रपाल के घर तक मिटटी, नाली व सी.सी.टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 256653 | 5133 | 300/– | 3 माह |
| 5 | सब्जीपुर में मस्जिद के कोने से डोरी के घर तक मिटटी व सी.सी.टाईल्स रोड निर्माण कार्य | 368312 | 7366 | 300/– | 3 माह |
| 6 | सब्जीपुर में मस्जिद के कोने से डोरी के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 184858 | 3697 | 300/– | 3 माह |
| 7 | सब्जीपुर में जुम्मा मुल्ला जी के घर से इकबाल के घर तक नाली निर्माण कार्य। | 136710 | 2734 | 300/– | 3 माह |
| 8 | सब्जीपुर में निजाम के घर से इलयास के घर तक मिटटी, नाली व सी.सी.टाईल्स रोड निर्माण कार्य। | 120910 | 2418 | 300/– | 3 माह |

**मुख्य शर्ते –**
1. उपरोक्त कार्य के लिए पंजीकृत फर्म जी. एस. टी. नम्बर सहित निविदा प्रपत्र देय होगा।
2. इस निविदा को बिना बताये पूर्ण या आशिक रूप से निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास होगा, सशर्त या अपूर्ण निविदाएं किसी भी दशा में मान्य नहीं होगी।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत सब्जीपुर
वि० खं० कुंदरकी, मुरादाबाद।

# ट्रैक्टर से कुचलकर डेढ़ वर्ष के मासूम की मौत

ईंट भट्ठे पर काम करने के दौरान हुआ हादसा, माता-पिता कर रहे थे मजदूरी





**ठाकुरद्वारा।** ईंट भटटे पर काम रहे व्यक्ति का डेढ़ वर्षीय मासूम की ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दबकर मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब मासूम के माता-पिता ईंट भट्ठे पर काम कर रहे थे। घटना से ईंट भट्ठे पर अफरा-तफरी मच गई और मासूम की मौत से पूरा परिवार सदमे में है। पुलिस ने मासूम के शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम को भिजवा दिया है।

बतादें कि बिहार के जनपद नालंदा ग्राम नारी थाना न्यू सराय निवासी मिथलेश सिंह ने बताया कि वह अपनी परिवार के साथ ठाकुरद्वारा क्षेत्र ग्राम रघुनाथपुर स्थित शीतल ब्रिक फील्ड पर कार्य करता है। रविवार को दोपहर 5 बजे एक दर्दनाक हादसे में डेढ वर्षीय मासूम सौरभ की ट्रैक्टर के पहिए के नीचे दबकर मौत हो गई। यह हादसा उस समय हुआ जब मासूम के मै अपनी पत्नी के साथ ईंट भट्टे पर काम कर रहे थे।

घटना से ईंट भट्टे पर अफरा-तफरी मच गई । वही मृतक के पिता मिथलेश ईंट भट्टे पर ईंट पाथने का काम करते हैं। हादसे के वक्त वे अपने कार्य में व्यस्त थे, तभी मिट्टी से भरा एक ट्रैक्टर वहां से गुजर रहा था। उसी दौरान खेलते हुए मासूम सौरभ ट्रैक्टर के पहिए के नीचे आ गया। ट्रैक्टर का पिछला पहिया मासूम पर चढ़ गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद टैक्टर चालक टैक्टर छोड़ मौके से फरार हो गया है। वही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी गई है। ईंट भट्टे पर काम कर रहे अन्य मजदूरों में भी इस हृदयविदारक घटना से शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक के पिता ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर टैक्टर चालक के खिलाफ कानूनी कार्यवाही की मांग की हैं । पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## गौतम बुद्ध महापर्व जयंती समारोह का कार्यक्रम होगा आज

**बिलारी।** अखिल भारतीय अंबेडकर युवक संघ तहसील बिलारी द्वारा 12 मई को गौतम बुद्ध महापर्व जयंती समारोह का कार्यक्रम अंबेडकर पार्क बिलारी में आयोजित किया जाएगा।

जिसमें बौद्ध वंदना,बुद्ध प्रवचन वक्ताओं द्वारा बाबा साहब और भगवान गौतम बुद्ध और बहुजन समाज में जन्में सभी महापुरुषों के संबंध में विचार गोष्ठी और खीर वितरण कर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अंबेडकर युवक संघ के तहसील अध्यक्ष डॉ जगतपाल सिंह व महामंत्री के के नवल ने बताया कि सभी अंबेडकर एवं भगवान गौतम बुद्ध को मानने वाले समय से पहुंचेंगे।

## टीएमयू लॉ कॉलेज की नेशनल कॉन्फ्रेंस में 263 रिसर्च पेपर्स और पोस्टर्स हुए प्रजेंट

### तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के विधि संकाय की ओर से भारत में दहेज निषेध कानूनों के सामाजिक प्रभाव: विकसित भारत / 2047 की ओर एक कदम पर दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का समापन

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के विधि संकाय की ओर से दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस के चार तकनीकी सत्रों में 63 रिसर्च पेपर्स और 200 पोस्टर्स प्रजेंट किए गए। तकनीकी सत्रों में केआर मंगलम यूनिवर्सिटी-गुरुग्राम, क्राइस्ट यूनिवर्सिटी-बैंगलूरु, उड़ीसा के भुवनेश्वर की एक्सआईएम यूनिवर्सिटी और शिक्षा ओ अंनुसंधान डीम्ड यूनिवर्सिटी, बीएचयू आदि के रिसर्च स्कॉर्ल्स, प्रोफेसर्स, स्टुडेंट्स ने अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। चार पैनल डिसक्सन में यूजीसी के डिप्टी सेक्रेटरी श्री विनोद सिंह यादव, डीयू की लॉ फैकल्टी डॉ. निधि सक्सेना, राम मनोहर लोहिया नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के डॉ. अमनदीप, नोएडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी के डॉ. देवेन्द्र के संग-संग टीएमयू के लॉ कालेज के प्रो. मनीष यादव, डॉ. सुशीम शुक्ला, डॉ. राकेश कुमार बतौर चेयर पर्सन मौजूद रहे। वेलेडेटरी सेशन में टीएमयू के कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज के प्रिंसिपल प्रो. नवनीत कुमार बतौर मुख्य अतिथि, लॉ के डीन प्रो. हरबंश दीक्षित, एचओडी डॉ. अमित वर्मा, डॉ. माधव शर्मा, डॉ. नम्रता जैन, डॉ. कृष्ण मोहन मालवीय, डॉ. करिश्मा अग्रवाल आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट्स और मेडल देकर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है, भारत में दहेज निषेध कानूनों के सामाजिक प्रभाव:




विकसित भारत / 2047 की ओर एक कदम पर दो दिवसीय नेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन हुआ।

## नागरिक सुरक्षा के तत्वावधान में हवाई हमलों से बचाव को मॉक ड्रिक का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी/ नियंत्रक नागरिक सुरक्षा मुरादाबाद के निर्देशानुसार आज नागरिक सुरक्षा कोर मुरादाबाद द्वारा हवाई हमलों से बचाव मॉक ड्रिल का आयोजन मुरादाबाद विकास खंड सदर तहसील मे किया गया । बड़ी संख्या में विकास खंड के अंतर्गत ग्राम प्रधान एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/ कार्यकर्ती एवं कर्मचारियों ने हिस्सा लिया जिसमें महिलाओं की संख्या अधिक रही। उप नियंत्रक श्री नीरज चक ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में हवाई हमले के संकेत के समय क्या कार्रवाई करनी है उसके बारे में विस्तार से बताया।सायरन के समय शेल्टर लेने एवं हवाई हमला होने के पश्चात ऑल क्लियर सायरन होने पर छोटी-छोटी आग को म०जपदहीनेमत द्वारा बुझाने का प्रदर्शन किया गया स इस अवसर उप जिलाधिकारी सदर, पुलिस क्षेत्र अधिकारी, खंड विकास अधिकारी, नजमुल इस्लाम चीफ वार्डन, सुरेंद्र प्रकाश गुप्ता प्रभागीय वार्डन, अशोक कुमार गुप्ता प्रभारी प्रभागीय वार्डन, राजेश गुप्ता स्टाफ अधिकारी,शरीफ अहमद स्टाफ, अनुभव गुप्ता,नीतू सक्सेना,रेणुका सिंह,अरविंद कुमार थॉमस,चेतन मेहता, गौरव, दिलफराज आदि बड़ी संख्या में वार्डन्स ने हिसा लिया।




## ग्रामीणों ने एनएचआई अधिकारियों के खिलाफ विरोध जताकर जिला अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद में सैकड़ों ग्रामीणों ने एनएचआई अधिकारियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करते हुए ठीकरी रिंग रोड पर मिनी अंडरपास बनाने की मांग की है, आप को बताते चले कि ठीकरी, लखनपुर, नकटपुरी, आंवला घाट, शीकमपुर पांडे, गुलड़िया, दिलपुरे की मिल्क, खैर खाता, सक्टूनगला, सरकड़ा खास, हमीरपुर आदि गांवों को जोड़ने वाले रिंग रोड को बंद करने पहुंची एनएचआई टीम के खिलाफ इकट्ठा हो कर सभी ने विरोध प्रदर्शन किया, प्रदर्शनकारियों ने बताया कि हम सभी लोग इसी रस्ते से मुरादाबाद को जाते हैं, अगर ये रिंग रोड बंद हो जाता है तो सभी लोगों को बहुत परेशानी होगी। उक्त सभी गांवों के किसानों के खेत भी इस रिंग रोड के पास में ही है, जिस पर उक्त सभी किसान अपनी बैलगाड़ी, और इंजन इसी रस्ते को लेकर जाते है, और इसी रस्ते से घर आते है, इस रोड को पी ०डब्लू० डी० ने 2007 में चयनित किया था, यह रास्ता 20 से 25 गांवों को जोड़ने का मैंन रास्ता है, इस रास्ते को रिंग रोड अधिकारी बन्द कर रहे है, और इन सभी गांवों के लोगों को घुमाकर रास्ता दे रहे हैं।

उक्त सभी लोगो ने इस बात से नाराज होकर जिला अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है, इसमें सभी ग्रामीणों ने बताया कि हम इस रोड को बंद नहीं कराना चाहते, इस रिंग रोड को बंद किये बिना एक मिंनी अंडरपास बनवाया जाए।

## तहसील के बाबू ने खाया जहर, एसडीएम पर उत्पीड़न करने का आरोप

**मुरादाबाद।** जनपद मुरादाबाद के शंकरनगर थाना मझोला में सदर तहसील के एक बाबू ने जहरीला पदार्थ खाकर खुद्खुशी करने का प्रयास किया जिनकी हालत बिगड़ने पर एसडीएम ने उसको अस्पताल में भर्ती कर दिया। आपको बता दें कि सदर तहसील के कुलदीप बाबू ने एसडीएम पर बे वजह उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए जहरीला पदार्थ खा लिया। जहरीला पदार्थ खाने से पहले उसने एक वीडियो भी बनाई थी।

जिसमें उसने एसडीएम राममोहन मीणा पर आरोप लगाते हुए बताया कि, एसडीएम ने उसकी छुट्टी मंजूर नहीं की। जिससे वेतन रुक गया। इसी बात से क्रोधित होकर उसने यह जहरीला पदार्थ खाया है। पुलिस वीडियो के आधार पर जांच में जुटी हुई है।

## दुश्मन के हमले से बचाव के तरीके बताए

**डिलारी।** भारत-पाकिस्तान के बढ़ते तनाव को देखकर पुलिस प्रशासन सक्रिय हो गया । रविवार को ब्लॉक डिलारी के सभागार में मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें दुश्मन के अटैक से बचने के तरीके बताए, एसडीआरएफ की टीम ने लोगों को आग से बचाने को जागरूक किया, मॉक ड्रिल में विभिन्न विभाग, बाल विकास परियोजना ,स्वास्थ्य विभाग, पंचायत राज विभाग,और पुलिस प्रशासन ने प्रतिभाग किया, इस मौके पर पुलिस क्षेत्राधिकार ठाकुरद्वारा, बाल विकास परियोजना अधिकारी राजेश कुमार, खंड विकास अधिकारी त्रिलोक चंद. ,स्वास्थ्य विभाग के डॉक्टर आशीष कुमार ,शिक्षा विभाग से भूपेश दिनकर आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

## सलेमपुर में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन

**कांठ।** सैनिकों के सम्मान में सलेमपुर गांव में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा का आयोजन रविवार शाम 4:00 बजे किया गया। जिसमे अनुज विश्नोई के साथ गांव के युवाओं ने हिस्सा लिया। ट्रैक्टर रैली में नौबहार सिंह गुर्जर भुरे सिंह चौहान राहुल सैनी बाबी गुजर अंकुर विश्नोई प्रियांशु बिश्नोई रोहित काले सिंह कश्यप प्रमोद सागर कुश बिश्नोई अंश बिश्नोई बंटी सिंह गुर्जर आदि मौजूद रहे।



# शिक्षकों के पचास हजार से अधिक पदों पर भर्ती की कयावद हुई तेज

**कांठ ( शाह टाइम्स )** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग शिक्षकों के 50 हजार से अधिक पदों पर नई भर्ती की तैयारी कर रहा है। आयोग को अब बेसिक, माध्यमिक व उच्च शिक्षा विभाग से रिक्त पदों का अधियाचन मिलने का इंतजार है। इसके लिए आयोग की ओर से आठ बार तीनों विभागों के प्रतिनिधियों की बैठक बुलाई की जा चुकी है।

आयोग में तीन दिन पहले हुई बैठक में उच्च शिक्षा निदेशालय के प्रतिनिधियों ने आश्वस्त किया है कि 15 से 20 जून के बीच असिस्टेंट प्रोफेसर भर्ती के लिए रिक्त पदों का अधियाचन भेज दिया जाएगा। अशासकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के एक हजार से अधिक पद रिक्त हैं सूत्रो की माने तो माध्यमिक शिक्षा विभाग भी अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक (टीजीटी) व प्रवक्ता (पीजीटी) के रिक्त पदों का अधियाचन जून के आखिरी सप्ताह तक उपलब्ध करा देगा।

अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों में टीजीटी व पीजीटी के 24,859 पद रिक्त पड़े हैं, जिनमें 20,745 पद टीजीटी व 4,384 पद पीजीटी के हैं। वहीं, बेसिक शिक्षा विभाग में सहायक अध्यापक के करीब 27 हजार पद खाली हैं। आयोग ने बेसिक शिक्षा विभाग से भी रिक्त पदों का अधियाचन मांगा है। तीनों विभाग शिक्षकों के रिक्त पदों का अधियाचन समय से भेज देते हैं तो आयोग 50 हजार से अधिक पदों पर भर्ती का विज्ञापन जारी कर देगा। विभागों को ऑनलाइन माध्यम से रिक्त पदों का ई-अधियाचन भेजना है।

## नाबालिक के साथ बंधक बनाकर किया दुष्कर्म

**डिलारी।** नाबालिक के साथ बंधक बनाकर दुष्कर्म कर डाला पहले फेसबुक पर दोस्ती फिर नाबालिक को बंधक बनाकर दुष्कर्म की घटना से सनसनी फैल गई। क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने फेसबुक के जरिए जालौन निवासी नाबालिक को शादी का झांसा देकर अपने प्रेम जाल में फांस लिया, अपना घर द्वार छोड़कर किशोरी अब से 25 दिन पहले युवक के घर पहुंच कर शादी करने को कहा ।जिस पर युवक मुकर गया, किशोरी को प्रताड़ित करने लगा, आरोप है कि 25 दिन तक एक कमरे में बंद कर उसके साथ दुष्कर्म करता रहा, मकान की छत पर कड़ी धूप में तपता रहा, किसी तरह चंगुल से छूटकर रविवार को किशोरी ने थाना डिलारी पहुंचकर युवक के नाम तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की, किशोरी थाने में बैठकर इंसाफ की गुहार लगा रही है। थाना प्रभारी डिलारी योगेंद्र कुमार ने बताया कि घटना की जांच पड़ताल विस्तार से की जा रही है। लड़की ऐज प्रूफ नहीं दिखा पाई है। मानक आयु प्रमाण पत्र पेश करने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## एक नजर

### ब्लॉक अध्यक्ष के पुत्र की मृत्यु पर शोक प्रकट करने पहुंचे भाकियू के पदाधिकारी

**कांठ।** भारतीय किसान यूनियन टिकैट के ब्लॉक अध्यक्ष देवेंद्र सिंह के बेटे पवन कुमार की बीमारी के चलते मृत्यु हो गई थी उनके निधन पर शोक प्रकट करने के लिए आज किसान नेता चौधरी ऋषिपाल सिंह धनेंद्र शर्मा सतबीर सिंह मान पंकज चौधरी हरदीप बिश्नोई रामपाल सिंह विक्रांत चौधरी संजू ढाका आदि पहुंचे और अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की। उन्होंने ब्लॉक अध्यक्ष के परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और उन्हें हर सुख दुख में उनके साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।



### अदालत में हाजिर न होने पर वारंट जारी पुलिस ने किया दो को गिरफ्तार

**कांठ।** पेशी पर हाजिर न होने से नाराज अदालत ने वारंट जारी कर दिए पुलिस ने आज दोनों बारंटियो को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया है। बबलू उर्फ बलबीर पुत्र राम रतन निवासी आशापुर कॉलोनी के खिलाफ धारा 323/ 324 और 504 का मुकदमा दर्ज किया गया था।



जिसकी तारीख पर आरोपी नहीं पहुंचा इसके अलावा जीवन सिंह पुत्र रामचरण सिंह मोहल्ला फजलाबाद सलेमपुर के खिलाफ भी धारा 406/ 504 और 506 में मुकदमा दर्ज हुआ था उनके भी अदालत में न पहुंचने पर कोर्ट ने दोनों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किए पुलिस ने आज दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

### भरपूर पानी न होने के कारण बन्दा लगाकर सिंचाई कर रहे किसान

**कांठ।** नहरों में भरपूर पानी न छोड़े जाने के कारण किसान बंदा लगाकर सिंचाई करने को मजबूर है शिकायत के बाद भी विभाग द्वारा नहरो में पानी मानक के अनुसार नहीं दिया जा रहा है।

बतादे की कांठ तहसील में उमरी और महमूदपुर रजवाहे से काफी बड़ा रकवा सिंचित किया जाता है इस वक्त किसानों को गन्ने में सिंचाई करने की आवश्यकता है तो महमूदपुर रजवाहे का जल स्तर बिल्कुल कम है जिससे किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है किसानों को मजबूरन कानून तोड़ते हुए नहरों में जगह-जगह बंदे लगाकर सिंचाई करनी पड़ रही है उसमें भी विभाग के लोग बीच में आकर बांदा हटा देते हैं जिससे किसानों को सिंचाई करना और भी मुश्किल हो गया है किसानों ने नहरो में मानक के अनुसार पानी छोड़े जाने की मांग की है।



### वांछित आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**बिलारी।** थाना बिलारी की पुलिस टीम द्वारा सघन अभियान चलाकर 06 मई 2025 को थाना बिलारी में मुकदमा संख्या 198/25 धारा 137(2) बीएनएस बनाम अज्ञात अभियुक्त के विरूद्ध पंजीकृत किया गया था। बिलारी पुलिस ने उक्त मुकदमे में अपहर्ता की बरामदगी व बयान के आधार पर धारा 64(1) बीएनएस व 3/4 पोक्सो एक्ट की वृद्धि कर आज अभियुक्त शौकत कुमार मूल निवासी वेस्ट बंगाल हाल निवासी वार्ड नंबर 04 मौहल्ला- बनिया वजीरगंज- जिला बदायूँ उत्तर प्रदेश को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार करने वाला पुलिस टीम में निरीक्षक अपराध नरेश कुमार, उपनिरीक्षक विपिन कुमार, कांस्टेबल नितिन कुमार आदि मुख्य थे।

### माक ड्रिल में आपातकालीन परिस्थितियों में बचाव के तरीके सिखाए

**भोजपुर।** रविवार को ब्लाक भगतपुर टांडा प्रांगण में केंद्र एवं प्रदेश सरकार और ग्रह मंत्रालय के निर्देशन पर नागरिक सुरक्षा माक ड्रिल किया गया।घ जिसका उद्देश्य नागरिकों को आपातकालीन परिस्थितियों में व्यवस्थित एवं तत्काल प्रतिक्रिया देना रहा।

जिसमे हवाई हमले के समय बचाव के तरीके, घायलों को प्राथमिक चिकित्सा उपलब्ध कराने का अभ्यास कराया।घ नायब तहसीलदार सिटी, अधिशासी अधिकारी,खंड विकास अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग की टीम,लेखपाल एवं स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया।

### शादी का झांसा देकर अवैध सम्बन्ध बनाना व उसके परिवार द्वारा धमकी देने के सम्बन्ध में हुई रिपोर्ट दर्ज

**बिलारी।** ग्राम थांवला निवासी ताहिर की पुत्री ने थाना बिलारी में आकर थाना प्रभारी निरीक्षक बिलारी को प्रार्थना पत्र देकर ग्राम के एक ही परिवार के चार लोगों के खिलाफ तहरीर लिखाई है जिसमें समीर पुत्र कलुआ नि0 ग्राम थांवला थाना बिलारी द्वारा शादी का झाँसा देकर अवैध सम्बन्ध बनाना व उसके परिवार द्वारा उसको धमकी देने के सम्बन्ध में भी प्रार्थना पत्र में लिखा गया।

बिलारी पुलिस ने प्रार्थना पत्र के आधार पर थाना बिलारी में रिपोर्ट दर्ज कर धारा 69/351(2) बीएनएस पंजीकृत मुकदमा किया गया। जिसकी जांच उपनिरीक्षक ओमपाल सिंह द्वारा की जा रही है।

# 16 से फिर शुरू हो सकता है IPL

● फाइनल 30 मई को मुमकिन, भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण बीच में रोक दी थी लीग




**मुंबई, वार्ता।** आईपीएल 16 मई से फिर शुरू हो सकता है। फाइनल मुकाबला 30 मई को मुमकिन है। मीडिया रिपोर्ट्स में बीसीसीआई सूत्रों के हवाले से रविवार को यह जानकारी दी गई। अब बाकी 16 मैचों के लिए नया शेडयूल जल्द जारी होगा। पाकिस्तान के साथ तनाव के बीच 9 मई को आईपीएल 2025 सस्पेंड करना पड़ा था। बीसीसीआई ने लीग को रोकते हुए कहा था कि देश इस समय यु( की स्थिति में है। ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं है। आईपीएल 2025 के तहत 74 मैच खेले जाने थे। 8 मई तक 58 मैच हो चुके थे। यानी अब 16 मुक. ाबले बाकी हैं। इनमें 12 मैच लीग स्टेज के हैं और 4 मैच प्ले ऑफ स्टेज के हैं। मुंबई, कोलकाता, राजस्थान और चेन्नई के दो-दो लीग मैच बाकी हैं। बाकी टीमों के तीन-तीन लीग मुक. ाबले अभी होने हैं। टीमों की स्थिति नीचे दिए पाइंट्स टेबल से समझ सकते हैं। एक टीम को 14 लीग मैच खेलने होते हैं। आईपीएल की 10 में से तीन टीमें प्ले ऑफ की होड़ से बाहर हो चुकी हैं। हैदराबाद, राजस्थान और चेन्नई ये तीन टीमें हैं। बाकी टीमें अभी प्ले ऑफ की रेस में बरकरार हैं। जो 16 मुकाबले बाकी हैं वे पहले तय कार्यक्रम के मुताबिक 9 अलग-अलग शहरों में होने थे। इनमें लखनऊ, हैदराबाद, अहमदाबाद, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु, मुंबई, जयपुर और कोलकाता शामिल हैं। अभी यह तय नहीं है कि ये मुकाबले इन तमाम शहरों में होंगे या इनमें कटौती होगी। बीसीसीआई ने जब लीग को सस्पेंड करने का फैसला किया था तब विदेशी खिलाड़ियों और सपोर्ट स्टाफ को उनके देश लौट जाने के लिए कहा गया था। इनमें से कई खिलाड़ी अपने घर लौट गए हैं। उन्हें दोबारा बुलाया जाएगा। इस समय दुनिया में कहीं कोई और बड़ी सीरीज नहीं हो रही है लिहा. जा इसमें ज्यादा परेशानी नहीं होनी चाहिए। बीसीसीआई आईपीएल के लिए हर साल अप्रैल-मई का विंडो उपलब्ध होता है। यानी इस टाइम पीरियड में दुनिया में कहीं और कोई बड़ी सीरीज नहीं हो रही होती है। अगर आईपीएल के बाकी मैच मई में नहीं हुए तो फिर बोर्ड को सितंबर तक का इंतजार करना पड़ सकता है। जून में ऑस्ट्रेलिया और साउथ अफ्रीका के बीच वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप का फाइनल खेला जाना है।

# सीजफायर उल्लंघन पर सहवाग-धवन ने पाक को लताड़ा




■ संघर्ष विराम की घोषणा के बावजूद पाक अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आया

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान ने चार दिन के संघर्ष के बाद संघर्ष विराम का एलान किया। हालांकि, शनिवार शाम पांच बजे से संघर्ष विराम शुरू हुआ और इसके कुछ घंटों बाद पाकिस्तान की ओर से सीमा पर फिर से गोलीबारी की गई। अब पाकिस्तान को भारत के पूर्व क्रिकेटर्स ने लताड़ा है।

वीरेंद्र सहवाग और शिखर धवन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर पाकिस्तान पर निशाना साधा है। दरअसल, संघर्ष विराम की घोषणा के बावजूद पाकिस्तान अपनी नापाक हरकतों से बाज नहीं आया। उसने संघर्ष विराम का उल्लंघन कर दिया। विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने शनिवार रात 11 बजे प्रेस कान्फ्रेंस बुलाई, जिसमें बताया कि पाकिस्तान ने संघर्ष विराम का उल्लंघन किया है, जिसका भारत ने माकूल जवाब दिया। मिस्री ने कहा कि भारतीय सेना पाकिस्तान की तरफ से इस तरह की हरकत करने पर मुंहतोड़ जवाब देगी। सीजफायर के बाद भी दोनों देशों के बीच तनाव कम नहीं हुआ है। भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम की घोषणा के चार घंटों बाद ही जम्मू-कश्मीर में ड्रोन देखे गए और धमाके सुनाई दी। इसके बाद सेना ने जवाबी कार्रवाई की। ड्रोन और धमाकों की आवाज सुनाई दिए जाने के बाद एहतियात के तौर पर राजस्थान और पंजाब के कई शहरों में फिर से बिजली काटी गई। इसके बाद सहवाग ने अपने एक्स अकाउंट से पोस्ट करते हुए एक तस्वीर साझा की। उन्होंने लिखा कि कुत्ते की दुम टेढ़ी की टेढ़ी ही रहती है। वहीं शिखर धवन ने भी एक्स पर पोस्ट किया। उन्होंने लिखा कि घटिया देश ने फिर अपना घटियापन पूरी दुनिया के आगे दिखा दिया।श वहीं, पूर्व क्रिकेटर वेंकटेश प्रसाद ने भी ट्वीट किया। उन्होंने लिखा कि पाकिस्तान में तीन शक्ति केंद्र हैं- सेना, आईएसआई और प्रधानमंत्री। भले ही उनमें से कोई एक सहमत हो, लेकिन तीनों के लिए किसी एक बात पर सहमत होना लगभग असंभव है। पाकिस्तान के लिए पिछले तीन दिन काफी नहीं थे। इस उकसावे (सीजफायर का उल्लंघन) के बाद भारत पाकिस्तान को जीवन भर का

## संक्षिप्त खेल समाचार

### पूर्व ऑस्ट्रेलिया टेस्ट क्रिकेटर बॉब काउपर का निधन

**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलिया के लिए 27 टेस्ट मैच खेलने वाले क्रिकेटर बॉब काउपर का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने काउपर के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए एक बयान में कहा कि काउपर एक बेहद प्रतिभाशाली बाएं हाथ के बल्लेबाज थे। वह अपने शानदार स्ट्रोक, क्रीज पर धैर्य के साथ बल्लेबाजी करते बड़े स्कोर बनाने की क्षमता के लिए प्रसिद्ध थे। सीए ने कहा इस दुखद समय में बॉब के परिवार, दोस्तों और पूर्व साथियों के प्रति हमारी गहरी संवे. दनाएं। बाएं हाथ के बल्लेबाज काउपर ने अपना अधिकांश प्रथम श्रेणी क्रिकेट विक्टोरिया के लिए खेला। उन्होंने 1959-60 और 1969-70 के बीच कुल 147 मैचों में 26 शतकों के साथ 53-78 की औसत से 10,595 रन बनाए। अपने 27 टेस्ट मैचों में काउपर ने पांच शतकों के 2061 रन बनाए। इसमें 1966 में एमसीजी में इंग्लैंड के खिलाफ उनकी 307 रन की यादगार पारी भी शामिल है। अंशकालिक ऑफ स्पिनर के रूप में काउपर ने प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 183 और टेस्ट मैच में 36 विकेट लिए। उन्होंने आईसीसी मैच रेफरी के रूप में भी काम किया।

### नवोन को हरा सिनर इटालियन ओपन के अगले दौर में

**रोम, वार्ता।** डोपिंग मामले में तीन महीने के निलंबन के बाद मैदान पर लौटे इटली के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी यानिस सिनर ने अर्जेंटीना के मारियानो नवोन को हराकर इटालियन ओपन के अगले दौर में जगह बना ली है। यानिस सिनर ने पुरुष एकल मुकाबले में घरेलु दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करते हुए मारियानो नवोन को सीधे सेटों में 6-3, 6-4 से हराया। उन्होंने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में अपना तीसरा ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के बाद पहली बार घरेलु दर्शकों के सामने खेलते हुए यह पहली जीत दर्ज की है यह उनकी लगातार 22वीं जीत है। सिनर अगले दौर में नीदरलैंड के जेसपर डे जोंग से मुकाबला होगा।

# विराट टेस्ट से संन्यास न लें: लारा



■ कहा: टेस्ट क्रिकेट को उनकी जरूरत, आगे 60 से ऊपर की औसत से रन बनाएंगे

**मुंबई, वार्ता।** वेस्टइंडीज के पूर्व बल्लेबाज ब्रायन लारा ने कहा कि विराट कोहली को अभी टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेना चाहिए। दरअसल, यह खबर सामने आई थी कि विराट ने बीसीसीआई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने की जानकारी दी है। हालांकि, बीसीसीआई ने उनसे अपने फैसले पर फिर से विचार करने के लिए कहा है। लारा टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में 400 रन बनाने वाले इकलौते बल्लेबाज हैं। उन्होंने अपने इंस्टग्राम पर विराट के साथ फोटो शेयर करते हुए लिखा- टेस्ट क्रिकेट को विराट की जरूरत है, उन्हें मना लिया जाएगा। वह टेस्ट क्रिकेट से संन्यास नहीं लेने जा रहे हैं। विराट अपने बचे हुए टेस्ट करियर में 60 से ऊपर की औसत से रन बनाने जा रहे हैं। बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में 25 से कम की औसत से रन बनाए थे बॉर्डर-गावस्कर सीरीज में विराट का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा था। उन्होंने इस सीरीज में 23.75 की औसत से रन बनाए थे। वहीं 8 में से 7 बार ऑफ स्टंप के बाहर की गेंद पर आउट हुए। बीजीटी में कोहली ने 9 पारियों में एक नाबाद शतक सहित 190 रन बनाए। पिछले 5 साल में उन्होंने 37 टेस्ट में सिर्फ 3 शतक लगाए और औसत 35 से भी नीचे रहा। इससे पहले कोहली ने टी-20 क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन आईपीएल 2025 में वह जबरदस्त फार्म में रहे।

# रिकी पोंटिंग के बोलने पर पंजाब प्लेयर्स ने फ्लाइट छोडी

● सीजफायर के बाद कोच का फैसला, सुरक्षा वजह से दिल्ली के खिलाफ मैच टला था




**नई दिल्ली, वार्ता।** पंजाब के हेड कोच रिकी पोंटिंग अपने घर ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए रवाना होने वाले थे, तभी भारत-पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान हुआ। इसके बावजूद, पूर्व ऑस्ट्रेलियाई प्लेयर के पास स्वदेश वापस जाने का विकल्प था, लेकिन उन्होंने ऐसा न करने का निर्णय लिया और आखिरी समय में फ्लाइट से उतर गए। साथ ही सभी विदेशी प्लेयर्स को भी इसके लिए मनाया। पाकिस्तान के साथ तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल 2025 को सस्पेंड करना पड़ा था। तब बीसीसीआई ने कहा था कि देश इस समय युद्ध की स्थिति में है और ऐसे में क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन ठीक नहीं है। 10 मई को पाकिस्तान के साथ सीजफायर समझौते के बाद आईपीएल 16 मई से फिर से शुरू हो सकता है। ऐसे में लीग के बचे हुए मुकाबले के वेन्यू डिसाइड करने को लेकर बीसीसीआई मंथन कर रहा है। इसके लिए सरकार से सुझाव भी लिए जा रहे हैं और अगले 48 घंटों में इस पर कोई फैसला लिया जा सकता है। धर्मशाला स्टेडियम में 8 मई को पंजाब-दिल्ली का मैच हो रहा था। 10.1 ओवर का खेल हो चुका था, तभी सुरक्षा कारणों से मैच रद्द कर दिया गया। स्टेडियम में ब्लैकआउट कर दिया गया। इसके बाद प्लेयर्स को दूसरे दिन स्पेशल वंदे भारत ट्रेन से दिल्ली पहुंचाया गया था। पोंटिंग अगले 2 दिन दिल्ली में ही रुके था और उन्होंने यह भी सुनिश्चित किया कि पंजाब किंग्स के विदेशी खिलाड़ी जो दो देशों के बीच बढ़ते तनाव से चिंतित थे उन्हें समझा कर भारत में ही रोका जाए। पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन ने वर्ल्ड कप विनर कैप्टन के बारे में कहा, यह पोंटिंग के चरित्र को दर्शाता है। केवल वही ऐसा कर सकते थे।

# पाक से निकलकर अच्छा लग रहा: रिशाद



भारत-पाक तनाव के कारण एयरपोर्ट पर टॉम रोने लगे थे

**दुबई, वार्ता।** बांग्लादेशी लेग स्पिनर रिशाद हुसैन ने पाकिस्तान से दुबई पहुंचने के बाद पत्रकारों से कहा कि हम एक तनाव के बीच दुबई पहुंचकर अच्छा महसूस कर रहे हैं। रिशाद ने पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) में भाग ले रहे विदेशी खिलाड़ियों के अनुभव को साझा किया।

वे पाकिस्तान सुपर लीग में लाहौर कलंदर्स से खेलते हैं। 9 मई को पीसीबी ने पाकिस्तान लीग कैंसिल की भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव को देखते हुए पीसीएल को 9 मई को स्थगित कर दिया गया था। जिसके बाद विदेशी खिलाड़ी अपने-अपने घर लौटने लगे। पीसीएल में भाग लेने वाले विदेशी खिलाड़ियों को यूएई भेजा गया, जहां से उन्हें उनके देश के लिए कनेक्टिंग फ्लाइट की सुविधा दी गई। मिचेल ने दोबारा पाकिस्तान न आने की बात कही रिशाद ने बताया कि सैम बिलिंग्स, डेरिल मिचेल, कुशल परेरा, डेविड वीजे, टाम करन जैसे खिलाड़ी पूरी तरह से डरे हुए थे। दुबई उतरने के बाद डेरिल मिचेल ने मुझसे कहा कि वे ऐसी स्थिति में दोबारा कभी पाकिस्तान नहीं जाएंगे। सभी खिलाड़ी भयभीत थे। इंग्लैंड के क्रिकेटर टाम करन तो इस कदर घबरा गए कि वे रोने लगे। जब टाम एयरपोर्ट पहुंचे, तो उन्हें पता चला कि एयरपोर्ट बंद है। इसके बाद वे बच्चे की तरह रोने लगे। उन्हें संभालने के लिए 2-3 लोगों की जरूरत पड़ी। नाहिद राणा काफी तनाव में थे रिशाद ने बताया कि बांग्लादेशी पेसर नाहिद राणा बहुत चुप थे।

# इंग्लैंड दौरे पर जाएगी युवा टीम इंडिया!

■ रोहित और विराट के रिप्लेसमेंट ढूंढने होंगे, 9 खिलाड़ी उनकी जगह लेने को तैयार

**नई दिल्ली, वार्ता।** रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया। 10 मई को खबरें आई कि विराट कोहली ने भी बीसीसीआई से टेस्ट रिटारयरमेंट की इच्छा जता दी। हालांकि, बोर्ड उन्हें मनाने में जुटा है।

अगर विराट भी रिटायर हो गए तो टेस्ट टीम में रवींद्र जडेजा को छोड़कर कोई भी 60 से ज्यादा टेस्ट खेलने वाला सीनियर प्लेयर नहीं बचेगा। ऐसे में बड़ा सवाल यह है कि प्लेइंग-11 में रोहित और विराट की जगह कौन लेगा? शुभमन गिल टेस्ट टीम के कप्तान और ऋषभ पंत उप कप्तान बनाए जा सकते हैं। जसप्रीत बुमराह की फिटनेस को देखते हुए उन्हें लीडरशिप रोल देना मुश्किल है। बीसीसीआई के सूत्र ने बताया कि बुमराह अगर कप्तान नहीं बने तो उन्हें उपकप्तान बनाने का कोई मतलब नहीं। रोहित शर्मा ने 7 मई को टेस्ट से संन्यास लिया। पिछले 6 साल से वे रेड बाल में ओपनिंग कर रहे हैं। ओपनिंग पोजिशन पर उनकी जगह केएल राहुल परमानेंट हो सकते हैं। जिन्होंने ऑस्ट्रेलिया दौरे पर यशस्वी जायसवाल के साथ ओपनिंग की थी।

शुभमन भी ओपनिंग करने लौट सकते हैं। इनके अलावा भी 4 युवा प्लेयर्स रोहित की जगह लेने के दावेदार हैं। 23 साल के सुदर्शन आईपीएल में अपनी परफार्मेंस के बाद चर्चा में हैं। वे भारत के लिए 3 वनडे और 1 टी-20 खेल चुके हैं। उनकी टेक्नीक और स्किल को देखते हुए रवि शास्त्री जैसे एक्सपर्ट्स उन्हें टेस्ट टीम के लिए फिट बता चुके हैं। सुदर्शन फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 7 शतक लगा चुके हैं और उन्हें इंग्लैंड में काउंटी क्रिकेट का अनुभव भी है। 24 साल के पडिक्कल को ऑस्ट्रेलिया दौरे पर मौका मिला था। उन्होंने नई गेंद के सामने बेहतरीन बैटिंग की थी। 2 टेस्ट के अलावा वे 2 टी-20 भी खेल चुके हैं। वे इंडिया-ए टीम से लगातार फर्स्ट क्लास मैच खेलते रहते हैं। इस फार्मेट में 6 शतक लगाकर वे 2815 रन बना चुके हैं। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर रोहित पहला मैच नहीं खेल सके, उनकी जगह स्क्वाड में ईश्वरन को ही मौका मिला था।

उन्हें अब तक इंडिया डेब्यू का मौका नहीं मिला, लेकिन फर्स्ट क्लास के 101 मैचों में वे 27 शतक लगा चुके हैं। व्हाइट बाल क्रिकेट में भारत से डेब्यू कर चुके गायकवाड भी रोहित को रिप्लेस करने के उम्मीदवार हैं। हालांकि, वे घरेलू क्रिकेट में रेड बाल से ज्यादा प्राथमिकता व्हाइट बाल को देते हैं। देखना अहम होगा कि उन्हें स्क्वाड में शामिल करने के बारे में विचार होता है या नहीं। गायकवाड के नाम 7 फर्स्ट क्लास शतक हैं। विराट कोहली ने बीसीसीआई को टेस्ट से संन्यास लेने की इच्छा जता दी। वे टीम में नंबर-4 पर बैटिंग करते हैं और स्क्वाड के सबसे अनुभवी मेंबर हैं। उनके जाने से टीम में मिडिल आर्डर के अनुभवी और मजबूत बैटर का बहुत बड़ा गैप बनेगा। जिसे भरने के लिए भी 5 दावेदार मौजूद हैं।

# मधुरा ने जीता पहला विश्व कप स्वर्ण



■ वर्मा और मधुरा ने कम स्कोर वाले प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर पोडियम पर अंतिम स्थान हासिल किया

**शंघाई, वार्ता।** मधुरा धामनगांवकर ने विश्वकप तीरंदाजी की व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर अपने सपनों की वापसी की जबकि भारतीय पुरुष कंपाउंड टीम ने यहां तीरंदाजी विश्व कप स्टेज 2 में एक और स्वर्ण पदक जीतकर भारत को पदकों की झड़ी लगा दी। तीन साल के अंतराल के कारण विश्व तीरंदा. जी स्टैंडिंग महिलाओं की कंपाउंड टीम के फाइनल में ज्योति सुरेखा वेन्नम, मधुरा धामनगांवकर और चिकिथा तानिपार्थी की भारतीय तिकड़ी को मजबूत मैक्सिकन टीम से 221-234 से हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एकतरफा फाइनल के बावजूद टीम ने पूरे टूर्नामेंट में निरंतरता दिखाई।

भारत का अभियान मिश्रित टीम स्पर्धा में कांस्य पदक के साथ समाप्त हुआ, जहां वर्मा और मधुरा ने कम स्कोर वाले प्लेऑफ में मलेशिया को हराकर पोडियम पर अंतिम स्थान हासिल किया। मधुरा, इससे पहले आखिरी बार मेडेलिन में 2022 तीरंदाजी विश्व कप चरण 4 में दिखाई दी थीं, ने अपने प्रदर्शन के साथ वापसी की है जो भारतीय कंपाउंड तीरंदाजी की बढ़ती ताकत को दर्शाता है।

मिश्रित टीम वर्ग में 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में कंपाउंड तीरंदाजी की शुरुआत होने के साथ, विश्व कप चरण में भारत का लगातार प्रदर्शन इसकी ओलंपिक आकांक्षाओं के लिए एक आशाजनक संकेत है।

## दीपिका, पार्थ ने जीते कांस्य पदक

**शंघाई, वार्ता।** ओलंपियन दीपिका कुमारी और पार्थ सालुंके ने रविवार को तीरंदाजी विश्व कप 2025 में व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धाओं में कांस्य पदक अपने नाम किये। इसके साथ ही भारत ने टूर्नामेंट में कुल सात पदकों के साथ अपने अभियान का समापन किया। दीपिका कुमारी ने आज शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किया। यह तीरंदाजी विश्व कप में उनका 37वां पदक है। इससे के साथ ही वह अब सबसे अधिक पदक जीतने वाली भारतीय तीरंदाज बन गई। 12वीं वरीयता प्राप्त दीपिका ने महिलाओं के व्यक्तिगत रिकर्व तीरंदाजी कांस्य पदक मैच में टोक्यो 2020 में स्वर्ण पदक जीतने वाली कोरिया गणराज्य टीम की सदस्य कांग चाए-यंग को 7-3 से हराकर यह पदक जीता। इससे पहले दीपिका ने क्वार्टरफाइनल में चीन की ली जियामन को 6-2 से हराया था। सेमीफाइनल में उन्हें दक्षिण कोरिया की मौजूदा ओलंपिक चैंपियन लिम सिहयोन से 1-7 से हार का सामना करना पड़ा। वहीं पार्थ सालुंखे ने पुरुषों की व्यक्तिगत रिकर्व स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने के दौरान कई उलटफेर किए। सालुंखे ने कांस्य पदक के लिए हुए मैच में फ्रांसीसी तीरंदाज बैपटिस्ट एडिस को 6-4 से हराया। भारतीय तीरंदाज ने पहले राउंड में शूट-ऑफ में टोक्यो 2020 ओलंपिक चैंपियन मेटे गाजोज को हराया और फिर इसके बाद उन्होंने क्वार्टरफाइनल में दक्षिण कोरिया की किम जे देओक को 6-2 से मात दी।

# अनाहत ने विश्व की 28वें नंबर की खिलाड़ी को घुटनों पर बैठाया

**शिकागो, वार्ता।** भारत की युवा स्क्वैश सनसनी अनाहत सिंह ने वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप में अपने पदार्पण मैच में शानदार प्रदर्शन करते हुए अमेरिका की वर्ल्ड नंबर 28 मरीना स्टेफनोनी को हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व में 62वें स्थान पर और भारत की शीर्ष रैंक की 17 वर्षीय महिला खिलाड़ी अनाहत ने शुक्रवार को उच्च रैंक वाली अमेरिकी खिलाड़ी के खिलाफ 51 मिनट के मैच में 1-2 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 3-2 (10-12, 11-9, 6-11, 11-6, 11-6) से रोमांचक जीत दर्ज की। मैच के बाद अनाहत ने कहा, ह हमने वास्तव में लंबी रैलियां कीं और वह एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। वह वास्तव में अच्छा खेल रही है और शीर्ष 30 में शामिल हो गई है। मुझे पता था कि यह एक संघर्ष होने वाला है। मैं थक गई हूँ, लेकिन वास्तव में खुश हूँ कि मैं इससे बाहर निकल गई। ड्रॉ में एकमात्र भारतीय महिला अनाहत को अब दूसरे दौर में मिस्र की विश्व नंबर 15 फैरोज़ अबोएलखिर के रूप में एक और भी कठिन चुनौती का सामना करना पड़ेगा। वहां जीत से वह प्री-क्वार्टर फाइनल में मौजूदा चैंपियन और विश्व नंबर 1 नूरन गोहर से भिड़ सकती है। इस बीच, भारतीय पुरुषों ने भी पहले दिन सफलता का आनंद लिया, जिसमें चार प्रतिभागियों में से तीन दूसरे दौर में पहुँच गए। 38वें स्थान पर काबिज अभय सिंह ने स्विट्जरलैंड के विश्व नंबर 25 निक. ोलस म्यूलर को 41 मिनट में 3-1 (11-7, 2-11, 11-7, 11-6) से हराया। अब उनका सामना मिस्र के 13वें वरीय यूसुफ इब्राहिम से होगा।

## श्रियांशी, बिनीत व सुमित अंतिम 16 में

**लखनऊ, वार्ता।** देश भर के आए उम्दा खिलाड़ियों के बेहतरीन प्रदर्शन का नजारा लखनऊ में चल रही 13वीं राष्ट्रीय सीनियर पेंचक सिलाट चैंपियनशिप के दूसरे दिन देखने को मिला। इसमें जबरदस्त मुकाबलों के साथ कई राज्यों के धुरंधरों ने अपने-अपने वर्गों में बेहतरीन प्रदर्शन कर प्री-क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। उत्तर प्रदेश की श्रियांशी अस्थाना, बिनीत कुमार यादव व सुमित कुमार भारती ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वियों को मात देकर अंतिम 16 में स्थान सुरक्षित किया। इंडियन पेंचक सिलाट फेडरेशन के तत्वावधान में पेंचक सिलाट स्पोर्ट्स एसोसिएशन ऑफ यूपी के तत्वावधान में इस चैंपियनशिप का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न श्री अटल बिहारी बाजपेयी बहुउद्देश्यीय हॉल में किया जा रहा है।

# भारत ने त्रिकोणीय सीरीज जीती, श्रीलंका को हराया

भारत की तरफ से स्नेहा राणा ने चार और अमनजोत ने तीन विकेट हासिल किए



**कोलंबो, वार्ता।** भारत ने श्रीलंका को 97 रन से हराकर त्रिकोणीय सीरीज का फाइनल मुकाबला जीत लिया। कोल. ंबो में टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने स्मृति मंधाना की शतकीय पारी की मदद से 50 ओवर में सात विकेट खोकर 342 रन बनाए थे। जवाब में श्रीलंका की टीम 48.2 ओवर में सिर्फ 245 रन ही बना सकी और आलआउट हो गई। उनके लिए कप्तान चामरी अटापटू ने सर्वाधिक 51 रनों की पारी खेली। वहीं, भारत की तरफ से स्नेह राणा ने चार और अमनजोत कौर ने तीन विकेट चटकाए। इस सीरीज की तीसरी टीम दक्षिण अफ्रीका थी जो फाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की शुरुआत झटके के साथ हुई। अमनजोत कौर ने पहले ही ओवर में हसिनी पेरेरा को बोल्ड किया। वह खाता भी नहीं खोल पाई। हालांकि, श्रीलंका ने इससे उबरते हुए विश्मी गुनारत्ने और चामरी अट्टापटटू की साझेदारी की बदौलत दूसरे विकेट के लिए 68 रन जोड़े। अमनजोत ने अपनी गेंदबाजी का कहर बरपाते हुए दोनों बल्लेबाजों को बोल्ड कर दिया। विश्मी 36 और चामरी 51 रन बनाकर आउट हुईं। इसके अलावा निलक्षिका सिल्वा ने 48, हर्षिता समरविक्रमा ने 26 और देवमी विहंगा ने चार रन बनाए। फिलहाल अनुष्का संजी. वनी और पियूमी वत्सला क्रीज पर मौजूद हैं। 37 ओवर के बाद स्कोर 189/6 है। टीम इंडिया को पहला झटका प्रतिका रावल के रूप में लगा। वह 49 गेंद पर दो चौके की मदद से 30 रन बनाकर आउट हुईं। रावल ने मंधाना के साथ ओपनिंग विकेट के लिए 89 गेंद में 70 रन की साझेदारी निभाई। इसके बाद मंधाना ने हरलीन देओल के साथ दूसरे विकेट के लिए 120 रन की साझेदारी निभाई। इस बीच मंधाना ने वनडे करियर का 12वां शतक पूरा किया। उन्होंने 101 गेंद में 15 चौके और दो छक्के की मदद से 116 रन की पारी खेली। वहीं, हरलीन देओल 56 गेंद में चार चौके की मदद से 47 रन बना सकीं। इसके बाद हरमनप्रीत कौर और जेमिमा रोड्रिग्स के बीच 48 रन की साझेदारी की। हरमनप्रीत 30 गेंद में चार चौके और एक छक्के की मदद से 41 रन और जेमिमा 29 गेंद में चार चौके की मदद से 44 रन बना सकीं। ऋचा घोष आठ रन और अमनजोत कौर 18 रन बनाकर आउट हुईं।

# एनसीईआरटी की किताबों की अनिवार्यता टलने से अभिभावकों में बढ़ी निराशा

**कांठ (शाह टाइम्स)** किताबों और ड्रेसों को लेकर निजी स्कूलों की मनमानी इस साल भी जारी रहेगी। जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक से अभिभावकों को कुछ राहत की उम्मीद थी, जिस पर पानी फिर गया। बैठक में यह साफ हो गया कि स्कूलों में इस साल एनसीईआरटी की किताबों की अनिर्वायता नहीं होगी। डीएम अनुज सिंह ने निर्देशित किया कि प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक शुल्क में अधिकतम चार स्लैब ही रखे जाएं। साथ ही एक स्लैब से दूसरे स्लैब में जाने पर अभिभावकों को अधिक भार न पड़े, इसका ध्यान रखा जाए। स्लैब परिवर्तन होने पर फीस में अत्यधिक बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। इसके अलावा स्कूलों द्वारा यूनिफॉर्म में परिवर्तन न किया जाए।

ड्रेस, जूते, मोजे आदि को किसी विशेष दुकान से क्रय करने की बाध्यता न रखी जाए।किताबें शत-प्रतिशत अनिवार्य रूप से लागू होंगी। डीएम द्वारा निजी स्कूलों के प्रबंधक और प्रधानाचार्यों के साथ जिला शुल्क नियामक समिति की बैठक की गई। इसमें सभी को जिन विषयों की पुस्तके एनसीईआरटी द्वारा प्रकाशित की जाती हैं, उन्हें शैक्षिक सत्र 2026-27 में कक्षा एक से 12 तक शत-प्रतिशत अनिवार्य रूप से लागू करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि यदि किसी विषय की साइड बुक की अपरिहार्यता हो तो उसकी पर्याप्त प्रतियां विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुस्तकालय में रखी जाएं, जिससे उसका लाभ विद्यार्थियों को मिल सके। जिन विषयों की एनसीईआरटी की पुस्तकें प्रकाशित नहीं होती हैं, उन विषयों में विद्यालयों द्वारा किस प्रकाशक की पुस्तकें लगाई जाएंगी, यह सार्वजनिक रूप से विद्यालयों द्वारा घोषित किया जाए।दो माह के अंदर लिखित रूप से डीआईओएस को सूचित किया जाएगा।

जिससे जनपद के पुस्तक विक्रेताओं के साथ बैठक कर उन प्रकाशकों के पुस्तकों की जनपद में पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराई जाए। प्रतिस्पर्धात्मक रूप से सभी पुस्तक विक्रेताओं के पास सभी प्रकाशकों की पुस्तकें उपलब्ध रहें। जिससे किसी एक विशेष दुकान से क्रय करने की अभिभावकों की बाध्यता न रहे। जिन निजी प्रकाशकों की पुस्तकें अपरिहार्य स्थिति में चलाई जा रही हैं, उनकी दरें भी एनसीईआरटी की पुस्तकों के समतुल्य रहे, इसका ध्यान रखा जाए।

# महिला कांग्रेस ने भारतीय सेना के सम्मान में निकाली तिरंगा यात्रा

**ठाकुरद्वारा।** महिला कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश पर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व मे भारतीय सेना के सम्मान में पैदल मार्च किया जिसमें सभी कांग्रेसी कार्यकर्ताओ न हाथों में तिरंगा लेकर दलित बस्ती होते हुए समाधि पर मार्च का समापन किया गया। क्षेत्र के ग्राम अब्दुल्लापुर लेदा में में महिला कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा प्रदेश अध्यक्ष भारती त्यागी के निर्देश पर जिलाध्यक्ष जहेरा बी के नेतृत्व मे भारतीय सेना के सम्मान में पैदल मार्च जहरा किसान सेवा केंद्र से होकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओ न हाथों में तिरंगा लेते हुए कहा कि पहलगाम की घटना में शहीद हुए लोगों को हम अपनी सच्ची श्रद्धांजलि देते हैं. भारत के वीर जवान लगातार आतंकियों से लोहा ले रहे हैं. पूरा देश उन्हें सलाम कर रहा है. हम भी भारतीय जवानों के साथ खड़े हैं. यह तिरंगा यात्रा क्षेत्र के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए समाधि स्थल पहुंची जहाँ पर मार्च का समापन किया गया। इस दौरान महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष जेहरा बी ने कहा कि कांग्रेस देश को प्राथमिकता देती है इसलिए कांग्रेस ने सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली है. आज कांग्रेस भले ही विपक्ष में है, लेकिन इस मुद्दे पर हम सरकार और सेना के साथ हैं. जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों ने कायराना हमला किया था, जिसके जवाब में भारतीय सैनिकों ने बड़ी कार्रवाई करते हुए आतंकवादियों के नौ ठिकानों को नष्ट कर दिया. इस कार्रवाई का जश्न मनाने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई है. हम भारतीय सैनिकों के जज्बे को सलाम करते हैं, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए उन बहनों को न्याय देने की कोशिश की, जिनकी मांग का सिंदूर



आतंकियों ने उजाड़ दिया था इस दौरान शबाना, कविता, शबनम, विनीता, अल्फिजा, सदफ, सोफिया, खदीजा, प्रीति, व पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष वसीम अहमद सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# विश्व हिन्दू युवा महासंघ के तत्वावधान में गोष्ठी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मूढ़ापांडे।** विश्व हिन्दू युवा महासंघ जिलाध्यक्ष मुरादाबाद के मूल निवास( अनुपम नगर कटघर) पर एक गोष्ठी आयोजित की गई जिसमे सबसे पहले राम दरबार में दीप प्रज्वलित कर



पुष्प अर्पित किए व महाराणा प्रताप जी के फोटो पर पुष्प अर्पित किए, गोष्ठी का मुख्य उद्देश्य हिन्दू समाज को जागृत करना व एक करना था सैकड़ो की संख्या में एकत्रित होकर पदाधिकारियों ब कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान के खिलाप आवाज बुलंद की हिन्दुओं से निवेदन किया कि संगठन में ज्यादा से ज्यादा संख्या में जुड़कर धर्म के प्रति सक्रिय व जागरूक हो कार्यक्रम के संयोजक जिलाध्यक्ष ठाकुर पवन कुमार, प्रदेश अध्यक्ष ठाकुर मुकेश सिंह, प्रदेश अध्यक्ष चेतन्य सिंह राणा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा,महानगर अध्यक्ष राजकुमार चौधरी, विजयवीर सिंह, मुनेश वर्मा , राधेश्याम यादव,रोहित कुमार, मोहित कुमार, कुनाल गौतम, प्रेमसंकर कश्यप, वीरपाल,रामवीर, ओमचरण, रवि ठाकुर, सुनील कुमार, यसपाल सिंह, आशीष चौहान, विंकित राणा, जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ इन्दु शर्मा, उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रजनी गुप्ता, पूनम रानी, कमलेश देवी, महानगर अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ अनुराधा त्यागी व अन्य पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिंदू फ्रीडम फंड ने नसीरपुर में कराया क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**कांठ( शाह टाइम्स )** हिन्दू फ्रीडम फंड के तत्वाधान में नसीरपुर मैं क्रिकेट मैच टूर्नामेंट का शुभारंभ हिन्दू फ्रीडम फण्ड के संस्थापक पंडित प्रिंस शर्मा,व



पंडित मुकुल शर्मा ने फीता काटकर कराया।उन्होंने कहा कि जो भी युवा क्रिकेट में आगे बढ़ना चाहता है उसे हर प्रकार से मदद पहुंचाने का काम किया जायेगा। पहला मैच कांठ व ताजपुर के बीच शुरु हुआ। इस अवसर पर नसीरपुर, कांठ के कप्तान अकरम, ताजपुर कप्तान संकित कुमार, अंकुर यादव, प्रशांत यादव, पियूष जाटव, भूरा जाटव, मिंटू शर्मा, विपिन यादव, सोनू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# श्री शिव मढ़ी मंदिर की भूमि आयुर्वेद चिकित्सालय निर्माण कार्य रूकवाए जाने की मांग

**ठाकुरद्वारा।** नगर में हाईवे स्थित श्री शिव मंदिर मढ़ी सभा ने रविवार को ठाकुरद्वारा आगमन पर पूर्व सांसद एवं वर्तमान विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी को पत्र देकर ठाकुरद्वारा नगर पालिका ने मणि मंदिर की भूमि पर आयुर्वेद चिकित्सालय बनाने के निर्णय को रोकने की मांग की , क्योंकि उक्त भूमि शिव मंदिर मणि की है। नगर पालिका कोई भी प्रस्ताव अपनी भूमि पर ही कर सकती है किसी धार्मिक स्थल की जो उसके नाम राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज है। उसे पर नहीं कर सकती आयुर्वेद चिकित्सालय का निर्माण जहां ग्राम सभा की भूमि हो वही होना चाहिए, मंदिर के स्वामित्व वाली भूमि पर नहीं होना चाहिए। आयुर्वेद चिकित्सालय बनाने का कोई विरोध नहीं कर रहा ,केवल मंदिर की भूमिका दुरुपयोग ना किया जाए। आशुतोष अग्रवाल ,संदीप अग्रवाल कुशल कुमार रचित कुमार नागेंद्र सिंह लामा दीपक कुमार कमलेश कुमार संजीव कुमार जयप्रकाश राकेश कुमार आदि शामिल रहे।



# नशेड़ियों का अखाड़ा बना लोहिया पार्क, रात होते ही सजने लगती है नशेड़ियों की महफिल

**ठाकुरद्वारा।** नगर में स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क इस टाइम नशाखोरी का अड्डा बन गया है। जिसमें रात होते ही नशेड़ी नशा सामग्री लेकर पार्क में पहुँच जाता है। जिसके आसपास शराब की खाली बोतले व अन्य नशा सामग्री की रैफर पड़े देखे जा सकते हैं। नगर के तिकोनिया बस स्टैंड पर स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में कभी लोग दो पल सुकून से बैठने और घूमने के लिए आते थे वही पार्क आज नशेडिघ्यों के अड्डा बन चुका है। शाम होते ही यहां पर नशा करने वाले लोग पानी, शराब की बोतल, नमकीन, सिगरेट आदि के साथ बैठ जाते हैं और देर रात तक शराब पीते रहते हैं। कई बार यहां पर नशेडिघ्यों के झुंड आपस में लड़ाई भी कर चुके हैं। इससे स्थानीय लोगों समेत राहगीरों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। बस स्टेशन पर पहुंचने वाली यात्री भी अब इस पार्क का बिल्कुल लाभ नहीं ले पा रहे हैं। लोहिया पार्क इस टाइम नशाखोरी का अड्डा बन गया




है। जिसमे शाम होते ही नशेड़ी नशा सामग्री लेकर पार्क में युवाओं द्वारा इंजेक्शन का इस्तेमाल किया जा रहा है। पार्क में इंजेक्शन और सिरिंज सहित शराब व अन्य नशा सामग्री का पैकिंग पढ़े रहते हैं। वही नियमित साफ सफाई और देखरेख नहीं होने से लोहिया पार्क की हालत बदहाल होती जा रही है। वही वक्ताओं ने बताया कि अगर पार्क की साफ सफाई नियमित रूप से होने लगे और नशेडिघ्यों से पार्क को झुटकारा मिल जाए तो नगर का सब से बढिघ्या पार्क होयगा जिसमें राम मनोहर लोहिया पार्क बहुत ही अच्छी जगह स्थित हैं।

यहां से हर जगह के लिए यात्रियों को बस वाहन मिलते है। इसका सुधार होने चाहिए। पार्क में नशेडिघ्यों का आतंक इतना है। कि यात्री पार्क में घुसने का साहस तक नही जुटा पाते हैं।

# एक राष्ट्र, एक चुनाव कार्यक्रम को लेकर भाजपाइयों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ठाकुरद्वारा।** एक राष्ट्र एक चुनाव के अभियान को लेकर बीएस गार्डन में कार्यक्रम आयोजित कर किया कार्यकर्ताओं को जागरूक किया। क्षेत्र युवा कल्याण एनजीओ द्वारा एक राष्ट्र एक चुनाव के अभियान को लेकर क्षेत्र के ग्राम रामूवाला गणेश में स्थित बीएस गार्डन में कार्यक्रम आयोजित किया गय। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एमएलसी एवं भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सतपाल सैनी द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव हमारे देश मैं मैं सन 1967 तक होते थे लेकिन तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने अपने निजी हित के लिए संविधान में 75 से अधिक संशोधन किए तथा तथा सन 1967 के बादअपने निजी स्वार्थ के लिए देश में बार-बार चुनाव होने दिए देश में बार-बार चुनाव के समय आचार संहिता लगने से सरकार के विभिन्न परियोजनाएं तथा विकास कार्य,समय ,पैसा एवं




सरकारी नौकरियों में भारतीयों पर रोक लग जाती है तथा विकास कार्य रुक जाते हैं। देश में एक राष्ट्र एक चुनाव से सरकारी खर्च बढ़ने से जनता को महंगाई का सामना करना पड़ता है भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार द्वारा एक राष्ट्रीय चुनाव के अभियान के लिए देश में एनजीओ के माध्यम से परिचर्चा कर। रही है। मुख्य अतिथि सतपाल सैनी ने उपस्थित डॉक्टर वकील युवा भाजपा कार्यकर्ताओं को अवकाश प्राप्त सरकारी कर्मचारियों से आह्वान किया कि आप सभी लोग एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित प्रस्ताव पास करके उपराष्ट्रपति को भेजें केंद्र सरकार ने एक राष्ट्र एक चुनाव से संबंधित संसद से पास कर संयुक्त संसदीय समिति को सौंप दिया है। इस कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता ठाकुर अजय प्रताप सिंह , डॉ. वीर सिंह सैनी , राजन बिश्नोई, चौधरी हुकुम सिंह, अनिल चौधरी, हरिओम सिंह चौहान हरपाल ,नवीन चौधरी, मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि सिंहएक राष्ट्र एक चुनाव के अभियान को लेकर भाजपाइयों की बैठक आयोजित की गई।

# जनपद न्यायालय में हुआ राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन, निस्तारित हुए 13451 वाद

## नोडल अधिकारी अवधेश कुमार सिंह ने कहा गरीबों के लिए लोक अदालत त्वरित व सुलभ न्याय का साधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण उ०प्र० के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष/जनपद न्यायाधीश सम्भल दुर्ग नारायण सिंह व नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर सत्र न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह के निर्देशन में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। सिविल कोर्ट चंदौसी व बाह्य स्थित न्यायालय सम्भल व गुन्नौर एवं समस्त राजस्व चकबन्दी न्यायालयों एवं बैंकों (इलाहाबाद बैंक, बैंक आफ बड़ौदा, पंजाब नेशनल बैंक, प्रथमा यू० पी० ग्रामीण बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, यूनियन बैंक आफ इण्डिया, बैंक आफ इण्डिया, केनरा बैंक) आदि ने वादों का निस्ताण किया। सिविल जज (जू०डि०) बाह्य न्यायालय सम्भल नावेद अख्तर, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम बाह्य न्यायालय सम्भल ललित कुमार सिंह, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय वंदना सिंह एवं सिविल जज (जू०डि०) बाह्य न्यायालय गुन्नौर नाजिम अकबर द्वारा अपने-अपने न्यायालय में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन करते हुए जनपद न्यायालय सम्भल स्थित चंदौसी मुख्यालय व बाह्य न्यायालय सम्भल व गुन्नौर द्वारा कुल 2318 वादों का निस्तारण किया गया। समस्त मामलों में अर्थदण्ड के रूप में कुल 7,11,87,488.43 रू० वसूल कराये गये। प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सम्भल वी०के० लाल द्वारा 36 वादों







का निस्तारण किया गया। पीठासीन अधिकारी, एमएसीटी सम्भल प्रदीप कुमार द्वारा मोटर दुर्घटना प्रतिकर अधिकरण के 45 वादों का निस्तारण करते हुए पीडिघ्त पक्ष को 5,45,36,538 रू० प्रतिकर के रूप में दिलवाया गया। अपर सत्र न्यायाधीश चंदौसी सम्भल स्थित चंदौसी आरती फौजदार द्वारा 106 वादों का निस्तारण करते हुए 6700 रूपये जुर्माना किया गया। अपर सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट सम्भल स्थित चंदौसी रागिनी द्वारा 05 वादों का निस्तारण करते हुए 2500 रूपये जुर्माना किया गया। नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक





अदालत/अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट अवधेश कुमार सिंह द्वारा 08 वादों का निस्तारण करते हुए 4500 रूपये जुर्माना किया गया। प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल स्थित चंदौसी अर्चना सिंह प्रथम द्वारा 576 वादों का निस्तारण करते हुए 48,100 रूपये जुर्माना किया गया। सिविल जज (सी०डि०) संभल स्थित चंदौसी आदित्य सिंह द्वारा 866 वाद का निस्तारण करते हुए 3,17,500 रु0 अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज (जू०डि०) सम्भल स्थित चंदौसी दिव्या गर्ग द्वारा 41 वादों का निस्तारण किया गया तथा 600 रु. अर्थदण्ड वसूल किया गया। सिविल जज (जू०डि०) जे०एम० बाह्य न्यायालय सम्भल नावेद अख्तर ने 199 वादों का निस्तारण करते हुए 20,050 रू. जुर्माना वसूल किया गया। साथ ही जनपद सम्भल के समस्त राजस्व न्यायालय द्वारा 10,946 वादों का निस्तारण किया गया। उपभोक्ता फोरम द्वारा 21 वादों का निस्तारण करते हुए 1,62,38,490.43 रू. समझौते की धनराशि प्राप्त करायी गयी। जनपद सम्भल के विभिन्न बैंकों द्वारा कुल 277 मामलों का निस्तारण कर 2,44,96,277 रू. की धनराशि समझौते के उपरान्त प्राप्त की गई। इस अवसर पर प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय सम्भल वी०के० लाल, अपर सत्र न्यायाधीश चंदौसी सम्भल स्थित चंदौसी आरती फौजदार, अपर सत्र न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट, सम्भल स्थित चंदौसी रागि. नी, नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत/अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट संभल स्थित चंदौसी अवधेश कुमार सिंह, प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सम्भल स्थित चंदौसी, अर्चना सिंह प्रथम, सिविल जज (सी०डि०) सम्भल स्थित चंदौसी आदित्य सिंह, सिविल जज (जू०डि०) सम्भल स्थित चंदौसी दिव्या गर्ग एवं बार काउंसिल चंदौसी के अध्यक्ष नजर कुरैशी व अन्य अधिवक्तागण अन्य वादकारीगण, बैंक के कर्मचारीगण व न्यायालय के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# आतंकवाद और भ्रष्टाचार है पूरे विश्व के लिए समस्या

**शाह टइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** राष्ट्रीय भ्रष्टाचार दमन परिषद की बैठक नगर स्थित कार्यालय पर आयोजित की गई। रविवार को बैठक मे बोलते हुए प्रदेश महासचिव सुमित शर्मा ने कहा कि आंतकवाद व भ्रष्टाचार देश ही नही विश्व के लिए एक बडी समस्या है।

विकासशील देशो के विकास मार्ग मे यह अवरोध है तथा मानवता के लिए खतरा है। हमारे देश भारत मे आंतकवाद की समस्या को समाप्त करने के लिए पिछली सरकारो ने कोई ठोस कदम नही उठाए, पुरानी सरकारो की दुलमुल नीतियो की वजह से ही आज भी आंतकवाद व भ्रष्टाचार अस्थिरता फैलाने की नापाक कोशिश कर रहा है । लेकिन देश भक्त भारत के नागरिको के साहस भारत माता की शक्ति के सामने ये दुस्साहस नही कर पाएगा। उन्होने कहा परिषद भ्रष्टाचार को समाप्त करने के लिए ग्रामीण क्षेत्रो मे जाकर जानता को जागरूक करने का कार्य कर रही है।

लोगो को इससे होने वाली हानियो के विषय मे बता रही है, इसी क्रम मे परिषद का वर्ष 2025 का दूसरा मण्डलीय अधिवेशन 25 मई को दिन रविवार को संभल मे आयोजित किया जाएगा। जिसमे कार्यकर्ताओ को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक किया जाएगा।बैठक मे सुमित शर्मा, डॉ अमित लाठे, सोमवीर सिंह, आर पी सिंह, अनिल गुप्ता, प्रेम गुप्ता, सूर्यकांत, सौरभ कौशिक, तुषार शर्मा, मनोज गुप्ता, राज कुमार गौतम, राजेश दिवाकर नीतेश पाल, कृष्णा चौधरी, प्रदीप कश्यप, आदि ने विचार रखे।



# सम्पादकीय

सोमवार, 12 मई 2025

## पीओके के बिना बातचीत नहीं

भारत और पाकिस्तान के बीच शनिवार की सायं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के प्रयासों से सहमति बनी रही। हालांकि भारत ने अपनी प्रतिक्रिया में स्पष्ट रूप से कहा है कि यह समझौता दोनों देशों के बीच हुआ है। इसमें किसी तीसरे पक्ष का कोई दखल नहीं है। भारत ने यह भी कहा है कश्मीर पर हमारी स्थिति बहुत स्पष्ट है और इस समय केवल यही एक मुद्दा बचा है। हमे पीओके को वापस लेना है। जाहिर है भारत में यह ऐसे समय में कहा है जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि वह पाकिस्तान व भारत के नेताओं को इस बात के लिए प्रेरित करेंगे जिससे कश्मीर के विवाद का हल निकाला जा सके। डोनाल्ड ट्रम्प ने सीजफायर को लेकर अपने ट्रूथ सोशल पर कहा है कि यह जो समझौता हुआ है इसके लिए दोनों देशों के नेताओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण रही है। समझौते का श्रेय लेते हुए डोनाल्ड ट्रम्प यह कहने से भी नहीं चुकते कि इससे लाखों लोगों की जान जा सकती थी। बात सही भी है युद्ध का इतिहास बताता है कि यह किसी समस्या का समाधान नहीं होता। बल्कि कई समस्याओं को जन्म दे डालता है। युद्ध में भारी मानवीय व आर्थिक छति होती है। इसलिए इसका विकल्प भी अन्तिम ही होता है। दिलचस्प बात यह है कि डोनाल्ड ट्रम्प कश्मीर के विवाद को हजार साल पुराना बता रहे है और वह दोनों देशों के नेताओं से मिलकर यहां काम करने की बात कह रहे है। यह उम्मीद भी जता रहे है कि इसका समाधान निकाला जा सकता है। जाहिर है ऐसे समय में जब आतंकवादी घटना को लेकर भारत-पाक एक तरह से पूर्ण युद्ध के मुहाने पर पहुंच गए थे। कश्मीर का मुद्दा उछालना थोड़ा अजीब लगता है। इस समय केवल यही बात होनी चाहिए थी कि आतंकवाद पर कैसे लगाम लगानी चाहिए। भले ही सीजफायर हो गया हो, लेकिन भारत अपनी तरफ से फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी साफ कह दिया है कि आतंकवाद पर भारत अब चुप नहीं रहेगा और यदि पहलगाम जैसी घटना दौहराई जाती है तो भारत उसे एक्ट ऑफ वॉर के रूप में लेगा। भारत ने यह भी साफ किया है कि पाकिस्तान के बीच कोई राजनायिक वार्ता फिलहाल नहीं हो रही है। सिर्फ दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों डायरेक्टर जनरज ऑफ मिलट्री के बीच सम्पर्क हुआ है ताकि सामा पर स्थिति को संभाला जा सके और जब तक पीओके का मुद्दा हल नहीं होता। तब तक कोई बातचीत मेल-मिलाप या समझौता संभव नहीं है। निसंदेह यह समय भारत के लिए बेहद चुनौती भरा है। क्योंकि उसका सामना ऐसे देश से हो रहा है जो आतंकवाद को तो पालता-पौसता ही है साथ ही जरा भी भरोसेमंद नहीं है। यह हमने सीजफायर के समझौते के बाद देखा भी है कि किस तरह उसने समझौते के बाद ड्रॉन हमला किया था। भारत इस बात को अच्छी तरह समझता है। तभी तो उसने पाक को हर तरीके से सबक सिखाने का मन बना लिया है और सीजफायर के समझौते के सम्मान करते हुए पाक की हर हरकत पर नजर भी रख रहा है और इसके लिए सेना को खुली छूट दे दी है।

## संघर्ष विराम पर ट्रम्प की घोषणा हैरान करने वाला घटनाक्रम



पाक-भारत के बीच संघर्ष विराम को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा को हैरान करने वाली है, दो देशों के बीच के मसले का अंतर्राष्ट्रीयकरण नहीं किया जाना चाहिए, पिछले 24 घंटों में बहुत तेजी से बदले में यह जानकर सबको आश्चर्य हुआ कि भारत और पाक के बीच संघर्ष विराम की घोषणा अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप करते हैं, यह शायद पहली बार हुआ है, जब सीजफायर की घोषणा सोशल मीडिया के जरिये अमेरिका के राष्ट्रपति करते हैं, उन्होंने जो अपने सोशल मीडिया पोस्ट पर लिखा है, हमें उस पर भी ध्यान देना चाहिए, भारत और पाकिस्तान के बीच जो मसला है, उसका अंतर्राष्ट्रीयकरण करना बेहद आश्चर्यजनक है, संघर्ष में सरहद के पास जिन नागरिकों की जान गई है कांग्रेस पार्टी उनके परिजनों को सांत्वना देते हुए मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित करती है।

**सचिन पायलट**
**कांग्रेस महासचिव**

# ऑपरेशन सिंदूरः आतंकवाद पर एक रणनीतिक चोट

**6 मई की देर रात जब पाकिस्तान सो रहा था, भारत ने ऑपरेशन शुरू किया, यह हमला इतना गोपनीय था कि केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही इसकी जानकारी थी गौरतलब है कि जिस तरह अमेरीका ने विदेशी धरती पर आतंकी ओसामा बिन लादेन का खात्मा एक सोची समझी रणनीति के तहत किया था, भारत ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' का उसी ढंग से अंजाम दिया है**



**रजनीश कपूर**



22 अप्रैल 2025 को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम की बैसरन घाटी में हुए आतंकी हमले ने पूरे भारत को झकझोर कर रख दिया। इस हमले में 25 भारतीय और एक नेपाली नागरिक सहित 26 लोगों की जान चली गई, जबकि 17 अन्य घायल हुए। आतंकियों ने पर्यटकों से उनकी धार्मिक पहचान पूछकर निशाना बनाया, जिससे देश में आक्रोश की लहर दौड़ गई। भारत ने इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान समर्थित आतंकी संगठनों, जैसे लश्कर-ए-तैयबा और द रेसिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ), पर डाली। इस बर्बर घटना के जवाब में भारत ने 6-7 मई 2025 की आधी रात को 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसने आतंकवाद के खिलाफ भारत की जीरो टॉलरेंस नीति को एक बार फिर दुनिया के सामने स्पष्ट कर दिया। विपक्षी पार्टियों समेत पूरे विश्व की निगाहें भारतीय सरकार पर थीं कि वो इस आतंकी हमले का कब और क्या जवाब देंगे? 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सेना, वायुसेना और नौसेना का एक संयुक्त अभियान था, जिसे राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल की देखरेख में अंजाम दिया गया। इस ऑपरेशन में भारतीय वायुसेना ने पाकिस्तान और पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर में 9 आतंकी ठिकानों पर सटीक मिसाइल हमले किए। ये हमले बहावलपुर, कोटली, मुजफ्फराबाद, मुरिदके और कराची जैसे क्षेत्रों में किए गए, जहां जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे आतंकी संगठनों के ठिकाने थे। भारतीय सेना ने 24 मिसाइलों का इस्तेमाल किया, जिसमें ब्रह्मोस और स्कैल्प मिसाइलें शामिल थीं, और करीब 70 से 100 आतंकियों को मार गिराया गया।

रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि यह ऑपरेशन पूरी तरह से आतंकी ढांचों को नष्ट करने के उद्देश्य से था, और इसमें किसी भी पाकिस्तानी सैन्य ठिकाने को निशाना नहीं बनाया गया। भारत ने लक्ष्य चयन और हमले के तरीकों में अत्यधिक संयम बरता, ताकि तनाव को बढ़ाने से बचा जा सके। बीते मंगलवार को यह हमला रात 1:44 बजे शुरू हुआ और भारतीय सुखोई-30 और राफेल फाइटर जेट ने प्रिसिजन स्ट्राइक वेपंस और लॉइटरिंग म्यूनिशन का इस्तेमाल किया। 'ऑपरेशन सिंदूर' का नाम अपने आप में एक शक्तिशाली सांस्कृतिक और भावनात्मक संदेश देता है। पहलगाम हमले में कई नवविवाहित जोड़ों की जान गई, जिससे कई महिलाओं का सुहाग उजड़ गया।

भारतीय संस्कृति में सिंदूर विवाहित महिलाओं के लिए पति की लंबी उम्र और सौभाग्य का प्रतीक है। इस हमले ने न केवल निर्दोष लोगों की जान ली, बल्कि कई परिवारों को भावनात्मक रूप से तोड़ दिया। इसलिए, इस ऑपरेशन का नाम 'सिंदूर' रखकर भारत ने न केवल पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी, बल्कि यह भी संदेश दिया कि अब हर सुहाग को महफूज रखा जाएगा। इस नाम का सुझाव खुद पीएम मोदी ने दिया था, जो इस ऑपरेशन के प्रतीकात्मक महत्व को दर्शाता है। वहीं पाकिस्तान ने इस हमले को अपनी संप्रभुता पर हमला करार दिया और इसे 'कायराना' बताया। पाकिस्तान की इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने कहा कि पाकिस्तान अपने चुने हुए समय और स्थान पर इसका जवाब देगा। पाकिस्तानी मीडिया ने दावा किया कि हमले में एक बच्चे की मौत हुई और दो लोग घायल हुए, लेकिन भारत ने स्पष्ट किया कि केवल आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया। पाकिस्तान के प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ और रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने भी इस हमले की निंदा की और जवाबी कार्रवाई की धमकी दी। भारत सरकार ने सभी सीमावर्ती राज्यों में 'मॉक ड्रिल' की शुरुआत कर दी है। इससे आम जनता को आपात स्थिति के लिए तैयार किया जा रहा है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर, भारत ने अपनी कार्रवाई को जिम्मेदार और नियंत्रित बताया। भारत ने स्पष्ट किया कि यह आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई थी, न कि पाकिस्तान के साथ युद्ध की शुरुआत। उल्लेखनीय है कि पहलगाम हमले के बाद भारत ने त्वरित कदम उठाए, जिसे पाकिस्तान ने 'युद्ध की कार्रवाई' करार दिया।

केवल 15 दिनों में भारत ने खुफिया जानकारी एकत्र की और 'ऑपरेशन सिंदूर' की रणनीति तैयार की। 6 मई की देर रात, जब पाकिस्तान सो रहा था, भारत ने ऑपरेशन शुरू किया। यह हमला इतना गोपनीय था कि केवल कुछ चुनिंदा लोगों को ही इसकी जानकारी थी। गौरतलब है कि जिस तरह अमरीका ने विदेशी धरती पर आतंकी ओसामा बिन लादेन का खात्मा एक सोची समझी रणनीति के तहत किया था, भारत ने भी 'ऑपरेशन सिंदूर' को उसी ढंग से अंजाम दिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' को देश भर में व्यापक समर्थन मिला। विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने इस कार्रवाई की सराहना की। सोशल मीडिया पर 'भारत माता की जय' और 'जय हिंद' जैसे नारे ट्रेंड करने लगे। यह ऑपरेशन पहलगाम हमले का सटीक जवाब था, जिसने आतंकी नेटवर्क को करारा झटका दिया। 'ऑपरेशन सिंदूर' न केवल एक सैन्य कार्रवाई थी, बल्कि यह भारत की आतंकवाद के खिलाफ दृढ़ प्रतिबद्धता और रणनीतिक ताकत का प्रतीक था। इसने दुनिया को दिखाया कि भारत अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकता है। यह ऑपरेशन उन मासूमों के खून का बदला था, जिन्होंने पहलगाम में अपनी जान गंवाई। साथ ही, यह एक चेतावनी भी थी कि भारत आतंकवाद को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। उम्मीद है कि जो भी राष्ट्र आतंकियों को पनाह देते हैं उन सभी के लिए यह ऑपरेशन एक कड़ा संदेश देगा।

# दयाभाव की जीवित प्रतिमूर्ति थे महात्मा बुद्ध...

## महात्मा बुद्धः हर प्राणी के लिए दया का व्रत





**श्वेता गोयल**

**माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोध वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था**

हर साल वैशाख मास की पूर्णिमा को 'बुद्ध पूर्णिमा' के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष बुद्ध पूर्णिमा 12 मई को मनाई जा रही है। माना जाता है कि 563 ई.पू. वैशाख पूर्णिमा के ही दिन लुम्बनी वन में शाल के दो वृक्षों के बीच गौतम बुद्ध का जन्म हुआ था, जिन्होंने वैशाख पूर्णिमा को ही बोध गया में बोधि वृक्ष के नीचे बुद्धत्व प्राप्त किया था। यही कारण है कि बौद्ध धर्म में बुद्ध पूर्णिमा को सबसे पवित्र दिन माना गया है। गौतम बुद्ध का वास्तविक नाम सिद्धार्थ गौतम था। गौतम उनका गौत्र था किन्तु कालांतर में वह सिद्धार्थ गौतम, महात्मा बुद्ध, भगवान बुद्ध, गौतम बुद्ध, तथागत आदि विभिन्न नामों से जाने गए। बचपन से ही राजकुमार सिद्धार्थ घंटों एकांत में बैठकर ध्यान किया करते थे लेकिन फिर भी उन्होंने पुत्र जन्म तक सांसारिक सुखों का उपभोग किया परन्तु धीरे-धीरे उनका मन सांसारिक सुखों से उचाट होता गया।

सिद्धार्थ मन की शांति पाने के उद्देश्य से एक दिन भ्रमण के लिए अपने सारथी छेदक को साथ लेकर रथ में सवार हो महल से निकल पड़े। रास्ते में उनका मनुष्य की दु:ख की चार घटनाओं से साक्षात्कार हुआ। जब उन्होंने दु:ख के इन कारणों को जाना तो मोहमाया और ममता का परित्याग कर पूर्ण सन्यासी बन गए। सबसे पहले उन्होंने मार्ग में एक रोगी व्यक्ति को देखा और सारथी से पूछा कि 'यह प्राणी कौन है और इसकी यह कैसी दशा है?' सारथी ने बताया कि यह भी एक मनुष्य है और इस समय यह बीमार है। इस दुनिया में हर व्यक्ति को अपने जीवन में कभी न कभी रोगी होकर दु:खों का सामना करना ही पड़ता है।

आगे बढ़ने पर सिद्धार्थ ने मार्ग से गुजरते एक वृद्ध, निर्बल व कृशकाय व्यक्ति और उसके बाद एक मृत व्यक्ति की अर्थी ले जाते विलाप करते लोगों को देखा तो हर बार सारथी से उसके बारे में पूछा। सारथी ने एक-एक कर उन्हें मनुष्य की इन चारों अवस्थाओं के बारे में बताया कि हर व्यक्ति को कभी न कभी बीमार होकर कष्ट झेलने पड़ते हैं। बुढ़ापे में काफी दु:ख झेलने पड़ते हैं, उस अवस्था में मनुष्य दुर्बल व कृशकाय होकर चलने-फिरने में भी कठिनाई महसूस करने लगता है और आखिर में उसकी मृत्यु हो जाती है। सिद्धार्थ यह रहस्य जानकर बहुत दु:खी हुए। आगे उन्हें एक साधु नजर आया, जो बिल्कुल शांतचित्त था। साधु को देख सिद्धार्थ के मन को अपार शांति मिली और उन्होंने विचार किया कि साधु जीवन से ही मानव जीवन के इन दुखों से मुक्ति संभव है। बस फिर क्या था, देखते ही देखते सिद्धार्थ सांसारिक मोहमाया के जाल से बाहर निकलकर पूर्ण वैरागी बन गए और एक दिन रात्रि के समय पत्नी यशोधरा तथा पुत्र राहुल को गहरी नींद में सोता छोड़ उन्होंने घर-परिवार और राजसी सुखों का परित्याग कर दिया तथा सत्य एवं ज्ञान की खोज में एक स्थान से दूसरे स्थान पर भटकते रहे। उन्होंने छह वर्षों तक जंगलों में कठिन तप किया और सूखकर कांटा हो गए किन्तु ज्ञान की प्राप्ति न हो सकी। उसके बाद उन्होंने शारीरिक स्वास्थ्य व मानसिक शक्ति प्राप्त की और बोध गया में एक पीपल के वृक्ष के नीचे बैठकर गहन चिंतन में लीन हो गए तथा मन में दृढ़ निश्चय कर लिया कि इस बार ज्ञान प्राप्त किए बिना वे यहां से नहीं उठेंगे।

सात सप्ताह के गहन चिंतन-मनन के बाद वैशाख मास की पूर्णिमा को 528 ई.पू. सूर्योदय से कुछ पहले उनकी बोधदृष्टि जागृत हो गई और उन्हें पूर्ण ज्ञान की प्राप्ति हो गई। उनके चारों ओर एक अलौकिक आभा मंडल दिखाई देने लगा। उनके पांच शिष्यों ने जब यह अनुपम दृश्य देखा तो उन्होंने ही राजकुमार सिद्धार्थ को पहली बार 'तथागत' कहकर संबोधित किया। 'तथागत' यानी सत्य के ज्ञान की पूर्ण प्राप्ति करने वाला। पीपल के जिस वृक्ष के नीचे बैठकर सिद्धार्थ ने बुद्धत्व प्राप्त किया, वह वृक्ष 'बोधिवृक्ष' कहलाया और वह स्थान, जहां उन्होंने यह ज्ञान प्राप्त किया, बोध गया के नाम से विख्यात हुआ तथा बुद्धत्व प्राप्त करने के बाद ही सिद्धार्थ को 'महात्मा बुद्ध' कहा गया। महात्मा बुद्ध मन की साधना को ही सबसे बड़ी साधना मानते थे। अपने 80 वर्षीय जीवनकाल के अंतिम 45 वर्षों में उन्होंने दुनियाभर में घूम-घूमकर बौद्ध धर्म का प्रचार किया और लोगों को उपदेश दिए।

## आतंकवाद के विरुद्ध प्रतिरोध और शौर्य का प्रतीक बना 'ऑपरेशन सिंदूर'

# आतंक के गढ़ में भारत का निर्णायक प्रहार...




**ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा**



**योगेश कुमार गोयल**

भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब 15 दिन बाद 'ऑपरेशन सिंदूर' के माध्यम से देकर एक बार फिर यह जता दिया है कि अब वह न तो चुप रहेगा और न ही आतंकी हमलों को बर्दाश्त करेगा। इस हमले में भारत के 26 निर्दोष लोगों की जान गई थी और यह हमला स्पष्ट रूप से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों से ही संचालित किया गया था। इसके सटीक जवाब में भारत ने 7 मई सुबह डेढ़ बजे पाकिस्तान और पाक अधिकृत कश्मीर (पीओ.के) में आतंकियों के 9 ठिकानों को ध्वस्त करते हुए 'ऑपरेशन सिंदूर' को अंजाम दिया। भारत की यह एक सुनियोजित, सीमित और सटीक सैन्य कार्रवाई थी, जिसका उद्देश्य स्पष्ट था, आतंकवाद को उसी की जमीन पर कुचलना। इस ऑपरेशन को 'सिंदूर' नाम देना भारत की सांस्कृतिक और भावनात्मक सोच को दर्शाता है। 'सिंदूर' एक ओर जहां भारतीय संस्कृति में शक्ति, सौभाग्य और सम्मान का प्रतीक है, वहीं इस संदर्भ में यह उन शहीदों के बलिदान की लालिमा भी है, जिनकी शहादत का बदला लेने के लिए यह कार्रवाई की गई।

ऑपरेशन सिंदूर के जरिये भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि यह ऑपरेशन केवल उन आतंकी ढ़ांचों के विरुद्ध था, जो लगातार भारत में घुसपैठ, आत्मघाती हमले और हथियारों की तस्करी को बढ़ावा दे रहे थे। बहावलपुर जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ है, वहीं मुजफ्फराबाद और कोटली लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे संगठनों के लिए लांच पैड के रूप में काम आते हैं। इन स्थानों पर हुए हमलों के माध्यम से भारत ने उन आतंकी गुटों की कमर तोड़ने की कोशिश की है, जो वर्षों से भारत को अस्थिर करने की कोशिश में लगे हुए थे। इस ऑपरेशनके जरिये भारत ने अपने नागरिकों को यह भरोसा भी दिलाया है कि देश की सुरक्षा महज कागजों तक सीमित नहीं है बल्कि उसे धरातल पर भी लागू किया जा रहा है। ऑपरेशन सिंदूर यह विश्वास पैदा करता है कि अब भारत किसी भी आतंकी हरकत का जवाब उसी भाषा में देगा और अपने सैनिकों और नागरिकों की शहादत व्यर्थ नहीं जाने देगा। यह संदेश केवल पाकिस्तान के लिए ही नहीं बल्कि उन ताकतों के लिए भी है, जो सीमा पार से भारत के खिलाफ जंग छेड़े हुए हैं।

भारतीय वायुसेना ने इस ऑपरेशन के तहत अत्याधुनिक मिसाइलों का इस्तेमाल करते हुए बहावलपुर, मुजफ्फराबाद, कोटली, मुरीदके, बाघ और पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की कुछ आतंक-प्रवण लोकेशनों पर हमलाकर पूरी दुनिया को यह दिखा दिया है कि आतंकवाद से निपटने के लिए उसे अब किसी की अनुमति की आवश्यकता नहीं है और वह अपने नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव कदम उठाने को तैयार है। इस ऑपरेशन की योजना और क्रियान्वयन अत्यंत गोपनीय और तकनीकी रूप से उन्नत स्तर पर हुई। भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 22 अप्रैल के हमले के बाद जिस तेजी से पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों की पहचान की और सेना के साथ समन्वय किया, वह भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति की परिपक्वता का प्रमाण है। रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान में स्पष्ट किया गया है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य केवल आतंकवाद के अड्डों को निशाना बनाना था, न कि पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों या नागरिक आबादी को। इस ऑपरेशन के दौरान भारत ने कुल 24 मिसाइलें दागी, जिनमें से अधिकांश लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद जैसे आतंकी संगठनों के ठिकानों पर सटीकता से गिरी।

बताया जा रहा है कि इन हमलों में कई आतंकियों के मारे जाने की खबर है, जिनमें लश्कर और जैश के कई शीर्ष कमांडर भी शामिल हैं, जो भारत में आतंकी हमलों की योजना बनाते रहे हैं। पाकिस्तान का स्थानीय मीडिया और प्रशासन पहले इस हमले को नकारते रहे, फिर अलग-अलग बयान देकर भ्रम फैलाने की कोशिश की। पाकिस्तानी सेना के आईएसपीआर प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल अहमद शरीफ चौधरी ने दावा किया कि भारत ने 6 अलग-अलग स्थानों पर मिसाइलें दागी, जिनमें 8 नागरिकों की मौत हुई। वहीं दूसरी ओर, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने जियो टीवी पर दावा किया कि भारत ने अपने ही हवाई क्षेत्र से हमला किया और मिसाइलें रिहायशी इलाकों पर गिरी। पाकिस्तान के दावे आपस में ही विरोधाभासी हैं, जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि वे न तो इस हमले के लिए तैयार थे और न ही उनके पास इसकी ठोस जानकारी है। वहीं, भारत ने इस ऑपरेशन के तुरंत बाद अमेरिका को इस कार्रवाई की जानकारी दी। राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल ने अमेरिकी एनएसए और विदेश मंत्री मार्को रुबियो से बात कर उन्हें स्पष्ट रूप से बताया कि यह कार्रवाई पूरी तरह आतंकवाद के खिलाफ थी, न कि पाकिस्तान की संप्रभुता के विरुद्ध। भारतीय दूतावास ने अमेरिका में बयान जारी कर बताया कि भारत ने किसी भी पाकिस्तानी नागरिक, सैन्य या आर्थिक ठिकानों को निशाना नहीं बनाया, केवल उन्हीं आतंकी शिविरों पर हमला किया गया, जो भारत के खिलाफ साजिश रच रहे थे। इस ऑपरेशन के पूरे समय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसकी निगरानी कर रहे थे। उन्होंने सेना को पूर्ण स्वतंत्रता दी थी और इस ऑपरेशन की बारीकियों पर लगातार नजर बनाए रखी। ऑपरेशन पूरा होने के बाद भारतीय सेना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर 'जस्टिस इज सर्व्ड' यानी 'न्याय हो गया' लिखा जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 'भारत माता की जय' के नारे के साथ इस कार्रवाई को राष्ट्र के प्रति समर्पित किया। इस ऑपरेशन के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव और बढ़ना स्वाभाविक था। पाकिस्तान की ओर से फायरिंग और जवाबी बयानबाजी जारी रही।

## बच्चों के लिए एंटीबायोटिक का इस्तेमाल हो सकता है खतरनाक

आजकल बच्चों को मामूली सी बीमारी में एंटीबायोटिक खिलाना आम बात हो गई है। हालांकि यह चिंता की बात नहीं है। ऐसा इसलिए भी क्योंकि एंटीबायोटिक दवाओं का अधिक इस्तेमाल या फिर बिना सोच-समझकर देना बच्चों की सेहत के लिए खतरनाक हो सकता है। भले ही एंटीबायोटिक दवा बैक्टीरिया से होने वाले संक्रमण हो ठीक करती हैं, लेकिन अगर आप बार-बार या फिर गलत तरीके से इसे देते हैं, तो इसका आपके शरीर पर उल्टा असर हो सकता है।

### एंटीबायोटिक दवाएं...

जब बच्चे को बार-बार एंटीबायोटिक दी जाती है, तो कुछ बैक्टीरिया इन एंटीबायोटिक से लड़ना सीख जाते हैं। इससे यह दवा काम नहीं करती है और मामूली संक्रमण भी खतरनाक बन जाते हैं।

### कम हो जाती है ताकत...

अगर हर बार बच्चे को दवा दी जाती है, तो शरीर को बीमारी से खुद लड़ने का मौका नहीं मिल पाता है। इससे भी बच्चे का इम्यूनिटी सिस्टम कमजोर हो जाता है। इससे बार-बार वह बीमार पड़ने लगते हैं।

### खराब पाचन...

एंटीबायोटिक दवा सिर्फ बुरे बैक्टीरिया ही नहीं बल्कि अच्छे बैक्टीरिया को भी मार देती है। इसमें वह बैक्टीरिया भी होते हैं, जो पेट को सही रखने में मदद करते हैं। इससे पेट दर्द, अपच और गैस की समस्या हो सकती है।

### एलर्जी का खतरा...

कुछ बच्चों को एंटीबायोटिक देने से खुजली, रैश या फिर सांस लेने में परेशानी जैसी समस्या हो सकती है। इसलिए बेहतर है कि उनको एंटीबायोटिक न दें और अगर दे रहे हैं, तो डॉक्टर से सलाह जरूर लें।

### वायरल बीमारी...

सर्दी-जुकाम या फ्लू जैसे वायरल संक्रमण होने पर एंटीबायोटिक काम नहीं करती है। अगर एंटीबायोटिक दी भी जाती है, तो वह सिर्फ नुकसान करती है। इसलिए बेहतर होगा कि आप बच्चे को दवा न दें।

### पेट दर्द जैसे साइड इफेक्ट्स...

दवा के कारण बच्चों को उल्टी, मतली, पेट दर्द या फिर चकत्ते जैसे दुष्प्रभाव हो सकते हैं। हालांकि कुछ मामलों में यह लक्षण हल्के होते हैं और खुद से ठीक हो जाते हैं। लेकिन अगर यह लक्षण अधिक बढ़ जाते हैं, तो बच्चे को परेशानी होती है। ऐसी स्थिति में फौरन डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

# भारत-पाक का सीजफायर देख पुतिन का मन पिघला

## यूक्रेन से बातचीत को बढ़ाया हाथ



**मास्को।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के साथ सीधी बातचीत का आह्वान किया। पुतिन ने रविवार को कहा कि हम गंभीर बातचीत चाहते हैं। संघर्ष के मूल कारणों को दूर करने और एक स्थाई, मजबूत शांति की ओर बढ़ने के लिए। यह बयां यूरोपीय नेताओं में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रोन के यूक्रेन का दौरा करने और रूस से बिना शर्त 30-दिवसीय युद्धविराम पर सहमत होने का आग्रह करने के कुछ घंटों बाद आया। क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेसकोव ने जवाब में कहा था कि मास्को को इस पर विचार करना होगा, लेकिन चेतावनी दी, हम पर दबाव डालने की कोशिश करना बिल्कुल बेकार है। पुतिन ने कहा कि वह इस संभावना से इनकार नहीं करेंगे की वार्ता के परिणामस्वरूप रूस और यूक्रेन नए युद्धविराम, एक नए युद्धविराम पर सहमत हो सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, रूस के नेता ने कहा कि वह रविवार को तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन से बात करेंगे और विवरण पर चर्चा करेंगे। यूरा. ेपीय नेताओं ने यूक्रेन का दौरा किया और एक महीने के युद्धविराम का आह्वान किया। फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन और पोलैंड के नेता तथाकथित इच्छुक गठबंधन का हिस्सा थे। यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर ज़ेलेंस्की द्वारा मेजबानी की गई और इन देशों के नेताओं ने यात्रा के दौरान एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में भाग लिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर पुतिन बिना शर्त 30-दिवसीय युद्ध विराम पर सहमत नहीं होते हैं, तो रूस के ऊर्जा और बैंकिग क्षेत्रों पर नए एवं बड़े पैमाने पर प्रतिबंध लगाए जाएंगे।

## बहरीन ने की सीरिया के साथ सहयोग बढ़ाने पर की चर्चा

**मनामा।** बहरीन ने विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने को लेकर सीरिया के साथ चर्चा की है। यह जानकारी विदेश मंत्री अब्दुल्लातिफ बिन राशिद अल ज़ायनी ने शनिवार को सीरिया के राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के बहरीन के दौरे के दौरान दी।

सीरिया के विदेश मंत्री असद अल-शैबानी के साथ संवाददाताओं को संबोधित करते हुए अल जायनी ने कहा कि बहरीन के राजा हमद बिन ईसा अल खलीफा ने अल-शरा के साथ व्यापक बातचीत की, जिसमें दोनों देशों के बीच गहरे भाईचारे के संबंधों पर बातचीत हुई। चर्चा व्यापार, नागरिक उड्डयन, ऊर्जा, स्वास्थ्य और शिक्षा सहित क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित थी। उन्होंने कहा कि दोनों पक्षों ने सीरिया में नवीनतम घटनाक्रमों की भी समीक्षा की, जिसमें सुरक्षा, स्थिरता और सामाजिक एकता को बनाए रखने के राष्ट्रीय प्रयास शामिल हैं।

## हसीना विरोधी प्रदर्शनकारियों को संयम बरतने की दी सलाह

गहमागहमी



ढाका में हसीना विरोधी प्रदर्शनकारियों को संयम बरतने के लिए कहा गया, सुरक्षा की दृष्टि से लगाए गए बैरिकेड्स।

## पांच बांग्लादेशी नागरिकों को 12 दिन की जेल

**अगरतला।** त्रिपुरा के उनोकोटी जिले के कैलाशहर की एक स्थानीय अदालत ने शनिवार को पांच बंगाद. ेशी नागरिकों को बिना वैध दस्तावेजों के अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार करने के आरोप में 12 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने शुक्रवार रात देपाछरा गांव से एक वर्षीय बच्चे समेत तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। पूछताछ के दौरान, उन्होंने जिले के पेचारथल थाना क्षेत्र के मचमारा में रहने वाले दो अन्य लोगों के ठिकाने का खुलासा किया। आरोपियों को उन दो स्थानों पर ले गई, जहां बंगलादेशी नागरिक छिपे हुए थे और पता चला कि सभी पांच बंगलादेश मौलवीबाजार जिले के निवासी हैं और उनका भारतीय घरवालों से संबंध है।

# आस्ट्रेलिया में एक टन कोकीन के साथ पांच लोग गिरफ्तार

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया की पुलिस ने देश के पूर्वी तट पर एक नाव पर एक टन से अधिक कोकीन के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस (एएफपी) और न्यू साउथ वेल्स (एनएसडब्ल्यू) राज्य की पुलिस ने रविवार को एक संयुक्त मीडिया विज्ञप्ति में यह जानकारी दी।

विज्ञप्ति के अनुसार एनएसडब्ल्यू पुलिस बल और एएफपी अधिकारियों ने शुक्रवार की सुबह उत्तरी एनएसडब्ल्यू में नम्बुका हेड्स के तट से लगभग नौ समुद्री मील दूर जहाज को रोका। नाव पर कोकीन के लगभग 1,110 ब्लॉक पाए गए, जिनका वजन 1,039 किलोग्राम था और बाजार मूल्य 6234 लाख ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (लगभग 3997 लाख अमे. रिकी डॉलर) है। इस सिलसिले में 24 और 26 वर्ष की आयु के दो लोगों को नाव पर गिरफ्तार किया गया और किनारे पर ले जाया गया। उसी समय, 28, 29 और 35 वर्ष की आयु के तीन अन्य लोगों को तट पर गिरफ्तार किया गया। नाव पर सवार दो लोगों पर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति करने और एक आपराधिक समूह में भाग लेने का आरोप लगाया गया है। अन्य तीन लोगों पर बड़ी मात्रा में प्रतिबंधित दवाओं की आपूर्ति करने और एक आपराधिक समूह में भाग लेने का आरोप लगाया गया है। एनएसडब्ल्यू पुलिस ने कहा कि उसने 28 अप्रैल को दक्षिणी सिडनी में बड़ी मात्रा में नकदी के साथ 13 मीटर की नाव की ष्संदिग्धष खरीद के संबंध में खुफिया जानकारी प्राप्त करने के बाद जांच शुरू की। एएफपी के सहायक आयुक्त स्टीफन डेमेटो ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया की विशाल तटरेखा संगठित अपराध समूहों के लिए आकर्षक है, लेकिन तस्करी के तरीके का उपयोग करने वाले अपराधी अपनी स्वतंत्रता और अपने जीवन दोनों को जोखिम में डालते हैं।

# खत्म होगी हसीना की अवामी लीग की मान्यता

## बांग्लादेश के चुनाव आयोग को अंतरिम सरकार की औपचारिक अधिसूचना का इंतजार

**ढाका।** बांग्लादेश के चुनाव आयोग (ईसी) ने रविवार को कहा कि वह पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग पार्टी के पंजीकरण को रद्द करने पर फैसला लेने से पहले सरकार की अधिसूचना का इंतजार कर रहा रहा है। यह कदम तब उठाया जा रहा है, जब मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार ने आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ए.एम.एम. नासिर उद्दीन ने पत्रकारों से कहा, अगर सरकारी अधिसूचना सोमवार को प्रकाशित होती है, तो हम बैठक कर अवामी लीग की मान्यता के मुद्दे पर चर्चा करेंगे। बांग्लादेश के कानून के अनुसार, अगर चुनाव आयोग अवामी लीग का पंजीकरण रद्द कर दिया जाता है, तो यह पार्टी आगामी आम चुनाव में हिस्सा नहीं ले पाएगी। अगले आम चुनाव दिसम्बर 2025 से जून 2026 के बीच होने की संभावना है। अंतरिम सरकार की कैबिनेट (सलाहकार परिषद) ने शनिवार रात आतंकवाद विरोधी कानून के तहत अवामी लीग की सभी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगा। इनमें आनलाइन गतिविधियां भी शामिल हैं। यूनुस के कार्यालय ने एक बयान में कहा कि इस संबंध में आधिकारिक अधिसू. चना अगले कार्यदिवस ॎसोमवारॎ को जारी की जाएगी। बयान में कहा गया, यह प्रतिबंध तब तक लागू रहेगा, जब तक बांग्लादेश के अंतर्राष्ट्रीय अपराध न्यायाधिकरण में अवामी लीग और उसके नेताओं पर मुकदमा पूरा नहीं हो जाता। बयान में इसका मकसद देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा बताया गया है।

### शेख हसीना को पीएम बताने पर स्थानीय मीडिया हाउस के कार्यालय में आग लगाई

**खुलना।** बंगलादेश में श्रीमती शेख हसीना को प्रधानमंत्री बताने पर स्थानीय मीडिया हाउस के कार्यालय में आग लगा दी गई है। खुलना में डेली देश शोंगजोग नामक एक स्थानीय मीडिया प्रकाशन के कार्यालय में हसीना को प्रधानमंत्री बताने पर आग लगा दी गई। आगजनी के इस हमले के अपरा. धियों का पता नहीं चल पाया है। डेली ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के अनुसार मुंशी महबूबुल आलम सोहाग अखबार के संपादक हैं। वह अवामी लीग की खुलना महानगर इकाई के कार्यालय सचिव के रूप में भी काम करते हैं।

# अपने परमाणु अधिकारों से पीछे नहीं हटेगा ईरानः अब्बास अराघची



**दोहा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने अमेरिका के साथ परमाणु कार्यक्रम को लेकर चल रहे विवाद के बीच अपना रुख पूरी तरह से साफ कर दिया है। उन्होंने अमेरिका को कड़ा संदेश देते हुए कहा कि अगर अमेरिका का मकसद ईरान को उसके परमाणु अधिकारों से वंचित करना है, तो ईरान कभी पीछे नहीं हटेगा। बता दें कि यह बयान उन्होंने कतर की राजधानी दोहा में दिया, जहां ईरान और अमेरिका के बीच ओमान में होने वाली अगली परमाणु वार्ता से एक दिन पहले वे पत्रकारों से बात कर रहे थे। अराघची ने साफ कहा कि अगर बातचीत का उद्देश्य ईरान के परमाणु अधिकार छीनना है, तो हम बिल्कुल भी पीछे नहीं हटेंगे। अमेरिका और इस्राइल परमाणु समझौते को लेकर लगातार ईरान को धमकी देता रहा है। हालांकि ईरान ने हमेशा कहा है कि उसका परमाणु कार्यक्रम शांतिपूर्ण और नागरिक उद्देश्यों के लिए है, न कि हथियार बनाने के लिए। इसको लेकर अराघची ने कहा कि हम अमेरिका से सीधी बातचीत नहीं कर रहे हैं, लेकिन अपने अधिकारों पर जोर दे रहे हैं। अगर बातचीत का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि ईरान परमाणु हथियार नहीं बनाएगा, तो समझौता संभव है। लेकिन अगर हमारा अधिकार छीनने की कोशिश हुई, तो हम कभी नहीं मानेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विटकाफ ने शुक्रवार को कहा था कि ईरान के नवाचार केंद्रों को पूरी तरह खत्म करना होगा, तभी कोई समझौता संभव है। गौरतलब है कि ट्रंप ने अमेरिका को 2015 में हुए परमाणु समझौते से अलग कर लिया था और धमकी दी थी कि अगर नया समझौता नहीं हुआ, तो ईरान पर सैन्य हमला किया जा सकता है। ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु कार्यक्रम को लेकर विवाद के कारण पर प्रकाश डाले तो अमेरिका चाहता है कि ईरान अपने अत्यधिक संवर्धित यूरेनियम का उत्पादन बंद करे, क्योंकि उसे शक है कि इसका इस्तेमाल परमाणु हथियार बनाने में किया जा सकता है। दूसरी ओर ईरान का कहना है कि उसे शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए यूरेनियम संवर्धन का अधिकार है। लेकिन वह मानता है कि उसकी अर्थव्यवस्था पर लगे अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंधों को हटाने के लिए वह कुछ समझौते करने को तैयार है।

# पाक पीएम ने मददगार मुल्कों को कहा शुक्रिया

## भारत ने पहले हमला कियाः शहबाज



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भारतीय समय के मुताबिक शनिवार देर रात फिर झूठा दावा किया। उन्होंने कहा कि भारत ने पाकिस्तान पर पहले हमला किया। शहबाज ने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष रुकवाने में अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा किया। उन्होंने भारत के खिलाफ साथ देने के लिए सऊदी अरब, तुर्किए और चीन को भी धन्यवाद दिया।

हम दुश्मन पर फिर से भारी पड़े हैं। मैं असीम मुनीर (पाकिस्तान आर्मी चीफ) समेत सभी अफसरों को सलाम पेश करता हूं। हमें आप पर नाज है। हम इस जंग को अंजाम तक पहुंचाकर दम लेंगे। पाकिस्तान की इज्जत के लिए फौज और अवाम दोनों काबिल हैं। हम लश्कर बनकर दुश्मन का मुकाबला करेंगे और दुश्मन को शिकस्त देंगे। हम आपके जज्बे को सलाम पेश करते हैं, क्योंकि आप (सेना) सच्चाई के लिए लड़ रहे हैं। भारत बेशक 100 प्रतिशत एकतरफा फैसले कर ले मगर उससे हकीकत नहीं बदलेगी। दहशतगर्दी से सबसे ज्यादा परेशान मुल्क पाकिस्तान है।

हमने दहशतगर्दी के खिलाफ जंग में 90 हजार लोगों को गंवाया। 152 अरब डालर का नुकसान बर्दाश्त किया है। पहलगाम हमले की आड़ में पाकिस्तान पर हमला बेबुनियाद है। अमन पसंद मुल्क के तौर पर पाकिस्तान ने पहलगाम वाकए की जांच की पेशकश की थी, लेकिन भारत ने कानून न मानते हुए गलत रास्ता अख्तियार किया। जम्मू-कश्मीर एक मुसलमा तनाजा था, है और उस वक्त तक रहेगा, जब तक कश्मीरी भाइयों को उनका हक नहीं मिल जाता।

दुश्मनों ने निहत्थे लोगों पर हमला कर खुद को ताकतवर समझा, लेकिन पाकिस्तान मुंहतोड़ जवाब देना जानता है।

हम अपनी सेना की दिलेरी को सलाम करते हैं, जिन्होंने भारत को जवाब दिया है। पाकिस्तानी वायु सेना ने अपने सरहद के भीतर रहते हुए दुश्मनों के जहाजों के परखच्चे उड़ा दिए।

## पाक एयरफोर्स दुनिया में सबसे बेहतरः बुखारी



**इस्लामाबाद।** पंजाब की सूचना मंत्री आजमा बुखारी ने पाकिस्तानी एयर फोर्स की तारीफ की है। उन्होंने डेली टाइम्स से कहा कि पाकिस्तानी एयरफोर्स की कामयाबी ने भारत को पीछे हटने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने दिखा दिया कि पाकिस्तान की एयरफोर्स दुनिया की सर्वश्रेष्ठ वायुसेना में से एक है। इनकी वजह से ही भारत को अपने घुटने टेकने पड़े। विदेशों में रह रहे पाकिस्तानी प्रवासियों ने भी पाकिस्तानी एयरफोर्स की तारीफ की है। लंदन में रहने वाले पाकिस्तानी हसन डार ने पीटीवी न्यूज से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तानी एयरफोर्स की सफलता ऐतिहासिक है। इनके किस्से आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेंगी। ब्रिटेन में रहने वाले एक शख्स ने पाकिस्तानी सेना की तारीफ की और आर्मी चीफ को पाकिस्तानी सिपाही सलार यानी सैनिकों का नेता बताया।

# घुसपैठ रोकने को भारत-नेपाल हुए एकजुट

**काठमांडू/नई दिल्ली।** नेपाल और भारत के सुरक्षा बलों ने बर्दिया और भारत के बीच 83 किलोमीटर खुले सीमा क्षेत्र के 20 बिदुओं पर निगरानी बढ़ा दी है ताकि घुसपैठ रोकी जा सके।

इस क्षेत्र का अधिकतर हिस्सा भारत के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य और घने वन क्षेत्रों से सटा हुआ है, जिन्हें उच्च जोखिम वाले क्षेत्र माना जाता है। काठमांडू पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, बर्दिया की मुख्य जिला अधिकारी रुद्रदेवी शर्मा ने कहा कि नेपाल के सशस्त्र पुलिस बल (एपीएफ), नेपाल पुलिस और भारत के सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) की ओर से नो-मैन्स-लैंड में संयुक्त गश्त की जा रही है। गणेशपुर-लौकही कॉरिडोर को बर्दिया जिला प्रशासन कार्यालय ने उच्च जोखिम वाला क्षेत्र बताया है। सुरक्षा कड़ी करने के लिए वहां प्रवेश पर सख्त नियम लागू किए गए हैं, जिनके तहत लोगों को चेकपॉइंट्स पर अपनी पहचान दर्ज करानी होगी। यह कदम आपराधिक गतिविधियों जैसे अवैध सीमा पार आवागमन, फरारी अपराधी, मादक पदार्थों और मानव तस्करी जैसी चिताओं के चलते उठाया गया है, जो स्थानीय और क्षेत्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन सकते हैं। यह क्षेत्र सीमावर्ती और निगरानी की कमजोर व्यवस्था के कारण सुरक्षा एजेंसियों के लिए चुनौती बना हुआ है।

अब सख्त निगरानी और संयुक्त प्रयासों के जरिए रणनीतिक प्रवेश बिंदुओं पर नियंत्रण तथा सीमा पार अपराधों को रोकने की कोशिश की जा रही है। अब सीमा पार करने वाले लोगों को यात्रा का उद्देश्य, गंतव्य, वापसी की तारीख और मिलने वाले व्यक्ति की जानकारी देना अनिवार्य कर दिया गया है। वैध पहचान पत्र भी जरूरी है। यह सख्ती हाल ही में पहलगाम, कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत-पाक तनाव बढ़ने के चलते की गई है। कड़ी सुरक्षा और बढ़ती सतर्कता के कारण लौकही और बलैगांव जैसे भारतीय सीमावर्ती शहरों में नेपाली नागरिकों की आवाजाही में कमी देखी गई है।

## विदेश मंत्रालय नेपाली नागरिकों के संपर्क में

**काठमांडू।** नेपाल के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान और भारत में पढ़ रहे छात्रों के साथ नियमित संपर्क में है। मंत्रालय ने एक बयान में रविवार को कहा कि सरकार हाल के घटनाक्रम से पूरी तरह अवगत है और पाकिस्तान में नेपाली नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए काम कर रही है।

पाकिस्तान में नेपाली दूतावास छात्रों और नेपाली नागरिकों के साथ नियमित संपर्क में है। नेपाल समाचार ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि मंत्रालय ने नेपाली छात्रों और उनके माता-पिता से आग्रह किया कि वे कोई भी तात्कालिक सहायता के लिए इस्लामाबाद में नेपाली दूतावास से संपर्क करें। इसी प्रकार, भारत स्थित नेपाली दूतावास ने नेपालियों से आपातकालीन स्थिति में सुरक्षा एवं आपातकालीन सेवाओं के निकटतम स्थान की पहचान कर सतर्क एवं सुरक्षित रहने का आग्रह किया है। पाकिस्तान में पढ़ रहे कुछ नेपाली छात्रों ने सरकार से उन्हें निकालने की गुहार लगाई है। काठमांडू पोस्ट ने कहा पाकिस्तान स्थित नेपाली दूतावास के अनुसार, वहां मौजूद लगभग 100 नेपाली छात्र सुरक्षित हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी की सांसद सुमना श्रेष्ठ ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर एक छात्र का ईमेल साझा किया, जिसमें तनाव की स्थिति का वर्णन किया गया है। ईमेल के आधार पर श्रेष्ठ ने विदेश मंत्री आरजू राणा देउबा को एक पत्र लिखकर पाकिस्तान में नेपाली छात्रों की स्थिति का वर्णन किया।

# कार्रवाईः केकड़े रखने में चीन के तीन नागरिक गिरफ्तार

**टोक्यो।** जापान की पुलिस ने भारी संख्या में केकड़े रखने के आरोप में चीन के तीन नागरिकों को गिरफ्तार किया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार तीन संदिग्धों, लियाओ झिबिन, सोंग झेनहाओ और गुओ जियावेई को बुधवार को अमामी द्वीप पर 160 किलोग्राम (353 पाउंड) जीवित केकड़े रखने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, अमामी ओशिमा द्वीप के एक शहर अमामी में एक होटल कर्मचारी ने पर्यावरण अधिकारियों को सूचित किया, जब उसने कई सूटकेसों में कुछ संदिग्ध देखा, जिस पर तीनों व्यक्तियों ने होटल के कर्मचारियों से नजर रखने को कहा था। यहां की एक पुलिस अधिकारी ने सीएनएन को बताया, उन्होंने एक सूटकेस से सरसराहट की आवाज सुनी, जिसे भंडारण में रखा जा रहा था। पुलिस के अनुसार अधिकारी बाद में होटल पहुंचे और सर्पिल-खोल वाले हर्मिट केकड़े छह सूटकेसों में भरे हुए पाए। क्योडो न्यूज के अनुसार, बुधवार को होटल में बिना अनुमति के केकड़े रखने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया।

### लंका में सड़क हादसे में 11 की मौत, 25 घायल

**कोलंबो।** लंका के मध्य प्रांत में स्थित कोटमाले में रविवार सुबह बस दुर्घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और करीब 25 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घायलों को इलाज के लिए क्षेत्रीय अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और दुर्घटना के कारणों का अभी पता नही चल पाया है। पुलिस ने पहले बताया था कि दुर्घटना में आठ लोगों की मौत हो गई और 30 से अधिक लोग घायल हो गए। लंका में सड़क दुर्घटनाएं अक्सर होती रहती हैं।